e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 67

शनिवार

11.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

सफलता का आनंद उठाने के लिए जरूरी है, की इंसान कठिनाईयों से गुजरकर इस तक पहुंचे।

ताजा खबरों के लिए देखें




**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## क्विक न्यूज

### कर्नाटक चुनाव : भाजपा ने बनाई दो चुनाव समिति

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मई में होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य की चुनाव प्रचार समिति और चुनाव प्रबंधक समिति का गठन किया है। चुनाव प्रचार समिति की कमान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और चुनाव प्रबंधक समिति की कमान शोभा करंदलाजे को सौंपी गई है। कर्नाटक में लिंगायत और वोक्कालिगा दो बड़े समुदाय हैं। दोनों राज्य की राजनीति को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं। इसी को देखते हुए लिंगायत समाज से आने वाले बोम्मई और वोक्कालिगा से आने वाली शोभा करंदलाजे को समितियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। चुनाव प्रचार समिति में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा सहित तीन केंद्रीय मंत्री मिलाकर कुल 25 सदस्य हैं। वहीं चुनाव प्रबंधक समिति में दो केंद्रीय मंत्रियों सहित 14 सदस्य हैं।

### बीएसएफ भर्तियों में पूर्व-अग्निवीरों को मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में होने वाली भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है। इसके लिए बीएसएफ के जनरल ड्यूटी कैडर रिक्रूटमेंट रूल्स, 2015 में संसोधन किया है। मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से 6 मार्च का इसमें बदलाव की जानकारी दी थी। नए नियम गुरुवार (9 मार्च) से लागू हो गये है। गृह मंत्रालय के अनुसार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की भर्तियों में पूर्व-अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। केन्द्र सरकार पूर्व अग्निवीरों के लिए ऊपरी आयु-सीमा मानदंडों में ढील भी दे रही है। जो इस बात पर निर्भर करेगा कि वे पहले बैच का हिस्सा हैं या बाद के बैचों का हिस्सा हैं। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, कॉस्टेबल के पद के लिए पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच के उम्मीदवारों को आयु सीमा में पांच साल की छूट रहेगी। जबकि पूर्व अग्निवीरों के बाद के सभी बैचों को उम्र में तीन साल की छूट मिलेगी। इन अग्निवीरों को शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट मिलेगी।

### असम में दस करोड़ की हेरोइन जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**करीमगंज (असम) :** करीमगंज के नए पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने फिर से नशा (ड्रग्स) तस्करों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी दास के नेतृत्व में सिविल ड्रेस में पुलिस की विशेष टीम ने शुक्रवार को तड़के असम-मिजोरम सीमावर्ती इलाके में छापा मारा और 10 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करने के साथ ही तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रतिम दास ने शुक्रवार को बताया कि विशेष सूत्रों से जानकारी मिली थी कि मादक पदार्थ तस्करों का एक समूह मिजोरम से करीमगंज जिला के आसिमगंज इलाके में असम के सीमाई मार्ग से हेरोइन लेकर आ रहा है। इस पर बीती देर रात सिविल ड्रेस में पुलिस टीम को तीन राज्यों से लगने वाली सीमा के अलग-अलग स्थानों पर बाजारीछोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोंटेकछोरा बाजार से सटे स्थानों सहित नगर के इलाके में तैनात किया गया।



## हरियाणा व कर्नाटक में दो लोगों की इन्फ्लुएंजा से हुई मौत

# अब इन्फ्लुएंजा का कहर

### अलर्ट मोड में भारत सरकार, स्वास्थ्य मंत्रालय आज करेगा बैठक

**एजेंसी**

**बेंगलुरु :** भारत में इन्फ्लुएंजा वायरस एच3एन2 से दो मौत का मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि एच3एन2 वायरस से देश में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। इस वायरस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हरियाणा में हुई है, जबकि दूसरी मौत कर्नाटक में हुई है। वायरस के खतरे को देखते हुए नीति आयोग शनिवार को बैठक करेगा। कर्नाटक के हासन के रहने वाले एक 82 वर्षीय व्यक्ति की इस वायरस से मौत की पुष्टि हुई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक, मृतक का नाम हीरा गौड़ा है। उसकी एक मार्च को मौत हुई थी।

अब टेस्टिंग में पता चला है कि वह एच3एन2 वायरस से संक्रमित था। अधिकारी ने बताया कि हीरा गौड़ा डायबिटीज और हाइपरटेंशन से भी पीड़ित था। उसे 24 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एक मार्च को उसकी मौत हो गई। छह मार्च को उसकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। गौरतलब है कि पांच दिन पहले ही कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री के. सुधाकर ने एच3एन2 के मामलों को लेकर अफसरों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। स्वास्थ्य मंत्री के मुताबिक, केंद्र ने हर हफ्ते 25 टेस्ट्स का टारगेट रखा है। उन्होंने कहा कि यह संक्रमण 15 साल से छोटे बच्चों और 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में ज्यादा देखा जाता है। देश में इस वक्त एच3एन2 वायरस, जिसे हॉन्गकॉन्ग फ्लू भी कहते हैं, इसके 90 केसों की पुष्टि हो चुकी है।

इसके अलावा एच1एन1 वायरस के भी आठ केस रिपोर्ट हुए हैं।

इस तरह के मामलों के देश में बढ़ने पर डॉक्टरों ने भी बयान जारी किए है।

**बढ़ रहे हैं फ्लू के मामले**

पिछले कुछ महीनों से देश में फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। अधिकांश संक्रमण एच 3एन 2 वायरस के कारण होते हैं, जिसे 'हांगकांग फ्लू' के रूप में भी जाना जाता है। यह वायरस देश में अन्य इन्फ्लुएंजा उपप्रकारों की तुलना में अधिक अस्पताल में भर्ती होने का कारण बनता है। भारत में अब तक केवल एच 3एन 2 और एच 1एन 1 संक्रमण का पता चला है।




**अब टेस्टिंग में पता चला है कि वह एच3एन2 वायरस से संक्रमित था। अधिकारी ने बताया कि हीरा गौड़ा डायबिटीज और हाइपरटेंशन से भी पीड़ित था। उसे 24 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और एक मार्च को उसकी मौत हो गई। छह मार्च को उसकी टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।**

**बढ़ रही चिंता**

महामारी के दो साल बाद बढ़ते फ्लू के मामलों ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, ठंड लगना, सांस फूलना और घरघराहट शामिल हैं। मरीजों ने मतली, गले में खराश, शरीर में दर्द और दस्त की भी सूचना दी है। ये लक्षण लगभग एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं।

## बाप-बेटी का दिवास्वप्न

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार सपना का सही समय रात होता है। अधिकांशतः लोग रात में सपना देखते हैं। लेकिन देश में कुछ ऐसे भी महारथी हैं, जो रात में नहीं बल्कि दिन में बड़े-बड़े सपने देख रहे हैं। यह सपना प्रधानमंत्री बनने का है। वे अपने को प्रधानमंत्री की कुर्सी के करीब समझते हुए लंबे चौड़े वादे भी करने लगे हैं। इनमें एक नाम तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव का है। पिछले जनवरी माह में आयोजित एक रैली में उन्होंने साफ-साफ शब्दों में कहा ÷ केंद्र में बीआरएस सत्ता में आती है तो हम दो साल में एक उज्वल भारत बनाएंगे। हम पूरे देश को मुफ्त बिजली देंगे.÷ इसका मतलब स्पष्ट है कि उनकी गिद्ध दृष्टि सीधे प्रधानमंत्री की कुर्सी पर है। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में बड़ी भूमिका निभाने के उद्देश्य से दिल्ली में अपनी पार्टी भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस का कार्यालय भी खोल रखा है। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम राव की पत्नी शोभा,बेटी के. कविता सहित समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और जनता दल सेक्युलर के नेता एचडी कुमारस्वामी सहित अन्य विपक्षी नेता उपस्थित रहे। राव भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए 2018 से राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को व्यक्त कर रहे हैं। यही कारण है कि विपक्षी दलों का एक संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता वर्तमान में विधायक और पार्टी की प्रमुख रणनीतिकार है। दिल्ली में हुए शराब घोटाले की आंच सीएम की बेटी के कविता तक पहुंच गई है। दिल्ली के डिप्टी सीएम रहे सिसोदिया की शराब घोटाले में 100 करोड़ के कथित रिश्वत मामले में गिरफ्तारी के बाद अब के. कविता पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। ईडी की रडार पर आने के बाद के. कविता ने दिल्ली में मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने संसद में महिला आरक्षण विधेयक को लेकर आज 10 मार्च को एक दिन का धरना दिया और प्रदर्शन किया। धरना कार्यक्रम में कविता ने कहा कि यह विधेयक काफी अहम है और इस जल्द से जल्द लाना होगा। मैं सभी महिलाओं से वादा करती हूं कि यह प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा, जब तक यह विधेयक पेश नहीं हो जाता। विधेयक राष्ट्र के विकास में मदद करेगा। कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से अपील करती हूं कि इस विधेयक को जल्द से जल्द लाया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि वह ईडी का सामना करेंगी। के. कविता ईडी के बहाने केंद्र पर हमलावर है। अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति की धुरी दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्षी एकता को बांधने का असफल प्रयास कर रही है। यही कारण है कि धरना कार्यक्रम में उनके द्वारा विपक्ष 18 विपक्षी पार्टियों को आमंत्रतित किया गया। उनके आमंत्रण पर कई विपक्षी पार्टियों ने उनके कार्यक्रम में शिरकत भी की। यह सब मिशन 2024 का हिस्सा तो है ही, किस्सा कुर्सी का भी है। इस मिशन और कुर्सी के लिए सिर्फ राव और उनकी बेटी कविता ही लालायित नहीं हैं। कई ऐसे दल के नेता हैं जो केंद्र में अपना पांव जमाने के लिए तड़फड़ा रहे हैं। इनमे ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल सरीखे नाम सबसे उपर है। बहरहाल, तेलंगाना के सीएम के. चंद्रशेखर राव व इनकी बेटी कविता का केंद्र की धुरी में सियासत दिवास्वप्न से ज्यादा कुछ नहीं दिखता।

## इस साल का बजट महिला नेतृत्व को नई गति देगा : प्रधानमंत्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में देश महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है और इसे वैश्विक मंच पर ले जा रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन में महिलाओं के नेतृत्व में विकास महत्वपूर्ण विषयों में से एक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट महिला नेतृत्व वाले विकास के इन प्रयासों को नई गति देगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण' विषय पर बजट के बाद के वेबिनार में अपनी बात रख रहे थे। सरकार द्वारा आयोजित 12 पोस्ट-बजट वेबिनार की श्रृंखला का आज यह 11वां वेबिनार है।प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि देश ने इस वर्ष के बजट को 2047 तक विकासित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक शुभ शुरुआत के रूप में देखा है।



प्रधानमंत्री ने मातृ शक्ति के प्रतिबिंब के रूप में नारी शक्ति की दृढ़ संकल्प, इच्छा शक्ति, कल्पना, लक्ष्यों के लिए काम करने की क्षमता और अत्यधिक कड़ी मेहनत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ये गुण इस सदी में भारत की गति और पैमाने को बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के परिणाम दिखाई दे रहे हैं और हम देश के सामाजिक जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या बढ़ रही है, और पिछले 9-10 वर्षों में हाई स्कूल और उसके बाद तक पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या तीन गुना हो गई है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में लड़कियों का नामांकन आज 43 प्रतिशत है, जो अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों से अधिक है। चिकित्सा, खेल, व्यापार या राजनीति जैसे क्षेत्रों में न केवल महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है बल्कि वे आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुद्रा ऋण की 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। इसी प्रकार, स्वनिधि के तहत संपार्श्विक मुक्त ऋण को बढ़ावा देने की योजनाओं और पशुपालन, मत्स्य पालन, ग्रामोद्योग, एफपीओ और खेल में प्रोत्साहन योजनाओं से महिलाओं को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हम देश की आधी आबादी के सहयोग से कैसे देश को आगे बढ़ा सकते हैं और नारी शक्ति की क्षमता को कैसे बढ़ा सकते हैं, इसका प्रतिबिंब इस बजट में दिखाई दे रहा है। उन्होंने महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना का जिक्र किया जिसमें महिलाओं को 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलना है। मोदी ने कहा- प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपये भी महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम है क्योंकि 3 करोड़ घरों में से अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं।

## विनय कुमार चौबे को मिला पीआरडी सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग की ओर से जारी अधिसचूना के अनुसार, ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह अपने कार्यों के साथ मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार पर भी रहेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सचिव विनय कुमार चौबे सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे. विनय कुमार चौबे नगर विकास के भी सचिव का भी काम देख रहे हैं.



## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से भारतीय पुलिस सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इन प्रशिक्षु पदाधिकारियों में कुमार शिवाशीष-2020 बैच और 2021 बैच के राकेश सिंह,पारस राणा तथा ऋत्विक श्रीवास्तव शामिल थे।

इन्होंने मुख्यमंत्री को परिचय देने के साथ प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया। मुख्यमंत्री ने इन सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताते हुए कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत आप सभी एक बेहतर पुलिस पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्यों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षण श्रीमती प्रिया दुबे मौजूद थीं।



# उपायुक्त कार्यालय में हुआ जनता दरबार का आयोजन, लोगों की सुनी गई समस्याएं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में मुख्य रूप से वृद्धा व विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, जमीन संबंधी, अनुकंपा एवं मुआवजा राशि संबंधी जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त दोड्डे ने गंभीरता से लेते हुए आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का 15 दिनों के भीतर भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान निर्धारित समय सीमा के अंदर करें। उन्होंने फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को भरोसा भी दिलाया कि आपकी समस्याओं को जिला प्रशासन पूरी तत्परता के साथ भौतिक सत्यापन करते हुए उसका निदान करेगी। पांकी से आये राजेंद्र शर्मा ने उपायुक्त को अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके बड़े भाई के लड़के के द्वारा मेरे घर के पिछले हिस्से के मकान का ताला तोड़कर अपना ताला लगाकर अश्लील शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी।वही चैनपुर के ग्राम खुटार खुर्द से आये ग्रामीण लोगों ने अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनलोगों को अपने घरों से लेकर मुख्य मार्ग तक पहुंचने के लिए तीन चार पीढ़ियों से जिस गैरमजरूआ भूमि को रास्ते के इस्तेमाल में लाया जा रहा था उसपर गांव के ही एक व्यक्ति के पुत्र द्वारा उसको अवरुद्ध कर उसपर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य मामले उपायुक्त के समक्ष रखे गए।

## 6 असहाय बेटियों का कमिटी ने विवाह कराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखण्ड के अरसली दक्षिणी पंचायत के दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को 6 निर्धन एवं अनाथ कन्याओं का सामूहिक विवाह भव्यता के साथ स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सभी कन्याओं ने अपने अपने वरो को जय माला पहनाई और एक दूसरे के जीवन साथी बने।समारोह में आसपास क्षेत्र से आई महिलाओं ने सभी रस्मो के दौरान पारम्परिक गीत गाकर सभी का मन मोह लिया।तिलक से लेकर मड़वा सहित सभी कार्यक्रमो के बाद जयमाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसे देखकर मुख्य अतिथि भानु प्रताप शाही गढ़वा डीडीसी राजेश कुमार सहित सभी माताओं बहनों एवं आए हुए सभी लोगों की आंखें नम हो गईं।यू लग रहा था मानो अपने घर में विवाह हो। सभी ने आदर्श विवाह आयोजन समिति के लोगों की भूरी भूरी प्रसंशा की। इस शादी समारोह में अरसली दक्षिणी की सभी बेटियों का कन्यादान मुखिया अनिता देवी एवँ सोना किशोर उर्फ जय प्रकाश यादव ने सपत्नीक किया। जिनमे चंचला का विवाह मेराल के कर्मजीत भुईंया से, रीना का विवाह यूपी सोनभद्रा जिला के पकरी निवासी विजय कुमार से, आरती का विवाह रावटसगंज के कमलेश कुमार से, पिंकी का विवाह बिहार चुनहटा विमलेश कुमार से, कविता का विवाह उत्तरप्रदेश पनिया खोह के विपिन कुमार से एवं बिंदा का विवाह केतार थाना क्षेत्र के परती कुशवानी के दीपक कुमार के साथ संपन्न हुआ। शादी समारोह के दौरान विवाह आयोजन समिति के सुनील यादव, पंचायत समिति सदस्य शकील अहमद, समोद ठाकुर, अकबर अली, दयानंद यादव, लालनाथ यादव, बिहारी यादव, शमीम खां, हिरामन राम, दिनेश राम, दिनेश ठाकुर, अनुज यादव, मनोज यादव, हरिपवन विश्वकर्मा सहित अन्य लोग ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जपला पुरानी बाजार से निकाली गई कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत कुर्मी मोहल्ला में पंचमुखी हनुमान मंदिर स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को ले कर जपला पुरानी बाजार से कलश यात्रा निकाली गई।इस कलश यात्रा में भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह शामिल हुए, शामिल हुए।श्री सिंह ने कलश यात्रा में आये श्रद्धालुओ से कहा कि भक्ति भाव से मन और तन दोनों को शांति मिलता है। और इस तरह के आयोजन से पूरा वातावरण शुद्ध होता है और इस तरह के आयोजन में लोगो को बढ़-चढ़ के हिस्सा लेना चाहिए।इस कलश यात्रा में ओमप्रकाश अग्रवाल, मिंटू लाल, श्रवण अग्रवाल, शशी कुमार, छठन पासवान, उदय विश्वकर्मा, अजीत अग्रवाल, आलोक सिन्हा आदि सैकडो लोग मौजूद थे।

## छात्र एक माह से लगा रहे हैं अंचल कार्यालय हैदरनगर का चक्कर, नही बना स्थानीय जाति आय प्रमाण पत्र

**हैदरनगर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैदरनगर अंचल कार्यालय में ए आईसीसीक माह में भी नहीं बन रहे हैं स्थानीय,जाति, एवं आय। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रज्ञा केंद्रों संचालकों ने बताया की हम लोगों से आवेदक अपने प्रमाण पत्रों जानकारी मांगी जाती है लेकिन एक माह बीतने के बाद भी अंचल कर्मचारी द्वारा प्रमाण पत्र नही छोड़े जाते है आवेदक अंचल कार्यालय का चक्कर लगाकर परिसान है जबकि सर्विस एक्ट के तहत 30 दिन में प्रमाण पत्र जारी कर देना होता है इस बात की जानकारी अंचल कार्यालय से जानकारी लेने की कोशिश की है परंतु कर्मचारी का फोन नही लगा। अंचल अधिकारी ने बताया की 30 दिन में प्रमाण पत्र निर्गत होंगे जबकि 10 तारीख से 17 तारीख तक बच्चों को इ कल्याण साइड से ऑन लाइन का समय निर्धारित है बोनाफाइड प्रमाण पत्र के साथ छात्रवृत्ति का ऑनलाइन करना है ऐसी परिस्थिति में बच्चों को प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने से फॉर्म भरना मुश्किल होगा। अंचलाधिकारी से कहना है कि कर्मचारी, सीआइ के आईडी में पड़े सभी आवेदकों को छात्र हितों में लॉगिन से छुड़वाई जाय।

# भाजपा का बुथ सशक्तिकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्टेशन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला कमिटी द्वारा बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया।पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री ने बूथ कमिटी को मजबूत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रबंधन महत्वपूर्ण है। लोकप्रियता, चेहरा, पार्टी सहित अन्य कारक अलग है लेकिन 50 प्रतिशत योगदान प्रबंधन का होता है। पार्टी बूथ कमिटी को लेकर काफी गंभीर है। राष्ट्रीय स्तर तक बूथ कमिटी का मोनिटरिंग किया जा रहा है। बूथ कमिटी मजबूत होगा तो हम चुनाव भी आसानी से जीतेंगे। महामंत्री ने बूथ कमिटी बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।विधायक भानू प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का आगाज हो गया है। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने में पंचायत से लेकर बूथ कमिटी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। आज देश विश्व की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। फिर से मोदी जी को पीएम बनाकर देश को विश्वगुरु बनाना है। भारत सामरिक, आर्थिक सहित हर क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश होगा। उन्होंने कहा कि बूथ कमिटी गठन में हर समाज, हर वर्ग को शामिल करना होगा। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें सभी वर्ग, सभी सम्प्रदाय का विशेष ख्याल रखा जाता है। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने बूथ कमिटी के गठन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि बूथ कमिटी में युवा, महिला, हर समाज के सदस्य, सोशल मीडिया के जानकार सहित अन्य लोगो को शामिल करना है। इस दौरान उन्होंने सरल एप्प के बारे में भी विस्तार से जानकारी दिया। अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम ने भी कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दिया। इस दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता गुप्ता, अनिल चौबे, मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, ओमप्रकाश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, राकेश चौबे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 2024 में नहीं चलेगी वंशवाद : विकाश दूबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** लोकतंत्र और वंशवाद साथ-साथ चल सकते हैं क्या? या फिर कहें कि लोकतंत्र इतना लचीला होता है कि उसमें वंशवाद की जगह भी सहज बन जाती है। कम से कम आजादी के बाद से अब तक कई राजनीतिक दलों और उनकी कार्यशैली को लेकर यह बात सच लगती है।यह उक्त बातें आज गढ़वा स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विश्रामपुर विधानसभा की युवा समाजसेवी विकास दुबे ने कहा। विश्रामपुर विधानसभा में पिछले 40 वर्षों से दो विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी और चंद्रशेखर दुबे ने सिर्फ राज किया है अब आने वाला चुनाव 2024 ई का चुनाव यह दोनों अपने अपने पुत्र को विश्रामपुर विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहते हैं आखिर यह वंशवाद की राजनीति कब तक चलेगी श्री दुबे ने 2024 का चुनाव कांग्रेस और भाजपा को विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने की चुनौती देते हुए कहा है कि यह चुनाव वंशवाद और विकासवाद के बीच होगा और मुझे पूरा भरोसा है कि जीत विकासवाद की ही होगी। कांग्रेस और भाजपा की कभी विकास पर चुनाव लड़ने की हिम्मत ही नहीं हुई बताया हाल के दिनों में विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक चंद्रशेखर दुबे ने मीडिया को संबोधित करते हुए अपने द्वितीय पुत्र अभय कुमार दुबे उर्फ बड़ू दुबे को चुनाव मैदान में उतारा है। विकास दुबे ने बताया पिछले 40 वर्षो के कार्यकाल में इन दोनों विधायकों ने विश्रामपुर को खोखला किया है विकास कहीं भी नहीं दिखता आने वाला समय जनता बदलाव चाहती है जो वंशवाद की राजनीति को खत्म कर युवा चेहरा के रूप में मेरा समर्थन जनता कर रही है जो इन दोनों नेताओं को रास नहीं आ रहा है जनता कमर कस ली है विश्रामपुर विधानसभा से इन दोनों की वंशवाद की राजनीति खत्म कर एक नया अध्याय गढ़ेगी ।मौके पर कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद बिजली स्टेशन परिसर में ऊर्जा मेला का आयोजन आज

**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित विद्युत सब स्टेशन परिसर में 11 मार्च को ऊर्जा मेला का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मेला में सरकार द्वारा एक सौ यूनिट मुफ्त बिजली की जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा खराब मीटर बदलने, नया कनेक्शन लेने, बिल में गड़बड़ी से संबंधित जानकारी, विद्युत कनेक्शन काटने जोड़ने से संबंधित जानकारी व बिजली से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि मेला में हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के उपभोक्ता भाग ले सकते हैं।

## टेंपो पलटने से 60 वर्षीय वृद्ध घायल



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर टेंपो पलटने से एक मजदूर शामदेव प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार छतरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कौवल निवासी शामदेव यादव गुरुवार को किसी के यहां तिलक समारोह में शामिल होने गया था। शुक्रवार की सुबह शामदेव यादव टेंपो पर सवार होकर अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में छतरपुर रोड में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें शामदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी छतरपुर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बताते चलें कि घायल व्यक्ति मजदूरी का काम करता है और मजदूरी का काम कर अपने घर परिवार चलाता है। सड़क दुर्घटना में उसकी बाया पैर पुरी तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया है। समुचित इलाज कराने के लिए भी उनके पास पैसे की कमी हो रही है।

# भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की लगेगी प्रतिमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू :** जिले के पांडू प्रखंड अंतर्गत डाला कला पंचायत के ग्राम ढाचाबार मे भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाने हेतु की गई बैठक। इस बैठक में ग्राम ढाचाबार एवम बृधखैरा के अलावा अन्य कई गांव के बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य परम पूज्य भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया जाना था। इस सभा का अध्यक्षता पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा के द्वारा किया गया। यहां उपस्थित सभी लोग एक स्वर से एवं सर्व सहमति से योगीबीर बाबा स्थान के बगल में हि प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया। वही पूर्व सांसद कमेस्वर बैठा ने पांडू प्रखंड के जनता से अपील किया है की इस कार्य मे सभी लोग सहयोग करे। संबिधान निर्माता का स्थापना 16 अप्रेल 2023 को किया जाएगा, जिसमे झारखंड विहार के मंत्री सहित कई गण्यमान लोग शामिल रहेंगें।

# समय की कीमत को पहचाने : पीडीजे




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भूतपूर्व विधायक व बरिष्ठ अधिवक्ता सचिदानंद त्रिपाठी के दिब्य स्मृति में शुक्रवार को 36 वी पुण्य तिथि सह अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने द्वीप प्रज्वलित कर व स्वर्गीय त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर पी डी जे श्री चौबे ने कहा कि सभी को समय की कीमत को पहचानने की जरूरत है।जो समय की कीमत समझता हैं सफलता उसी को मिलता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी समय के बेहद पावन्द थे। सभी अधिवक्ता को समय का पावन्द होना चाहिए। वकालत के क्षेत्र में स्वर्गीय त्रिपाठी का उत्कृष्ट योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी का व्यक्तित्व आज हम सबों के लिए प्रेरणादायक है।व पुण्यतिथि मनाकर उनके वकालत के क्षेत्र में किये गए कार्य को जीवंत रखने का कार्य जो शशिभूषण दुबे द्वारा किया जा रहा है। यह अधिवक्ता समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना कार्य धर्म समझकर किया।कर्मक्षेत्र पलामू जैसे क्षेत्र में चुना और यहां के लोगों को सुलभ सरल न्याय दिलाने का प्रयास किया। यही वजह है कि आज उनकी स्मृति में सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित हैं। और श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। इस मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्त्तण्ड प्रताप मिश्रा ने कहा कि अधिवक्ता का समाज मे बहुत बड़ा योगदान होता है। स्वर्गीय त्रिपाठी ने चार जिला में काम कर अधिवक्ताओ में एक आदर्श स्थापित किया। स्वर्गीय त्रिपाठी कर्तव्यनिष्ठ के साथ मेहनती थे। मौके स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती अधिवक्ता शशिभूषण दुबे ने भी उनके जीवनी पर बिस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता दिवाकर दुबे ने किया।उन्होंने कहा कि सचिदानंद त्रिपाठी एक अधिवक्ता होकर स्वर्गीय त्रिपाठी ने डाल्टनगंज विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया ।यह अधिवक्ता समाज के लिए गौरव का बात है।वह समय के बहुत पावनंदी थे।कानून के विशेषज्ञ श्री त्रिपाठी के गुणों की जितनी भी चर्चा की जाए कम होगा ।इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व स्वर्गीय त्रिपाठी के नाती शशि भूषण दुबे और रवि भूषण दुबे के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वही मुख्य अतिथि व बिशिष्ट अतिथि को भी माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मनित किया गया।व धार्मिक पुस्तक भेट किया गया। स्वर्गीय त्रिपाठी 1962 से 1967 तक डालटनगंज विधानसभा के विधायक रहे। अधिवक्ता के रूप में 1950 में प्रैक्टिस शुरू किया था। मौके पर 12 वरिष्ठ अधिवक्ता को सम्मानित किया गया। इनमे अशोक कुमार सिंह, अशोक कुमार सहाय, हरिनंदन सिंह, ब्रज किशोर पाण्डेय, सुशील कुमार सिन्हा, कर्म दयाल प्रसाद यादव, शौकत अली, बैकुंठ दुबे, गुलेश्वर महतो, ऋषि चन्द पाण्डेय, व उमेश्वर प्रसाद सिन्हा को शॉल ओढ़ाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रो में शब-ए-बरात अकीदत के साथ मनाया गया

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रो में मंगलवार को शब-ए-बरात अकीदत के साथ मनाया गया। मंगलवार की शाम से ही शब-ए-बरात की इबादत शुरू हो गई थी. लोगों ने अपने-अपने घरों में फातेहा किया। मस्जिदों व घरों में नवाफिल की नमाज अदा की। मुस्लिम समुदाय के महापर्व रमजान से पहले वाले महीने शाबान की पंद्रहवीं रात को शब-ए-बरात कहा जाता है, इसका मुख्य मकसद यह है कि अल्लह इस रात में अपने बंदों को जहन्नुम यानी नरक से आजाद करते हैं.रहमतों की रात यानी शब -ए- बरात मंगलवार रात को आस्था व धूमधाम के साथ मनाया गया। ईदगाह, मस्जिद, कब्रिस्तान व अपने अपने घरों को रंग-बिरंगे लाइट से रोशन किया गया. नगर उंटारी, चेचरिया, बरडीहा ठरकिया, नरही, कधवन, कोइन्दी,सोनबरसा कुसदण्ड सहित कई गांवों में शब-ए-बरात मनाया गया.वहीं जामिया इस्लामिया जब्बारिया पेश ए इमाम मौलाना अब्दुल कादिर साहब ने बताया कि इस रात में हर शख्स को कुरआन मजीद, की तिलावत में समय गुजारना चाहिए।

# बेरोजगार की मार झेल रहे युवा को एसआईएस देगा रोजगार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिला प्रशासन के सहयोग से सिक्यूरिटी स्किल्स कॉन्सिल ऑफ इंडिया एवं सिक्यूरिटी एण्ड इन्टलिजेंस सर्विसेज लिश्र द्वारा गढ़वा जिले के सभी प्रखंड परिसर में बहाली कैंप लागाया जा रहा है। 13 मार्च को भंडरिया ब्लॉक परिसर, 14 मार्च को रमकंडा ब्लॉक परिसर, 15 मार्च को रंका ब्लॉक परिसर में, 16 मार्च को धुरकी प्रखंड परिसर में, 17 मार्च को खरौंधी, 18 मार्च को केतार, 20 मार्च को भवनाथपुर, 21 मार्च को कांडी प्रखंड, 22 मार्च को विशुनपुरा प्रखंड, 23 मार्च को चिनिया प्रखंड, 24 मार्च को डंडई प्रखंड, 25 मार्च को बरडीहा प्रखंड, 27 मार्च को डंडा प्रखंड, 28 मार्च को मेराल प्रखंड, 29 मार्च को रमना प्रखंड, 31 को मझियांव प्रखंड, 03 अप्रैल को बरडिहा प्रखंड , 04 अप्रैल को गढ़वा प्रखंड परिसर में कैंप लगाया जा रहा है। जिसमें जवानों का शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और आवेदन फॉर्म शुल्क रुपए 350 लिया जाएगा। उसकी जीएसटी सहित रसीद भी दी जाएगी। इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में 01 माह का प्रशिक्षण प्रदान दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में आने के बाद उनका डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन होने के बाद उसने 01 माह की ट्रेनिंग के लिए ट्रेनिंग किट और भोजन के लिए अभ्यर्थी से शुल्क लिया जाएगा, जहां एक माह की भोजन, रहना और कीट उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें पी0 टी0, ड्रील, ड्रील थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा भी0 आई0 पी0 सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कम्प्यूटर, बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादी का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्युरिटी तथा इंटेलिजेंस सर्विस लिमिटेड में 2200 कार्यस्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जायेगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए भर्ती पदाधिकारी रमेश कुमार जसवाल ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार, मैट्रिक पास, उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष तक ही होनी चाहिए। भर्ती अधिकारी ने आगे बताया कि जिले के बेरोजगार नवयुवको को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार उपलब्ध कराया जायगा तथा उम्मीदवारों को प्रशिक्षण हेतू नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी जवानों को एस. आई. एस. इंडिया लि0 जो आई0 एस0 ओ0 9001-2008 मानक विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरान्त उम्मीदवारों को एस. आई. एस. के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जायेगा। भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जायेगा, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अन्तर्गत अन्य भत्ता योग्यतानुसार, पी. एफ. सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस, ग्रेच्यूटी, ई. एस. आई, ग्रुप इन्श्यारेंस, मेडिकल आवास व मेस की सुविधा, प्रमोशन, दो योग्य बच्चों को आई. पी. एस. देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानान्तरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है।

# मनरेगा योजना में पलामू जिले के नौ प्रखंडों के बीडीओ को शो-कॉज

## विभाग ने पशु शेड लाभुकों का मांगा है ब्यौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में मनरेगा के तहत पशु शेड का निर्माण नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर किया गया है. कई प्रखंडों में लक्ष्य से कई गुणा अधिक पशु शेड बना दिए गए हैं. पूरे मामले में अब कार्रवाई भी शुरू हो गई है. मनरेगा घोटाला को लेकर विधायक बिरंची नारायण ने विधानसभा में आवाज भी उठाई थी।मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण को लेकर पलामू के चैनपुर हुसैनाबाद मनातू नौडीहा बाजार नीलाम्बर पीताम्बर पांडू पाकी छतरपुर एवं पिपरा प्रखंड से शो कॉज किया गया है. इस संबंध में पलामू के उप विकास आयुक्त ने सभी बीडीओ को पत्र लिखकर तीन दिनों के अंदर जवाब उपलब्ध करवाने को कहा है. पलामू में अनुमान से अधिक पशु शेड निर्माण के मामले में विधानसभा में आवाज उठी थी जिसके बाद मामले में सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव ने पलामू जिला प्रशासन से पत्राचार किया था और वक्तव्य की मांग की थी।सरकार ने पलामू जिला प्रशासन से मनरेगा के तहत बने पशु शेड का जांच प्रतिवेदन मांगा था। प्रतिवेदन योग्य, अयोग्य लाभुकों का स्थलीय सत्यापन कर जांच रिपोर्ट तैयार करनी थी और सरकार को भेजी जानी थी, लेकिन नौ प्रखंडों के बीडीओ ने विस्तृत जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

**कई पंचायतों में बना दिया गया सैकड़ों पशु शेड**

2021 में मनरेगा के तहत पशु शेड निर्माण की योजना शुरू की गई थी. इस योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में मात्र पांच पशु शेड का निर्माण किया जाना था। लेकिन पलामू के दर्जनों पंचायत में नियम की -अनदेखी करते हुए कई गुना अधिक पशु शेड बना दिए गए. वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 में पलामू के चैनपुर, हुसैनाबाद, मनातू, नौडीहा बाजार, नीलाम्बर पीताम्बर पांडू, पांकी, छतरपुर एवं पिपरा पाटन प्रखंड में कई पंचायत में सैकड़ों पशु शेड बना दिए गए हैं।पलामू के पाटन प्रखंड के सबसे पहले मनरेगा के तहत पशु शेड की जांच शुरू हुई थी. जांच में पाया गया कि एक पंचायत में 400 से भी अधिक पशु शेड बना दिए गए हैं. जिसके बाद पूरे मामले में पलामू जिला प्रशासन ने दोषी कर्मियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज किया था. पाटन में घोटाला पकड़े जाने के बाद पूरे जिले में पशु शेड की जांच शुरू हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को देश की पहली महिला शिक्षिका व महान समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि सावित्रीबाई फुले के संघर्ष को सम्मान देने के लिए राज्य सरकार की ओर से किशोरी समृद्धि योजना शुरू की गयी है। आज झारखंड की 6 लाख 51 हजार से अधिक किशोरियों को योजना का लाभ मिल रहा है।

### खेलो इंडिया दम प्रतियोगिता 19 मार्च से रांची में

**रांची :** भारतीय खेल प्राधिकरण और झारखंड एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 19 मार्च को खेलो इंडिया दम प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस दिन सुबह बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम,मेगा स्पोर्टस कांप्लेक्स होटवार के मुख्य गेट से इस प्रतियोगिता के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता होगी। 18 वर्ष से कम उम्र के महिलाओं के लिए तीन किलोमीटर एवं 18 वर्ष से ऊपर ओपन वर्ग की महिलाओं के लिए पांच किलो मीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। झारखंड एथलेटिक्स संघ के प्रमुख मधुकांत पाठक ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में रांची जिला की कोई भी महिला भाग ले सकती है। 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं को जन्म प्रमाण पत्र प्रमाणित करने के लिए केवल आधार कार्ड लाना होगा। प्रभाकर कुमार वर्मा को इस प्रतियोगिता का संयोजक बनाया गया है। सभी इच्छुक महिला एवं बालिका प्रतिभागी होटवार में सुबह सात बजे तक रिपोर्ट करेंगी। सभी विजेताओं को मेडल एवं सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

## रांची-लोहरदगा-टोरी ट्रेन की कमान महिलाओं के हाथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मनाया जा रहा है। इसको लेकर रांची रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस ट्रेन की जिम्मेदारी पूर्ण रूप से महिलाओं को दी गई। ट्रेन की सुरक्षा में तैनात रेलवे पुलिसकर्मी, रेलवे चालक, ट्रेन मैनेजर, टिकट कलेक्टर के साथ ट्रेन में तैनात गुड्स गार्ड्स के रूप में सभी कर्मचारी महिला ही कार्यरत रहीं। रेलवे की सीनियर डीओएम श्रेया सिंह ने लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रेया सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह सिर्फ मनाने का अवसर नहीं है, बल्कि इसको धरातल पर लाने की आवश्यकता है। रेलवे प्रशासन की तरफ से शुक्रवार को एक ट्रेन की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं को दी गई है, जिससे लोगों के बीच में यह संदेश जाए कि महिलाएं भी पुरुषों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से यह पहल इसलिए किया गया है कि महिलाओं का मनोबल बढ़े। किसी भी परिस्थिति में महिलाएं अपने आपको मजबूत रख सकें। जब तक महिलाएं मजबूत नहीं होंगी, तब तक समाज आगे नहीं बढ़ेगा। ट्रेन चालक के रूप में दीपाली अमृत दिखीं तो ट्रेन की मैनेजर अनुपलता ने पूरे ट्रेन का जिम्मा लिया। वहीं को पायलट के रूप में गीता कुमारी खलखो ने लोको पायलट को असिस्ट किया। ट्रेन में आरपीएफ के रूप में चंद्रानी विश्वास, कल्पना कुमारी, सरस्वती, पिंकी कच्छप, सरोज तिर्की, पूजा बारला सहित कई सुरक्षाकर्मी मौजूद रहीं। लोको पायलट दीपाली अमृत ने बताया कि आज उन्हें काफी गर्व हो रहा है और रेलवे प्रशासन को वह धन्यवाद देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल कर समाज में यह संदेश दिया कि आधी आबादी के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता है। महिलाओं के द्वारा रांची से रवाना हुई लोहरदगा टोरी एक्सप्रेस करीब 11 बजे लोहरदगा पहुंचेगी। फिर उन्हीं महिलाओं के द्वारा ट्रेन दो बजे तक वापस रांची आयेगी। रांची रेलवे अधिकारी निशांत कुमार ने बताया कि इस पहल के माध्यम से वे समाज के वैसे लोगों को संदेश देना चाहते हैं, जो आज भी महिलाओं को घर में बिठाकर रखना चाहते हैं। आज भी सुदूर इलाके के कई ऐसे गांव हैं, जहां यह माना जाता है कि महिलाएं सिर्फ घर का काम कर सकती हैं। इसलिए रांची लोहरदगा ट्रेन जितने भी ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरेगी, उन क्षेत्रों के लोगों को यह बताया जाएगा कि महिलाएं सिर्फ घर ही नहीं बल्कि ट्रेन और हवाई जहाज भी चला सकती हैं।

## साइक्लोनिक सर्कुलेशन ने सूबे के मौसम का बदला मिजाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में मौसम का मिजाज बदल रहा है। होली के दिन रांची समेत 10 जिलों में हुई हल्की बारिश से मौसम तेजी से बदला है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

यह बदलाव छत्तीसगढ़ और ओडिशा में आए साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से हुआ है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के मुताबिक मौसम में इस तरह का बदलाव अभी 11 मार्च तक देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय है। ऐसे में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

रांची स्थित मौसम केंद्र की तरफ से जारी की गयी सूचना के मुताबिक 11 मार्च तक देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज के अलावा पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा जिला में गर्जन और वज्रपात के साथ वर्षा हो सकती है। रांची में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### रांची में अगले पांच दिनों का अधिकतम और न्यूनतम तापमान

**11 मार्च** - अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से आस पास रहेगा। साथ ही काले बदल छाए रहेंगे और मेघगर्जना हो सकती है। हल्की बारिश की भी संभावना है।

**12 मार्च** - अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस से आस पास रहेगा। वहीं, इस दिन आसमान साफ रहेंगे।

**13 मार्च** - अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस से आस पास रहेगा। वहीं, इस दिन आसमान साफ रहेंगे।

**14 मार्च** - अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से आस पास रहेगा। वहीं, इस दिन आसमान साफ रहेंगे।

**15 मार्च** -अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस से आस पास रहेगा। साथ ही काले बदल छाए रहेंगे और मेघगर्जना हो सकती है। हल्की बारिश की संभावना है।

## अल्पसंख्यक अधिकार कंवेंशन 11 मार्च को रांची में होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** :रांचीः अल्पसंख्यकों के शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, विकास और सुरक्षा के मुद्दें पर एक राज्य स्तरीय कंवेंशन रांची मे 11 मार्च को आयोजित होगा।

इस कंवेंशन में झारखंड के सभी जिलों से लोगों की भागीदारी होगीअल्पसंख्यक अधिकार कंवेंशन की शुरुआत 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगी।

कंवेंशन को विभिन्न पेशों से जुड़े बुद्धिजीवी यथा अवकाश प्राप्त न्यायाधीश, शिक्षाविद, लेखक, मानवधिकार-सामाजिक कार्यकर्ता, प्रोफेशनल्स, डाक्टर और अभियंता के अलावा वामदलों के नेता संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी आज माकपा राज्य कार्यालय मे आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अल्पसंख्यक अधिकार समन्वय समिति के मुख्य संयोजक अधिवक्ता ए. के.रसीदी, संयोजक अधिवक्ता एम.अहमद चौधरी और नदीम खान ने दी।

भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, भाकपा (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त और माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव के अलावा अधिवक्ता अजहर खान,मुस्लिम मजलिस-ए-उल्लेमा के मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी, यूएमएफ झारखंड के अफजल अनीस, एपीसीआर के अंसारी, अजय सिंह,सुखनाथ लोहरा, जयंत पांडे,समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए लगेगा कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जिला सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत शत प्रतिशत दिव्यांगजनों को आच्छादित करने हेतु प्रखण्डवार छुटे हुए सभी दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र/आधार कार्ड निर्गत करने हेतु उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा असैनिक शल्य चिकित्सक-सह- मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रांची को एक दिवसीय कैम्प आयोजित करने का निदेश दिया गया है।

उपायुक्त द्वारा दिव्यांगता कैम्प हेतु प्रखण्डवार तिथि का निर्धारण करते हुए इसकी सूचना उपलब्ध कराने को कहा गया है।

सर्वजन पेंशन योजना अन्तर्गत 5 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले व्यक्ति को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत होने की स्थिति में योजना का लाभ दिया जाता है।

उपायुक्त द्वारा 5 वर्ष से अधिक आयु के सभी दिव्यांग व्यक्तियों को नियमानुसार सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित करने हेतु प्रखंडवार कैम्प आयोजित करने का निदेश दिया गया है।

राँची जिला में वर्त्तमान में लगभग 11,000 दिव्यांग व्यक्ति (05 वर्ष से अधिक आयु के) ÷सर्वजन पेंशन योजना से वंचित हैं। उपायुक्त द्वारा सभी दिव्यांग व्यक्ति जो सर्वजन पेंशन योजना की अर्हत्ता रखते हों, साथ ही सभी दिव्यांगजनों का कैम्प आयोजित कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र / आधार कार्ड निर्गत करने का निदेश दिया गया है।रांची जिला के (बुड़मू प्रखंड को छोड़कर) सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी के अनुशंसा के अलोक में छूटे हुए दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु एक दिवसीय मेडिकल कैम्प संबंधित प्रखंड/अंचल में आयोजित करने का निदेश दिया गया है ताकि शत-प्रतिशत दिव्यांग व्यक्तियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके।

## पीसीआर पुलिस की पहल से दुकान जलने से बची, एक युवक हिरासत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के पत्थल रोड स्थित मतीउर रहमान की ब्रेड में करीब पौने 4 बजे एक मंदबुद्धि युवक कपड़ों का ढेर दुकान के शटर से सटा कर रख कर थोड़ी देर इधर-उधर देखता है। इसके बाद उन कपड़ों में वह आग लगा देता है और आग धधक उठती है। आग दुकान में पकड़ने ही वाली होती है कि ऐन वक्त पर वहां गश्ती के दौरान घूम रही पीसीआर 03 वहां पहुंच जाती है। पीसीआर ने फौरन गाड़ी में रखे पानी से आग बुझाई। ब्रेड दुकान के पास और भी कई दुकानें और घर थे। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई। शॉप में लिखे नंबर से फोन कर शॉप के मालिक को इसकी सूचना दी। जिसके बाद वहां के स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर उक्त शख्स की पहचान की गई। आग लगाने वाला व्यक्ति मंदबुद्धि है जो भुईयांटोली का रहने वाला है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। मौके पर लोगो ने आशंका जताई कि कहीं इस मंदबुद्धि का उपयोग किसी साजिश के तहत घटना को अंजाम देने के लिए तो नही किया गया। दुकान के मालिक ने प्रशासन से जांच का आग्रह किया है। बता दें कि लगभग तीन साल पहले भी डोरंडा थाना क्षेत्र के बाजार के अंदर एक मार्केट की कुछ दुकानों में आग आग लगा दी गई थी जिसमें लाखों का नुकसान हो गया था।

## सरहुल व रामनवमी भी मनेगा शांतिपूर्वक : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जी20 में करीब देढ़ सौ से अधिक डेलिगेट्स 1 मार्च से 3 मार्च तक रांची में रहे और इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। साथ ही साथ 7 मार्च को शब ए बारात और 8 मार्च को होली को भी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने का श्रेय रांची जिला प्रशासन को जाता है। इस विषय पर प्रभात मंत्र संवाददाता से बातचीत करते हुए जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा ने कहा कि यह जिला प्रशासन का दायित्व होता है, कि आमजन की सुरक्षा और शहर में विधि व्यवस्था बनाए रखना। शांतिपूर्ण तरीके से सब कुछ संपन्न कराना। लेकिन आने वाले पर्व त्योहारों को लेकर हम अधिक बातें करना पसंद करेंगे , क्योंकि अब आने वाला सरहुल पर्व है और रामनवमी है और दोनों पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सफल बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। क्योंकि इन दोनों पर्व के बीच में रमजान का महीना रहेगा । इन सब चीजों को देखते हुए जिला प्रशासन अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दिया है। इसके लिए समाज के बुद्धिजीवी वर्ग होते हैं, सामाजिक संगठन होता है इनका दायित्व सबसे बड़ा होता है। इनके बगैर शांतिपूर्ण तरीके से पर्व हो या कोई और कार्यक्रम संपन्न कराना संभव नहीं है।

## रांची : क्षमता निर्माण कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सीएमपीडीआई द्वारा शिलांग, मेघालय में पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में कोयला की खोज की गति को बढ़ावा देने के लिए संसाधन आकलन के लिए 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस क्षेत्र के सतत विकास के लिए एनईआर की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने हेतु एनईआर में कोयला गवेषण की गति बढ़ाने, माइन प्रोजेक्शन और कोयले के व्यवस्थित उत्पादन के हेतु संभावित क्षेत्र की पहचान करने के लिए संसाधन आकलन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।उद्घाटन सत्र में सीएमपीडीआई ने एक प्रस्तुति के माध्यम से राज्य-वार कोयला धारक क्षेत्रों, गवेषण की स्थिति, पूर्व में सीएमपीडीआई और कोयला मंत्रालय द्वारा एनईआर में गवेषण को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों, एनईआर के लिए गवेषण हेतु अब तक की उपलब्धियों और रिजनल और डिटेल्ड कोल एक्सप्लोरेशन के लिए उपलब्ध अनुमानित निधि से अवगत कराया गया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (गवेषण) अर्जुन हेम्ब्रम ने आगत अतिथि एवं प्रतिभागियों को स्वागत किया और मुख्य प्रबंधक (भूविज्ञान) राजीवा कुमार सिंह ने एनईआर में कोयला धारक क्षेत्र, गवेषण स्थिति एवं कोयला संसाधन और मॉडल टेंडर दस्तावेज पर एक प्रस्तुति दी।

## ब्लू पॉइंट खदान से जेवियर की छात्रा का शव बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तुपुदाना ओपी क्षेत्र में ब्लू पॉइंट खदान में गुरुवार को गिरी संत जेवियर की छात्रा दीप्ति प्रकाश का शव शुक्रवार को एनडीआरएफ टीम की मदद से बरामद कर लिया गया है। बताया गया कि थर्ड ईयर की छात्रा थी और वह अपने दोस्तों के साथ घूमने गई थी। पैर पीछले से वह पानी में गिर गई थी। दीप्ति मूल रूप से बिहार के भागलपुर की रहने वाली है, हालांकि दीप्ति रांची मे रह कर संत जेवियर्स कॉलेज से पढ़ाई कर रही थी। रांची में वो कांटाटोली इलाके के एक मकान मे किराएदार के रूप रहती थी। इस हादसे की जानकारी दीप्ती के परिजनों को भी मिलने के बाद वह भी घटना स्थल पहुंचे। वहीं खबर लिखे जाने तक पुलिस पोस्टमार्टम के लिए शव रिम्स भेजने की तैयारी कर रही थी।

## श्री महावीर मंडल की आमसभा 20 मार्च को

**रांची :** श्री महावीर मंडल की आमसभा 20 मार्च को आयोजित किया गया है। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव और मंत्री दीपक ओझा ने कहा कि पदाधिकारियों की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 13 से 19 मार्च तक सदस्यता का नवीकरण शुल्क देकर करा लें, ताकि सही समय पर महावीर मंडल का चुनाव हो सके। महावीर मंडल की आमसभा 20 मार्च को दुर्गा मंदिर कार्यालय, महावीर चौक में होगी।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता ने दिल्ली में पदभार ग्रहण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने बताया कि राष्टीय महिला आयोग की सदस्य ममता देवी ने दिल्ली स्थित राष्टीय महिला आयोग के कार्यालय में जाकर पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते समय राष्टीय महिला आयोग कार्यालय के पदाधिकारी कार्यालय में मौजुद थे। राष्टीय महिला आयोग की नई सदस्य ममता देवी ने कहा कि हमारी आयोग की राष्टीय अध्यक्ष अपने विभागीय कार्य से दिल्ली से बाहर कोच्चि में गई है तो मैं राष्टीय महीला आयोग के कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति में पद भार ग्रहण कर महिलाओं के हक के लिए उनके हर प्रकार के मामले को प्राथमिकता देते हुए कार्य करूंगी तथा आयोग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए महिलाओं बहनों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगी । मुख्य रूप से अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष ज्ञान शंकर , आखिल भारतीय शौंडिक संघ के महामंत्री श्याम सुंदर प्रसाद , सुप्रीमकोर्ट के वरीय अधिवक्ता रंजन कुमार ,झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु , प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील साहु, बीरेंद्र साहु, युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप नाथ साहु,कार्यसमिति सदस्य उदय साहु, मुकेश साहु, रमण साहु, रमेश साहु, प्रेम साहु, रूपेश साहु,राधेश्याम साहु , निर्मल साहु, कृष्णा मुरारी साहु, राजन साहु, संजय साहु मिथीलेश प्रसाद, कुणाल कुमार बंटी, अरुण देव कुमार,ने बधाई दी है।

## पीडीएस दुकानों का डीसी ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जनवितरण प्रणाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। एडचोरो पंचायत के पांच पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने दुकानदारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी, राँची अल्बर्ट बिलुंग एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, नगड़ी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, स्टॉक पंजी, ई-पॉश मशीन, रजिस्टर मेनटेनेंस आदि की जानकारी ली। उन्होंने सभी राशन डीलरों को ससमय और सही मात्रा में खाद्यान्न वितरण एवं ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित करने का निदेश दिया।राशन डीलर सत्यनारायण हजाम की दुकान पर उपायुक्त ने राशन कार्डधारियों से बातचीत की। एक लाभुक के कार्ड में माह दिसंबर की इंट्री के बारे में उपायुक्त ने जानना चाहा। इंट्री के बारे में लाभुक द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर उन्होंने डीलर को सही तरीके से इंट्री करने की सख्त हिदायत दी। उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री अल्बर्ट बिलुंग एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को राशन डीलर के फाइल, स्टॉक और अन्य विसंगति को इंगित करके जाँच के निर्देश दिये। आपको बतायें कि जिला के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक प्रखंड के पांच-पांच जनवितरण प्रणाली दुकानों का आज औचक निरीक्षण भी किया गया है।

**उपायुक्त द्वारा निम्न पीडीएस डीलर के दुकानों का निरीक्षण किया गया**

1. मंजूर अंसारी (अनुज्ञप्ति संख्या-23/90)
2. शेख अमानुल्लाह (अनुज्ञप्ति संख्या-12/85)
3. राम तिलक साह (अनुज्ञप्ति संख्या-12/91)
4. सत्यनारायण हजाम (अनुज्ञप्ति संख्या-01/92)
5. असरुद्दीन अंसारी (अनुज्ञप्ति संख्या-16/84)

## रांची समाहरणालय परिसर में बिछाये गये फ्लोर टाइल्स टूटने लगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची समाहरणालय के उपायुक्त कार्यालय के और समाहरणालय के परिसर में बिछाए गए फ्लोर टाइल्स टूटने लगी है । कुछ महीने पूर्व ही समाहरणालय कार्यालय के ए ब्लॉक से लेकर भी ब्लॉक तक फ्लोर टाइल्स बिछाई गई थी। लाल रंग के बिछाए के फ्लोर टाइल्स पर चलने से ढ़ब ढ़ब की आवाज भी आती है । देखते देखते फ्लोर टाइल्स जो है ऐसे कई फ्लोर टाइल्स जो है टूट फूट गई है। अब तरह-तरह के भी चर्चाएं शुरू हो गई है, कि यह आखिर फ्लोर टाइल्स कमजोर थी या फिर बिछाने में कारीगरों ने कुछ कोताही बरती है, जिस कारण से फ्लोर टाइल्स ढ़ब -ढ़ब की आवाजे आती थी और फिर टूटने लगी है।

# तीन दिवसीय वसंत उत्सव संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** देश की संस्कृति व लोक परमराओं के संरक्षण के उद्देश्य से सिल्ली के बिंदीटांड़ में को तीन दिवसीय बंसत उत्सव की संपन्न हो गया। कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता के रंगीला नामक स्वयंसेवी संस्था के द्वारा किया गया । आयोजन नो मार्च तक चला। समापन कार्यक्रम मैं विधायक सुदेश कुमार महतो उनकी पत्नी नेहा महतो शामिल हुए । इस मौके पर विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भारतीय संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसे बचाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा देश में अभी भी आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपने जीवन निर्वाह के लिए जल, जंगल और जमीन पर निर्भर है। आम लोग इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हैं, क्योंकि यह उनके जीवन को प्रभावित करता है। हमारी संस्कृति में जल, जंगल और जमीन की पूजा की जाती है। हमने भारतीय संस्कृति और परंपरा की सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित बनाए रखना है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शेखर भट्टाचार्य ने बताया कि

**कार्यक्रम के पहले दिन**

बंसत उत्सव की शुरुआत रंगीला परिचय कार्यक्रम से किया गया। साथ ही होलिका दहन भी किया गया। इस दौरान पुरुलिया से आये कलाकरों संथाली नृत्य की प्रस्तुति की गयी। तथा दूसरे दिन बसंत बाहर संगीत राग पर आधारित कार्यक्रम, आयोजित किया गया।तीसरे दिन चावल से पूजा करके खीर बनाकर नवान्न उत्सव मनाया। ढेंकी से चावल बनाकर, भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को बचाने का प्रयास किया गया ।दिवेन्दु शेखर मुखोपाध्याय के निर्देशन में हवा बदल नामक ड्रामा का मंचन किया गया।मुर्शिदाबाद से आये कलाकरों ने राय बेसे नृत्य ,पैरोडी गीत, लोक संगीत, टैगोर संगीत की प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम के तीनों दिन जहां रंगीला के सदस्यों ने कार्यक्रम का भरपूर लुफ्त उठाया वहीं आसपास के ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी सहयोग रहा। इस मौके पर गूँज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह अध्यक्ष सुनील सिंह संजय सिद्धार्थ , प्रमुख जितेंद्र बढ़ाइक ,तान्या गुप्ता, उज्ज्वल मंडल, विश्वरूप सेन, शुभो चक्रवर्ती, देवाशीष फडीकार, रिंकू चक्रवर्ती धीरज महतो समेत पश्चिम बंगाल के कोलकाता समेत कई जगहों के काफी संख्या में लोगो ने हिस्सा लिया।

# महिला दिवस सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बेड़ो :** महादानी मैदान स्थित विवाह मंडप में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाट्न विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी, बीडीओ प्रवीण कमार, उपप्रमुख मोद्दसिर हक, जिपस बेरोनिका एक्का ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि महिलाएं किसी क्षेत्र में किसी से कम नहीं है। महिलाओं के विकास से ही समाज का विकास संभव है। महिलाओं के उन्नति के बिना उन्नत समाज का सपना कभी साकार नहीं किया जा सकता है। मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि खुद को बदले बिना लक्ष्य की प्राप्ति किसी भी कीमत पर हासिल नहीं की जा सकती है। अपने आप को बदलने से ही बदलाव संभव है। उन्होने आगे कहा कि मनरेगा ग्रामीणों का जीवन बदल रहा है महिलाओं को गांव में ही रोजगार का अवसर मुहैया कराने में मनरेगा की भूमिका सराहनीय है। उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की चर्चा की और महिला सम्मान समारोह के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पूर्व मनरेगा आयुक्त हरिहरपुर जामटोली के भाषण मंदार स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन किया और गुणवत्ता देखकर बधाई दी। उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका व मुखिया को जरूरी निर्देश दिया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम में रोजगार सेविका, महिला मेट, मजदूर, स्वास्थ्य कर्मी, सहिया, सेविका सहित अन्य कई महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** रांची पुरुलिया मुख्य सड़क पर झारखंड मोड़ में गुरुवार की रात 8 बजे के लगभग दो बाइकों की आपस मे भिड़ंत हो गई जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखण्ड लोवादाग पंचायत के चातम बाड़ी निवासी मनोज महतो उम्र 23 वर्ष अपने बाइक से मुरी रेलवे स्टेशन जा रहा था अचानक सामने से आ रहा एक बाइक के साथ आमने सामने सिधा टक्कर हो गया जिसमें मनोज महतो गंभीर रुप से घायल हो गया। उसके सर पर गंभीर चोट लगी है। प्रशासन की मदद से घायल को इलाज के लिए सिंगपुर नर्सिंग होम ले जाया गया ।

## अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला की बैठक आयोजित



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान की अध्यक्षता में आज महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला, खूंटी की संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी सदस्यों की उपस्थिति में महात्मा गांधी स्मारक धर्मशाला संचालन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठित प्रबंध समिति का सचिव रंजीत प्रसाद को बनाया गया। वहीं राज कुमार गुप्ता, रविद्र कुमार और प्रशांत भगत प्रबंध समिति के सदस्य बनाये गये।पुनर्गठित राजस्व समिति का सचिव राजेश्वर बैठा को बनाया गया।

# जनता के हर सुख दुःख में हमारी सरकार खड़ी है : विधायक

## मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत लाभुकों को मिला अनुदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** खिजरी विधान सभा के विधायक राजेश कच्छप के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कुल 10 व्यक्तियों को कुल 6,00,000/- रुपये का लाभ दिलाया गया। जिसकी आज खिजरी विधायक के आवास लुपुंगटोली में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनता के हर सुख दुःख में मैं एवं हमारी सरकार खड़ी है। जनता के हर समस्या के सामाधान का प्रयास करुंगा।

# भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति ने गठबंधन की सरकार का किया आभार प्रकट



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति चकला ओरमांझी के प्रतिनिधि मंडल मुख्य संरक्षक जमाल मुंडा के निर्देशानुसार भगवान बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी के सहायक वन संरक्षक से औपचारिक मुलाक़ात कर सरकार एवं विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। ज्ञात हो कि जैविक उद्यान परिसर में भगवान बिरसा मुंडा का भव्य प्रतिमा स्थापित करने को लेकर लंबे समय से स्मारक समिति प्रयासरत रहा। और हर स्तर से स्मारक समिति ने अपना मांग को लेकर संघर्ष किया जिसका परिणाम स्वरूप हेमंत सोरेन की सरकार ने आदिवासी भावना के जन स्वरूप प्रतिमा के लिए विभागीय टेंडर निकाला गया। जिससे पूरे समाज में हर्ष का माहौल है।

# कौशल प्रशिक्षण से बना रहे स्वरोजगार की राह : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर में चल रहे हैं इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के द्वारा निशुल्क बिल्डिंग प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इंडो डेनिश टूल रूम के द्वारा बेरोजगार युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार की राह दिखाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षत कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इंडो डेनिश टूल रूम के वरीय प्रबंधक आशुतोष कुमार ने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। ताकि युवा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वयं स्वोजगार से जुड़ें और अन्य लोगों के लिए भी रोजगार उत्पन्न करने में सक्षम हो सकें। बहुत जल्द अगला बैच कंप्यूटर का प्रारंभ किया जाएगा। पहला बैच में ईएसडीपी वेल्डिंग प्रशिक्षण में 35 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस मौके पर प्रबंधक रतन दास गुप्ता जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक उप प्रमुख आरती देवी ,मुखिया शर्मिला कुमारी ,प्रशिक्षक पंकज कुमार, नितीश कुमार महतो, आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, चतरा ।

**शुद्धि पत्र**

पत्रांक 159 चतरा दिनांक 10.03.2023

इस कार्यालय के पत्रांक–154 दिनांक– 06.03.2023, **e-Tender Reference No. WRD/MID/CHATRA/F2-01/2022-23** PR 291969 Irrigation(22-23)D द्वारा प्रकाशित निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 19.03.2023 के स्थान पर दिनांक 20.03.2023 के सुबह 9.00 बजे पूर्वाह्न तक होगा। तथा Receipt of Bids fee security and other document जमा करने की अंतिम तिथि 20.03.2023 को सुबह 10.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 अपराह्न बजे संध्या तक रहेगा।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल चतरा ।

PR 292180 Minor Irrigation(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 291942 (Building)22-23*D जो परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय 13.03.2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) मुहरबंद लिफाफा निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय 14.03.2023 को अपराह्न 3:00 बजे तक, निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.03.2023 को 03:30 बजे अपराह्न तक अंकित है, को अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित करते हुए निविदा प्राप्त एवं खोलने की नई तिथि पढ़ा जाय :–

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय 22.03.2023 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
2. मुहरबंद लिफाफा निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय–23.03.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक
3. मुहरबंद लिफाफा निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 23.03.2023 को 03:30 बजे अपराह्न तक

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 292191 (Building)22-23*D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## Department of Health Medical Education & Family Welfare, Govt. of Jharkhand

Nepal House, Doranda, Ranchi-834002 E-mail: hlthdept.fdi@gmail.com

**Notice Inviting "Expression of Interest" From Charted Accountant Firms**

Expression of Interest is invited from the C&AG empanelled Jharkhand based Chartered Accountant Firms having experienceof adjustment of AC and DC Bills in Govt. Departments with efficient and sufficient number of staff for shortlisting for engangment in Health, Medical, Education and Family Welfare for adjustment of Abstract Contingent (A.C.) Bills and Detailed Contingent (D.C.) Bills of the department. The Prescribed format and the Terms of Reference is available in our department and on departmental website https://www.jharkhand.gov.in/ health **Expression of Interest** in prescribed format is to be submitted to Additional Chief Secretary Department of Health Medical Education& Family Welfare, Govt. of Jharkhand Nepal House, Doranda, Ranchi-834002 through **Registered/Speed Post only up to 20.03.2023 5:00 pm** Expression of Interest received after above mentioned due date and time or incomplete format or with conditional offer will not be entertained/accepted. The meeting of selection committee will be held only after shortlisting of applications. Then selection committee will decide the eligible firms. Final Selection result will be uploaded on Website of this department and communicated individually by the authority by email also. Undersigned has full right to withdraw or cancel or amend part or whole of the E.O.I or work order accordingly.

**(Vijay Verma) Dy. Secretary**
**Department of Health Medical Education & Family Welfare, Govt. of Jharkhand**

**PR 292183 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D**

## ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार
## विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2, धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/107/2021-22 दिनांक– 10/03/2023

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | नवनिर्मित झारखण्ड विधानसभा, धुर्वा रॉंची स्थित 4 अदद् **600TR** सेन्ट्रलाईज वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 1,42,32,052=00 | 10,000=00 | 2,85,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.03.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 23.03.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 28.03.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 29.03.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | मुख्य विद्युत अभियन्ता–सह–मुख्य विद्युत निरीक्षक, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

नोट :–निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 292216 Energy (22-23)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम,राँची

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**
**(द्वितीय कॉल)**

जिसका **PR No. 286094 (Drinking Water and Sanitaion)** 2022–23 है।

**Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-16/2022-23 Date - 10-03-2023**

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/ Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2022-23 (on Turn Key Basis) | 1C | 1C (iv) | Mandar | 563.94 | 5.64 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 11-03-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 16-03-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 17-03-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 17-03-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

**PR 292194 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**

## कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

**इच्छा की अभिव्यक्ति Expression of Interest**

जिला परिषद्, कोडरमा का आय श्रोत बहुत कम होने के कारण आय वृद्धि हेतु जिला परिषद् की भूमि एवं जिला परिषद्, को हस्तातंरित भूमि पर Marketing complex/public office building/Vending Zone इत्यादि के लिए &Techno- Economic feasibility reports, DPR's (detail Project Report) अनुमोदित दर पर तैयार करने हेतु Urban Development & housing Department, BCD एवं Other Department में empanelled consultants से इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) के तहत आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

अतः इच्छुक consultancy इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)का आवेदन मुहर बंद लिफाफा में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में दिनांक–18/03/2023 को अपराह्न 2.00 बजे तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उप विकास आयुक्त– सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, कोडरमा के सभाकक्ष में दिनांक– 18/03/2023 को 4.00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा।

नियम एवं शर्तें कोडरमा जिला के वेवसाईट WWW.Koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

**PR.NO.292174 Panchayati Raj(22-23):D**

## Office of the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga

**Very Short Term Tender Notice**
**Tender No. 02/22-23, D.L.S.A., Lohardaga**

The District Legal Services Authority, Lohardaga invites sealed quotations from the reputed vendors/firms for purchase of following items required for the office of Legal Aid Defense Counsel System, Lohardaga.

| SI No. | Name of item | Quantity | Period of Supply for all the mentioned items | Last date of receipt of Bid | Name and address of the inviting authority |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Godrej Storewell Plan | 5 | 3 days from the day of opening of Bid | 20th day of March, 2023 | District Legal Services Authority, Lohardaga |
| 2 | Godrej Table T/9 | 5 | | | |
| 3 | Godrej Revolving BRAVO | 5 | | | |
| 4 | Godrej Vistors Chair for BRAVO 2 | 20 | | | |
| 5 | Godrej Computer Table C-9 | 2 | | | |

Hence, tenders are invited for the aforesaid items in a sealed envelope in the office of the Secretary, District Legal Services Authority, Lohardaga. Bidder may contact on the number 1. 9431318932 during the office hour from 11:00 AM to 04:00 PM on working days only.

Note:
1. Price quoted must be inclusive of all taxes and installation charges.
2. Items must be ready to display.
3. No quotation will be entertained after due date.
4. Warranty of the items cover local service support by vendor/firm during the period of warranty.
5. The Chairman, DLSA, Lohardaga reserves the right to accept or reject any or all quotations without assigning any reasons.
6. Bidder can visit https://districts.ecourts.gov.in/lohardaga for further reference.

Sd/-
Secretary,
DLSA, Lohardaga

**PR 292222 Lohardaga(22-23).D**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा
सहिजना मोड़ , गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट (1st Call) निविदा सूचना संख्या– DWSD/GAR/27/2022-23, दिनांक–16.02.2023 (Construction of Civil work, Plumbing and water supply work, internal Electrification etc work for inspection Bunglow at WTP Campus, Obra Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W.&S. Division, Garhwa for the year 2022-23) जो PR No. 290512 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 #(D) द्वारा निविदा प्रकाशित है, जिसमें अपरिहार्य कारणों से प्राक्कलित राशि, कार्य अवधि, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क0सं0 | Name of Work | पूर्व में प्रकाशित | | संशोधित कर प्रकाशित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Estimated cost (in Rs.) | Time of Completion | Estimated cost (in Rs.) | Time of Completion |
| 1 | Construction of Civil work, Plumbing and water supply work, internal Electrification etc work for inspection Bunglow at WTP Campus, Obra Rural Pipe Water Supply Scheme under D.W.&S. Division, Garhwa for the year 2022-23 | 2,08,11,783.00 | 06 Months | 2,08,10,937.00 | 12 Months |

निविदा की तिथि एवं समय :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित कर प्रकाशित |
|---|---|---|---|
| 1 | Date & time of Publication of Tender on Website | 22.02.2022/12:30 P.M. | 14/03/2023 12:30 P.M. |
| 2 | Date & time of Pre-bid Meeting | 27.02.2023/12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D.W.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. | 15/03/2023 12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D.W.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 3 | Date & time of Bid Submission start date | 27.02.2023/04:00 P.M. | 15.03.2023/06:00 P.M. |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | 02.03.2023/05:00 P.M. | 22/03/2023 05:00 P.M. |
| 5 | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 03.03.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | 23/03/2023 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. |
| 6 | Date & time of Opening Tender | 04.03.2023/04:00 P.M. | 24/03/2023 05:00 P.M. |

नोट – (i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर या कार्यालय में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 292236 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## युवाओं को सशक्त बनाने के लिए होण्डा ने झारखण्ड में खोला कौशल विकास केन्द्र

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कौशल भारत मिशन के लिए प्रतिबद्ध होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इण्डिया (एचएमएसआई) ने गवर्नमेन्ट इंडस्ट्रियल टेऊनिंग इंस्टीट्यूट (आईटीआई) के सहयोग से धनबाद के झारूदीह स्थित जय प्रकाश नगर में झारखण्ड के पहले कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन किया है। होण्डा के नए कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन संदीप सिंह आईएएस (डिप्टी कमिश्नर, धनबाद), आनंद कुमार, (प्रिंसिपल, इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, धनबाद), राजेन्द्र भीमराव शिंदे (जनरल मैनेजर, रीज़नल बिज़नेस ईस्ट कस्टमर सर्विस, एचएमएसआई) तथा गवर्नमेन्ट आईटीआई, धनबाद एवं एचएमएसआई के अन्य दिग्गज अधिकारियों की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर आत्सुशी ओगाता, मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेज़ीडेन्ट एवं सीईओ, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा कि अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को पूरा करते हुए एचएमएसआई भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने के लिए कौशल भारत मिशन को सक्रियता से समर्थन प्रदान कर रही है। ऑटोमोबाइल उद्योग में तेज़ी से आ रहे बदलावों के चलते कुशल टेकनिकल मैनपावर की मांग बढ़ रही है।



## पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को सुरभि शाखा ने किया सम्मानित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाह करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पद्मश्री से सम्मानित देश की जानी-मानी पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल को कदमा स्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, संस्थापक ममता अग्रवाल, नीलम देबूका, सबिता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल आदि सदस्यों का योगदान रहा। मालूम हो कि प्रेमलता अग्रवाल दुनिया की सात सबसे ऊंची शिखरों पर चढ़ने वाली उम्रदराज पहली भारतीय महिला हैं।




## हिंद आश्रम के बच्चों के बीच खुशी बांटने का प्रयास

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा ने अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए आनंद सबके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत बर्मामाइंस स्थित हिंद आश्रम के बच्चों के साथ होली का पर्व मनाया। साथ ही उनके बीच सुखा मीठा और नमकीन का पैकेट समेत रंग-गुलाल का वितरण कर खुशी बांटने का एक छोटा सा प्रयास किया गया। आश्रम के बच्चो के साथ होली मना कर शाखा के सदस्य काफी संतुष्ट थे। यह कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष रवि गुप्ता के नेतृत्व मे संपन्न हुआ। मौके पर शाखा के संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, चेतन अग्रवाल, अंशुल् रिंगासिया, आनंद अग्रवाल, मेघा रिंगासिया, विजय सोनी आदि मौजूद थे।




## समानता व सम्मान के संकल्प के साथ आरएसबी में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरएसबी परिवार के लिए महिला दिवस सिर्फ एक दिवस नही, बल्कि ये हमारे प्रबंधन की सोच का आईना भी है। इस वर्ष की थीम एंब्रेस इक्विटी पर ही आरएसबी प्लांट तीन में महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर नारी सशक्तिकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं में पद्मश्री छूटनी महतो, द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित पूर्णिमा महतो तथा आदिम जनजातियों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाली रानी सबरीन को सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस मौके पर कई शिक्षाविद, कलाकार और समाजसेवी भी उपस्थित थे जिसमे प्रमुख रूप से प्रतिभा मोहंती और सुमन प्रसाद शामिल रहे। इस मौजे पर सुमन प्रसाद ने महिला दिवस की थीम पर ही अर्धनारीश्वर भगवान शिव की लाइव पेंटिंग बना कर लोगों का दिल जीत लिया। करीब तीन घंटे चले इस कार्यक्रम में एक सौ से अधिक महिलाकर्मियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर बतौर अभिभावक कंपनी के वाइस चेयरमैन सह प्रबन्ध निदेशक एसके बेहरा तथा उनकी पत्नी संगीता बेहरा भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में एमडी ने न सिर्फ महिला कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया बल्कि आने वाले समय में कंपनी के कार्यबल में महिलाओं को संख्या को 30 प्रतिशत बढ़ाने की इच्छा भी जताई।



## अंसार खान ने बिजली व्यवस्था को दुरुस्त कराया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में मानगो के कई क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटों के तारों की कार्बन और स्ट्रीट लाइटों को जो खराब पड़ी हुई थी उनको चेंज किया गया। आज जवाहर नगर रोड नंबर (14) साबरी नूरी मस्जिद, जेएमएम ऑफिस से लेकर नीचे तक, जवाहर नगर क्रॉस रोड नंबर (14), जवाहर नगर रोड नंबर (12) नियर शबीना मस्जिद क्षेत्र, बालिगुमा ब्रिज के सामने खड़िया बस्ती, संकोसाई रोड नंबर (1), और कालका नगर रोड नंबर (1) इन क्षेत्रों में काम किया गया। इस कार्य करने के लिए मानगो नोटिफाइड के सिटी मैनेजर निषात ने इलेक्ट्रिशियन सुशील मुखी सागर मजूमदार को भेजा गया। अंसार खान का सहयोग मोहम्मद शमसी आदिल खान अली राजा, और बस्ती वासियों ने किया।

## अवैध बालू सहित दो ट्रैक्टर जब्त

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया थाना पुलिस ने सामरम गांव के समीप से अवैध बालू उठाव कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए दोनों वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। गम्हरिया थाना प्रभारी सुषमा कुमारी के नेतृत्व में शुक्रवार को छापेमारी कर उक्त ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि सिंधुकोपा नदी तट से अवैध बालू का उठाव चोरी-छुपे किया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर वरीय पुलिस पदाधिकारियों से प्राप्त निर्देश के बाद एक टीम गठित कर छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सिंधुकोपा नदी से ट्रैक्टर में बालू लोड कर जा रहे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने सामरम गांव के पास पकड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक अनिल मुर्मू और ठाकुर मार्डी को भी मौके से हिरासत में लिया है। दोनो ट्रैक्टर चालक राजनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इस बाबत गम्हरिया सीओ को भी सूचित कर दिया गया है। इस संबंध में गम्हरिया सीओ मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा ट्रैक्टर जब्त किए जाने के बाद विधिवत सूचना दी गई है। जिसके बाद ट्रैक्टर समेत चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया जा रहा है। इधर, गम्हरिया पुलिस के इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# उपायुक्त ने 'परीक्षा पर चर्चा' में बढ़ाया बोर्ड परिक्षार्थियों का हौसला, सफलता के दिए टिप्स

**परीक्षा पर चर्चा में ऑनलाइन सभी 10वीं व 12वीं की सरकारी स्कूल के करीब 11 हजार परीक्षार्थी जुड़े**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 14 मार्च से झारखंड एकेडमिक काउंसिल की 10वीं और 12वीं की परीक्षा शुरू हो रही है । इस वर्ष पूर्वी सिंहभूम जिला से 10वीं में 26237 वहीं 12वीं में 24702 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों का मनोबल कैसा हो, उत्तर कैसे लिखें, निर्धारित समय में सभी प्रश्नों का उत्तर लिखना या पूरे परीक्षा के दौरान धैर्य बनाये रखने तथा माता-पिता को भी किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इसको लेकर %परीक्षा पर चर्चा% में उपायुक्त ने परीक्षार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए । विद्यार्थियों के साथ संवाद में उपायुक्त ने अपने विद्यार्थी जीवन की बातों को भी साझा किया तथा सफलता पाने के मूलमंत्र बताते हुए कहा कि तैयारी बढ़िया हो तो परीक्षा में बैठना और बेहतर करना कोई चुनौती नहीं है ।




**जितना सकारात्मक रहेंगे परिणाम उतना बेहतर होगा :** किसी भी विद्यार्थी के जीवन में बोर्ड परीक्षा एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, यह परीक्षा आपके भविष्य की दिशा तय करते हैं । बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों के साथ साथ माता-पिता, शिक्षक भी काफी गंभीर होते हैं । बच्चों से कहना चाहती हूं कि परीक्षा से घबरायें नहीं बल्कि कई परीक्षायें आपके समक्ष जीवन में आने वाली है ऐसे में जरूरी है कि आप आत्मसंयमित रहें, धैर्य रखें, परफॉर्मेंस प्रेशर में नहीं आएं । दूसरों की नकारात्मक बातों या प्रेशर बनाने वाली बातों से दूर रहें । विद्यार्थी का लक्ष्य यही हो कि मैने साल भर पूरी इमानदारी से मेहनत किये हैं, प्रयत्न किए हैं तो परिणाम भी बेहतर मिलेगा ।

**समय का ध्यान रखें, जो पूछा गया वही लिखें :** उपायुक्त ने परीक्षा कक्ष में बच्चों को क्या क्या ध्यान रखना चाहिए इसपर कहा कि सबसे पहले सवाल को अच्छे से पढ़ें। हैंडराइटिंग आपके व्यतित्व को बताता है, अच्छे हैंडराइटिंग में लिखें क्योंकि आपकी कॉपी दूसरे जिला के शिक्षक जांचेंगे, उन्हें साफ साफ आपका लिखा हुआ पता चले ताकि नंबर भी आपके अच्छे आएं। उपायुक्त ने कहा कि प्रैक्टिस परीक्षा जो जिला में लिया गया था उसका उद्देश्य से ही यही था कि बच्चे परीक्षा के माहौल में पहले से ढाल लें कि किस तरह से समयसीमा के भीतर सही-सही जवाब लिखना है । परीक्षा केन्द्र में समय का ध्यान रखना काफी जरूरी है। जिन सवालों का जवाब पहले आता हो उसे पहले बनायें, प्रयास करें कि सारे सवालों को एक जैसा समय दें, जो पूछा गया है वही लिखना है । उदाहरण के साथ या चित्र, टेबल, डायग्राम बनाकर जवाब लिखना चाहें तो जरूर लिखें । कई बार परीक्षार्थी किसी विषय का परीक्षा सही नहीं गया हो तो उसकी चर्चा करते हैं, इसकी उदासीनता अगले विषय की परीक्षा में झलकती है, ऐसी गलती नहीं करें। जो बीत गया उससे आगे बढ़ते हुए सिर्फ अगले विषय पर ध्यान देना है तथा यही मानसिकता एकदम अंतिम परीक्षा तक बनाये रखना है।

**बच्चों के उचित खानपान एवं भरपूर नींद का रखें ध्यान :** माता पिता के लिए भी यह चुनौती वाला समय होता है । जो पेपर लिखकर बच्चा आ गया उसका ज्यादा एनालिसिस नहीं करें, दूसरे की तैयारी में लगायें। बच्चे का हौसला बढ़ाते रहें । खानपान पर ध्यान दें, गर्मी का मौसम शुरू हो गया है तो शरीर को हाईड्रेट रखें । बिना खाना खाये परीक्षा केन्द्र नहीं भेजें। बच्चा अच्छे से खाना खाये, पूरी नींद ले इसपर विशेष ध्यान रखें । परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में पढने वाले करीब 11 हजार बच्चे ऑनलाइन जुड़े। जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला बरेलिया, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी, एसडीओ (शिक्षा)आशीष पांडेय ने भी परीक्षार्थियों का मार्गदर्शन किया ।

# थमने का नाम नहीं ले रहा हाथियों का उत्पात, तोड़ा घर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में हाथीयों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हाथीयों द्वारा जान माल को क्षति पहुंचाते हुए घरों को भी तोड़कर नष्ट किया जा रहा है। वहीं शुक्रवार की अहले सुबह करीब 2 बजे झुंड से बीछड़े एक हाथी ने गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय को भी तोड़फोड़ कर दिया। वहीं बोड़ा गांव में बीमला देवी का घर को तोड़कर घर में रखे धानों को चट कर गया। वहीं आधा दर्जन घरों को भी आंशिक क्षतिग्रस्त कर दिया है। बीमला देवी चौकी पर सोई हुई थी और घर का मलवा उसके ऊपर गीर गया ,वह किसी तरह जाग गई और चौकी के नीचे छुपकर अपनी जान बचाई । मालूम हो कि एक महिने के अंदर हाथीयों ने बोड़ा व कुईडीह में दो लोगों को मौत के घाट उतारने के बाद एक सप्ताह पहले बोड़ा गांव में तीन घरों को हाथीयों ने तोड़ कर अनाजों को चट कर गया था। वन विभाग के लाख कोशिश के बावजूद भी हाथीयों को क्षेत्र से भगाने में सफलता नहीं मिल पा रही है। बताया जा रहा है कि 20-25 हाथीयों का झुंड बोड़ा ,कुटाम व पिलीद आदि जंगलों में आना जाना कर रहा है। वहीं भुक्तभोगी राजेन्द्र सिंह मुण्डा व रामकृष्ण सिंह मुण्डा ने बताया कि हाथी कय घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। बताया कि घर में सोई हुई बीमला देवी के ऊपर भी घर का मलवा गीरने से वह चोटील हो गई है। उन्होंने हाथीयों को क्षेत्र से भगाने का वन विभाग से मांग किया है।

# एमजीएम अस्पताल में महिला दिवस पर पहली बार काटा गया केक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोल्हान प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम में इस साल पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यरत सिस्टरों (नर्सों) द्वारा केक काटा गया। सिस्टरों ने केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर मौजूद नर्सों ने कहा कि एमजीएम अस्पताल में पहली बार महिला दिवस पर केक काट कर खुशी बांटी गयी हैं। हम सब चाहते हैं कि अब हर साल केक कटिंग का कार्यक्रम हो। इसका आयोजन सिने तारिका माधुरी दीक्षित (नैने) के फैन समाजसेवी पप्पू सरदार द्वारा किया गया था। पप्पू सरदार ने सभी सिस्टरों के बीच मिठाई भी बांटे। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के एमजीएम अस्पताल की देखरेख करने वाले प्रतिनिधि राजेश बहादुर भी मौजूद थे। उन्होंने भी पप्पू द्वारा किये गये इस कार्य की प्रशंसा की। इससे पहले साकची बाजार स्थित अपनी दुकान मनोहर चाट के बाहर भी पांच गरीब बुजुर्ग महिलाओं के हाथों केक कटिंग करवाया। साथ ही पांच बुजुर्ग महिलाओं को जरूरत के घरेलू सामान और वस्त्र देकर सम्मानित किया। ये बुजुर्ग महिलाएं अपनी जिंदगी में कभी केक नहीं काटे थे। उनकी खुशी देखते बन रही थी।




# टाटा स्टील यूआइएसएल ने रामनगर पार्क को जनता को किया समर्पित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में कदमा के रामनगर में टाटा स्टील और टाटा स्टील यूआइएसएल की ओर से नया पार्क बनाया है . रामनगर पार्क का उदघाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता और सांसद विद्युत वरण महतो ने संयुक्त रुप से किया . इस दौरान रामनाथ पार्क को समर्पित किया गया . इस मौके पर टाटा स्टील के वीपी कारपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी , टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा समेत अन्य लोग मौजूद थे . रामनगर पार्क को काफी विकसित तौर पर बनाया गया है . इस पार्क में बच्चों के खेलने , बुजुर्गो के लिए आराम करने की जगह बनायी गयी है . इसके अलावा ओपन जिम भी बनाया गया है , जहां लोग अपने स्वास्थ्य को भी ठीक कर सकेंगे . इस दौरान मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि नागरिक सुविधाओं में लगातार बढ़ोत्तरी के लिए सरकार और कंपनी कृतसंकल्पित है और इसकी परिकल्पना को हम लोग धरातल पर उतारेंगे . इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए सांसद श्री महतो ने कहा कि टाटा स्टील ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पूर्व में भी शहर में अनेक नागरिक सुविधाओं का विकास किया है यह उसकी नई कड़ी है.




# लेपाटांड़ में हुई आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को आजसू पार्टी का प्रखंड कार्यसमिति का एक बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो की अध्यक्षता रखी गई।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की मजबूती एवं सभी बुथ कमिटी का पुनर्गठन को लेकर चर्चाएं की गई । वहीं प्रखंड अध्यक्ष गोपेश महतो ने बताया कि आजसू पार्टी को घर घर तक पहुंचाने व सभी बुथों में बुथ कमेटी का पुनर्गठन करने को लेकर कार्य समिति सदस्यों व पार्टी पदाधिकारियों को समय पर कमेटी गठन करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती को लेकर चर्चा भी किया गया। मौके पर मुख्य रुप में आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता जगदीश महतो, जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुरुपद सोरेन, जिला उपाध्यक्ष किरीटी महतो, जिला उपाध्यक्ष जितुराम महतों, प्रखंड सचिव तुलसी महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तपन उरांव, रामसाई उरांव, भगत सिंह मुण्डा, पिन्टु महतो, राजीव लायेक, आदि थे।

# वर्षों से बंद पड़े आवासीय विद्यालय का काम विधायक ने करवाया शुरु, खुशी की लहर

**विधायक ने सदन में उठाया था मामला, प्राक्कलित राशि बढ़कर हुई 5 करोड़ 2 लाख रुपए**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के भूला गांव में 4 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य आवंटन का अभाव एवं तकनीकी कारणों से पिछले करीब 4 वर्षो से बंद पड़ा हुआ था। ग्रामीणों की शिकायत एवं जरूरत को देखते हुए पिछले दिनों बजट सत्र के दौरान स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने इस मामले को सदन में उठाते हुए निर्माण कार्य फिर से शुरू कराने की मांग की थी। इसके बाद कार्य के हिसाब से प्राक्कलन राशि कम बताते हुए बढ़ोत्तरी के लिए विभाग में भेजा गया और त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग ने 72 लाख रुपये की बढ़ोत्तरी करते हुए स्वीकृति दी। अब 5 करोड़ 2 लाख रुपये से भवन का निर्माण कार्य पूरा किया जाना है। शुक्रवार को विधायक मंगल कालिंदी ने नारियल फोड़कर पुनः निर्माण कार्य शुरू किया। इसके पहले ग्रामीणों ने भूला में विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक ने उपस्थित लोगों से कहा कि भवन निर्माण कार्य दिसंबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2023 -24 में बोड़ाम क्षेत्र की बालिकाओं का नामांकन इसी विद्यालय भवन के लिए हो सकेगा। मौके पर पूर्व जिला पार्षद स्वपन महतो ने बताया कि भवन के अभाव में बोड़ाम क्षेत्र की बालिकाओं को अस्थायी रूप से जमशेदपुर के सुंदरनगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में रहना पड़ रहा है। वहां उनकी स्थिति काफी दयनीय है और कई बार मांग करने के बावजूद कोई सुधार नहीं होने से अभिभावकों को हमेशा सुरक्षा व स्वास्थ्य के बारे में चिंता रहती थी। उन्होंने कहा कि विधायक मंगल कालिंदी ने जनभावनाओं का कद्र करते हुए जो पहल किए हैं उसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। मौके पर पूर्व पार्षद स्वपन कुमार महतो, पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टूडू, बोड़ाम के विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, आकाश सिंह, कालीपद महतो, हिमांशु महतो, विनय मंडल, काजल सिंह, श्यामापद महतो, जामीनी प्रमाणिक, अश्विनी दास आदि शामिल थे।



# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत महिला दिवस का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** डालसा सरायकेला खरसावां के तत्वावधान में 04 मार्च से 11 मार्च 2023 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सरायकेला प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला समूह की दीदी सहित काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिजय कुमार मौके पर महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते हुए प्रभाव की चर्चा करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में सफल महिलाओं के संदर्भ में बताया। कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में बोलते हुए डालसा के सचिव कुमार क्रांति प्रसाद ने कार्यक्रम के मूल बिंदुओं पर प्रकाश डाला एवं महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान हेतु समाज से कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिजय कुमार के अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय राजीव कुमार सिन्हा, सचिव डालसा कुमार क्रांति प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी सरायकेला आदि थे।

# जिले भर में ऊर्जा मेला आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा जिले के सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडल में 11 मार्च, शनिवार को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक ऊर्जा मेला का आयोजन किया जा रहा है । बिजली संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उपभोक्ता ऊर्जा मेला में शामिल होकर समाधान पा सकते हैं। ऊर्जा मेला में निम्न वर्णित सुविधाओं का लाभ उठायें जिसमें; खराब मीटर बदलने से सम्बन्धित आवेदन दें ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिल सके, विद्युत विपत्र में गड़बड़ी से सम्बन्धित शिकायत, विद्युत बकाया राशि जमा करें, नया बिजली कनेक्शन लेने एवं हटाने संबंधी आवेदन जमा करें।

### विद्युत प्रमंडलवार कैम्प का स्थान निम्नवत है

1. जुगसलाई- 33/11 के.वी विद्युत शक्ति उप केन्द्र, जुगसलाई। 2. करनडीह- 33/11 के.वी विद्युत शक्ति उप केन्द्र, जुगसलाई। 3. छोटा गोविंदपुर- 33/11 के.वी विद्युत शक्ति उप केन्द्र, बिरसानगर।

**विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, मानगो:** 1. मानगो 1- विद्युत शक्ति उप केन्द्र, डिमना बस्ती, मानगो परिसर। 2. मानगो 2- विद्युत शक्ति उप केन्द्र, पटमदा परिसर।

**विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, घाटशिला:** 1. घाटशिला- मेढ़िया पंचायत भवन, मुसाबनी। 2. धालभूमगढ़- बागराचुरा (लक्ष्मी क्लब), बहरागोड़ा। 3. चाकुलिया- जामडोल बाजार चौक, चाकुलिया। 4. जादूगोड़ा- मुर्गाघुटू पंचायत भवन, मुसाबनी।

## गौरांग कोचा बालिका विद्यालय में विधिक सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** प्रखण्ड अन्तर्गत प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय गौरांग कोचा मे शुक्रवार को जिला विधिक सशक्तिकरण शिविर तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिकाओं को जानकारी देते हुए PLV कार्तिक गोप ने बालिकाओं को कानुनी जानकारी दिया । बालिकाओं व महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय बलात्कार यौन शोषण घरेलू हिंसा बाल विवाह तथा सभी छात्रोंओ को सामाजिक रुप से जागरुक होने की अपील की । साथ ही पोक्सो अधिनियम के बारे में कानुनी जानकारी दिया गया। मौके पर बालिकाएं , शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित थे ।

## संपादकीय

# मोदी-पराजय का फॉर्मूला

**प्रधानमंत्री** मोदी से लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कुछ वक्त के लिए कांग्रेस के चुनावी सलाहकार एवं रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने भाजपा और मोदी को चुनावी चुनौती देने का एक फॉर्मूला बताया है। वह कितना कारगर साबित होगा, यह तो चुनाव ही तय करेंगे, लेकिन उनका दावा है कि विपक्ष के कितने भी गठबंधन तैयार कर लिए जाएं अथवा वे किसी भी तरह की लामबंद राजनीति कर लें, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को पराजित करना फिलहाल संभव नहीं है। प्रशांत ने तब यह दावा किया है, जब विपक्ष के 9 बड़े नेताओं ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के अत्यंत दुरुपयोग के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी को एक साझा पत्र भेजा है। इन नेताओं में शरद पवार, ममता बनर्जी, चंद्रशेखर राव, अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, फारूक अब्दुल्ला और उद्धव ठाकरे शामिल हैं। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अतिरेक दुरुपयोग का हालिया उदाहरण मनीष सिसोदिया का दिया गया है। चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का विश्लेषण है कि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और विभिन्न लाभार्थी समूह भाजपा की चुनावी जीत की बुनियाद हैं। भाजपा काडर और संघ परिवार इन आधारों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित भी करने में सक्षम हैं। देश में जितने भी हिंदू हैं, उनका आधा हिस्सा भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के मतदाता नहीं हैं। औसतन 38-40 फीसदी वोट ही भाजपा के पक्ष में आते हैं, शेष उनके खिलाफ अलग-अलग पक्षों में बंट जाते हैं। जो विरोधी पक्ष हिंदू हैं, उनमें गांधीवादी, अंबेडकरवादी, सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट विचारधारा के भी लोग हैं। हिंदू सिर्फ संघवादी ही नहीं हैं। प्रशांत किशोर का आकलन है कि यदि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और लाभार्थी में से दो आधारभूत वोट बैंक में प्रभावी सेंध लगाई जाए, तो विपक्ष चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी को तगड़ी चुनौती दे सकता है। लाभार्थियों में वे समुदाय और वर्ग शामिल हैं, जिन्हें मुफ्त 5 किलोग्राम अनाज मिल रहा है या उनके बैंक खातों में राशि जमा कराई जा रही है अथवा जिन बहुत छोटे कारोबारियों को मुद्रा लोन मुहैया कराए जा रहे हैं। इन लाभार्थियों में महिलाएं, किसान और गरीब तबके शिद्दत से मोदी और भाजपा के पक्ष में वोट दे रहे हैं। जिन राज्यों में सरकारों ने कल्याण, समाज-सेवा के बेहतर काम किए हैं, स्थानीय गौरव और इतिहास को ज़िंदा रखा है, वे स्थानीय चुनावों में भाजपा के राष्ट्रवाद को पराजित करते रहे हैं। मसलन-पश्चिम बंगाल। लेकिन लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय परिस्थितियां, कई विरोधाभासों के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के पक्ष में रहती हैं। फिलहाल 2024 की संभावनाएं भी ऐसी लगती हैं। प्रशांत का मानना है कि फिलहाल प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उन्हें सिर्फ विपक्षी गठबंधन के आधार पर पराजित नहीं किया जा सकता। प्रशांत अब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी, राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में, अप्रासंगिक नेता मान रहे हैं। मौजूदा मुख्यमंत्री काल उनका अंतिम है। उनकी पार्टी भी दरक और टूट रही है। लोगों में उनके प्रति जो सम्मान का भाव होता था, अब व्यापक मोहभंग में तबदील होता जा रहा है। जब एक नेता स्थानीय स्तर पर खारिज कर दिया जाता है, तो उसके राष्ट्रीय स्तर पर सत्ता-परिवर्तन के आह्वान खोखले और निरर्थक साबित होने लगते हैं। कांग्रेस के संदर्भ में प्रशांत राहुल गांधी को 'सर्वमान्य नेता' मानते हैं, लेकिन राष्ट्रीय स्वीकृति अब भी बहुत दूर है। उनका मानना है कि कांग्रेस को ज़मीनी स्तर पर आंदोलन की तरह अभियान जारी रखने चाहिए। पार्टी लगातार जनमत तैयार करती रहे।


> चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर का विश्लेषण है कि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और विभिन्न लाभार्थी समूह भाजपा की चुनावी जीत की बुनियाद हैं। भाजपा काडर और संघ परिवार इन आधारों को सुरक्षित रखते हैं और सुनिश्चित भी करने में सक्षम हैं। देश में जितने भी हिंदू हैं, उनका आधा हिस्सा भी प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के मतदाता नहीं हैं। औसतन 38-40 फीसदी वोट ही भाजपा के पक्ष में आते हैं, शेष उनके खिलाफ अलग-अलग पक्षों में बंट जाते हैं। जो विरोधी पक्ष हिंदू हैं, उनमें गांधीवादी, अंबेडकरवादी, सोशलिस्ट और कम्युनिस्ट विचारधारा के भी लोग हैं। हिंदू सिर्फ संघवादी ही नहीं हैं। प्रशांत किशोर का आकलन है कि यदि हिंदूवाद, राष्ट्रवाद और लाभार्थी में से दो आधारभूत वोट बैंक में प्रभावी सेंध लगाई जाए, तो विपक्ष चुनावों में प्रधानमंत्री मोदी को तगड़ी चुनौती दे सकता है। लाभार्थियों में वे समुदाय और वर्ग शामिल हैं, जिन्हें मुफ्त 5 किलोग्राम अनाज मिल रहा है या उनके बैंक खातों में राशि जमा कराई जा रही है अथवा जिन बहुत छोटे कारोबारियों को मुद्रा लोन मुहैया कराए जा रहे हैं।


## बोध कथा

### गोल्डन बैल्ट

**सालामिस** शहर की ओर जाते हुए दो आदमियों का साथ हो गया। दोपहर तक वे एक नदी तक आ गए, जिस पर कोई पुल नहीं था। अब उनके पास दो विकल्प थे–तैरकर नदी पार कर लें या कोई दूसरी सड़क तलाश करें। "तैरकर ही पार चलते हैं," वे एक दूसरे से बोले, "नदी का पाट कोई बहुत चौड़ा तो नहीं है।" उनमें से एक आदमी, जो अच्छा तैराक था, बीच धारा में खुद पर नियंत्रण खो बैठा और तेज बहाव की ओर खिंचने लगा। दूसरा आदमी, जिसे तैरने का अभ्यास नहीं था, आराम से तैरता हुआ दूसरे किनारे पर पहुंच गया। वहाँ पहुँचकर उसने अपने साथी को बचाव के लिए हाथ पैर मारते हुए देखा तो फिर नदी में कूद पड़ा और उसे भी सुरक्षित किनारे तक ले आया। " तुम तो कहते थे कि तुम्हें तैरने का अभ्यास नहीं है, फिर तुम इतनी आसानी से नदी कैसे पार गए? ' पहले व्यक्ति ने पूछा। "दोस्त," दूसरा आदमी बोला, "मेरी कमर पर बँधी यह बैल्ट देखते हो, यह सोने के सिक्कों से भरी हुई है, जिसे मैंने साल भर मेहनत कर अपनी पत्नी और बच्चों के लिए कमाया है। इसी कारण मैं आसानी से नदी पार कर गया। तैरते समय मैं अपने पत्नी और बच्चों को अपने कन्धे पर महसूस कर रहा था।"

## अमृत कलश

### हृदय की शुद्धि

**विचार** बहुत महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि 'जो कुछ हम सोचते हैं, वही हम हो जाते हैं।' एक समय एक संन्यासी एक पेड़ के नीचे बैठता था और लोगों को पढ़ाया करता था। वह केवल दूध पीता था और फल खाता था और असंख्य प्राणायाम किया करता था। फलतः अपने को बहुत पवित्र समझता था। उसी गाँव में एक कुलटा स्त्री रहती थी। प्रति दिन संन्यासी उसके पास जाता था और उसे चेतावनी देता था कि उसकी दुष्टता उसे नरक में ले जायगी। बेचारी स्त्री अपने जीवन का ढंग नहीं बदल पाती थी, क्योंकि वही उसकी जीविका का एकमात्र उपाय था, फिर भी वह उस भयंकर भविष्य की कल्पना से सहम जाती थी, जिसे संन्यासी ने उसके समक्ष चित्रित किया था। वह रोती थी और प्रभु से प्रार्थना करती थी कि वे उसे क्षमा करें क्योंकि वह विवश थी। कालान्तर में कुलटा स्त्री और संन्यासी दोनों ही मरे। स्वर्गदूत आये और उसे स्वर्ग ले गये, जब कि संन्यासी की आत्मा को यमदूतों ने पकड़ा। वह चिल्लाया, "ऐसा क्यों? क्या मैंने पवित्रतम जीवन नहीं बिताया है और प्रत्येक मनुष्य को पवित्र होने की शिक्षा नहीं दी है? मैं नरक में क्यों ले जाया जाऊँ, जब कि यह कुलटा स्त्री स्वर्ग ले जायी जा रही है।" यमदूतों ने उत्तर दिया, "क्योंकि जब वह अपवित्र कार्य करने को विवश थी, उसका मन सदैव भगवान् में लगा रहता था और वह मुक्ति माँगती थी, जो अब उसे मिली है। किन्तु इसके विपरीत तुम यद्यपि पवित्र कार्य ही करते थे, परन्तु अपना मन सदैव दूसरों की दुष्टता पर ही रखते थे, तुम केवल पाप देखते थे और केवल पाप का ही विचार करते थे और इसलिए अब तुम्हें उस स्थान को जाना पड़ रहा है, जहाँ केवल पाप ही पाप है।" इस कहानी की शिक्षा स्पष्ट है। बाह्य जीवन कम महत्त्व का होता है, हृदय शुद्ध होना चाहिए और शुद्ध हृदय केवल शुभ को ही देखता है, अशुभ को कभी नहीं। हमें मनुष्य जाति के अभिभावक बनने की कभी चेष्टा न करनी चाहिए, न कभी पापियों का सुधार करनेवाले सन्त के रूप में वक्तृतामंच पर खड़े होना चाहिए।

---

**भारतीय लोकतंत्र खतरे में है और सरकार से असहमत लोगों के साथ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही**

# भारत की प्रतिष्ठा धूमिल करने के राहुली प्रयास


ललित गर्ग


> गांधी ने लंदन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पेगासस को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। वह देश में इस तरह की बातें कतरे ही रहे हैं कि मोदी सरकार के चतले भातरीय लोतकंत्र तखरे में है और सरकार से असहतम लोगों के साथ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। वह वहां यह भी कह गए कि भातर की सभी संस्थाओं और यहां तक कि न्यायालयों पर भी सरकार का कब्जा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके सरकार चलाने के तौर-तरीकों की तीव्र आलोचना की, जो महज खिसियाहट भरी अभद्र राजनीति का ही परिचायक नहीं था, बल्कि इसका भी प्रमाण था कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के लिए कोई किस हद तक जा सकता है, देश के गौरव को दाव पर लगा सकता है।

**देश** पर सर्वाधिक समय शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर विदेशी की धरती पर होहल्ला मचाते हुए भारत की छवि को धूमिल करने का घृणित एवं गैरजिम्मेदाराना काम किया है। गांधी ने लंदन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में पेगासस को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। वह देश में इस तरह की बातें करते ही रहे हैं कि मोदी सरकार के चलते भारतीय लोकतंत्र खतरे में है और सरकार से असहमत लोगों के साथ विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है। वह वहां यह भी कह गए कि भारत की सभी संस्थाओं और यहां तक कि न्यायालयों पर भी सरकार का कब्जा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके सरकार चलाने के तौर-तरीकों की तीव्र आलोचना की, जो महज खिसियाहट भरी अभद्र राजनीति का ही परिचायक नहीं था, बल्कि इसका भी प्रमाण था कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के लिए कोई किस हद तक जा सकता है, देश के गौरव को दाव पर लगा सकता है। राहुल गांधी ने जिस तरह प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया, क्या वह देश के सर्वोच्च राजनीतिक दल की गैर जिम्मेदाराना राजनीति का परिचायक नहीं है? राहुल गांधी ने यह बात ठीक उस वक्त कही, जब कुछ ही घंटे पहले सर्वोच्च न्यायालय ने दो ऐसे फैसले दिए थे, जो सरकार के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए भी देखे गए। एक फैसले के तहत उसने निर्वाचन आयोग के आयुक्तों की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को भागीदार बनाया और दूसरे के तहत अदाणी मामले की जांच करने के लिए अपने हिसाब से एक समिति गठित की। सबसे हैरानी एवं दुर्भाग्य की बात यह रही कि राहुल गांधी ने पेगासस मामले को नए सिरे से उछाला और अपनी जासूसी का आरोप लगाते हुए यह हास्यास्पद दावा भी किया कि खुद खुफिया अधिकारियों ने उनसे कहा था कि उनका फोन रिकार्ड किया जा रहा है और उन्हें संभल कर बात करनी चाहिए। स्पष्ट है कि उन्होंने यह बताना आवश्यक नहीं समझा कि सुप्रीम कोर्ट की एक समिति ने इस मामले की जांच की थी और उसने यह पाया था कि उसके पास जांच के लिए आए फोन में से किसी में भी जासूसी उपकरण नहीं मिला। लगता है पेगासस राहुल के मोबाइल में नहीं, उनके दिमाग में है। राहुल गांधी अक्सर भाजपा सरकार एवं नरेन्द्र मोदी के विरोध में स्तरहीन एवं तथ्यहीन आलोचना, छिद्रान्वेशन करते रहे हैं। ऐसा लगता है उनकी चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। राहुल गांधी न सही, कम



से कम उनके सहयोगियों और सलाहकारों को यह पता होना चाहिए कि उनकी घिसी-पिटी बातें और यह राग लोगों को प्रभावित नहीं कर रहा बल्कि देश को बर्बाद कर रहा है। विदेश की धरती पर ऐसी सारहीन, तथ्यहीन एवं भ्रामक आलोचना से दुनिया में भारत की छवि को भारी नुकसान पहुंचता है। राहुल गांधी की राजनीतिक अपरिपक्वता एवं नासमझी के अनेक किस्से हैं, अक्सर वे खुद को सही साबित करने के लिए छल का सहारा लेने में लगे रहते हैं। अफसोस केवल यह नहीं कि बिना किसी सुबूत राहुल गांधी झूठ का पहाड़ खड़ा करने में लगे हुए हैं, बल्कि इस पर भी है कि अनेक जिम्मेदार राजनेताओं ने उनकी झूठ की राजनीति में सहभागी बनना बेहतर समझा। यही कारण है कि कांग्रेस एवं उसके अनर्गल प्रलाप में सहभागी बनने वाले राजनीतिक दल लगातार हार का मुंह देख रहे हैं, फिर भी कोई सबक लेने एवं सुधरने का प्रयास नहीं करते। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में कांग्रेस को जो पराजय मिली, वह उसके खोखले चिंतन, अपरिपक्व राजनीति, तथ्यहीन बयानों और दृष्टिहीनता का ही नतीजा है। राहुल गांधी अपने संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए किस तरह विदेश में देश को नीचा दिखाने पर तुले हुए हैं, इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने यह कह दिया कि मोदी सरकार सिखों, ईसाइयों और मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक समझती है। यह एक किस्म की शरारत ही नहीं, देश की एकता को खंडित करने की कोशिश भी है। यह देश को तोड़ने एवं आपसी सौहार्द को भंग करने की कुचेष्ठा है। अच्छा होता कि कोई उन्हें यह बताता कि भाजपा ने ईसाई बहुल नगालैंड में केवल 20 सीटों पर चुनाव लड़कर 12 सीटों पर जीत हासिल की हैं। किसी को राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि वह भारत विरोधी एवं भारत के दुश्मन चीन का बखान करके भारत के जख्मों पर नमक छिड़कने का ही काम कर रहे हैं। यह एक तरह की सस्ती, स्वार्थी और एक तरह से देशघाती राजनीति है। राहुल गांधी भले ही नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार रूपी साफ-सुथरे 'आइने' पर धूल जमी होने का ख्वाब देख रहे हो मगर असलियत में उसके 'चेहरे' पर ही धूल लगी हुई है जिसे उसे साफ करके 'आइने' में अपना चेहरा देखना होगा। क्योंकि दुनियाभर के राजनेता एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति भारत एवं नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा कर रहे हैं, जी-20 के सम्मेलन में भाग लेते हुए दिल्ली में एक दिन पहले ही इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनियाभर में लोग प्यार करते हैं। इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के संस्थापक बिल गेट्स ने भी पिछले दिनों एक लेख लिखकर बताया कि भारत विश्व को विकास एवं शांति की राह दिखा रहा है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, रूस, जापान और इजरायल सहित अनेक देशों के प्रमुख राजनेता भारत के प्रयासों की सराहना कर चुके हैं। ऐसे में जब राहुल गांधी विदेश में जाकर प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और अन्य संस्थाओं के संबंध में नकारात्मक टिप्पणी करते हैं, तब उनके बारे में क्या ही छवि बनती होगी? यह भी ध्यान में आता है कि राहुल गांधी भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर भी भरोसा नहीं करते हैं अपितु उन्हें भी नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। एक विदेशी संस्थान में यह कहना कि भारत में मीडिया और न्यायपालिका स्वतंत्र नहीं रह गए हैं, यह उचित नहीं ठहराया जा सकता। राहुल गांधी बताएं कि वे किस आधार पर यह कह रहे थे? क्या न्यायपालिका ने यह कहा है कि वह स्वतंत्र नहीं है? या फिर मीडिया संस्थान और न्यायपालिका से लेकर चुनाव आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी कांग्रेस के झूठे आरोपों और वितंडावाद से परेशान हो चुकी है। जब राहुल गांधी राफेल सौदे में गड़बड़ी को इंगित करते तब फिर वे क्या हासिल करने के लिए एक जरूरी रक्षा सौदे को संदिग्ध बता रहे थे? आखिर इससे उन्हें अपयश के अलावा और क्या मिला? उनकी नादानी की वजह से भारत की छवि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी धुंधलाती रही, यह बड़ा अपराध माना गया जो अक्षम्य भी था। भले सर्वोच्च अदालत इसके लिये राहुल को यह कहकर कि भविष्य में वह बहुत सोच-विचार कर बोलें और विषय की गंभीरता को समझ कर बोले, माफ कर दिया। जाहिर है कि राफेल पर राहुल गांधी उग्रता से भी ऊपर आक्रामक शैली में गैर-जिम्मेदाराना अंदाज में सीधे प्रधानमन्त्री की ईमानदारी और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर किये थे फिर भी हासिल कुछ नहीं हुआ था।

# पाक के आर्थिक संकट से दुनिया को सबक

> पिछले 25 वर्षों में एक तरफ सरकारी कर्ज 14 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा, जबकि पाकिस्तान की जीडीपी मात्र 3 प्रतिशत की दर से ही बढ़ पाई इसके चतले सरकारी कर्ज देश की क्षमता से कहीं ज्यादा पहुंच गया है क्योंकि कर्ज पर ब्याज और वापसी की देनदारी 5.2 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गई है, जो कि सरकार की कुल आमदनी से भी कहीं ज्यादा है। हालांकि इमरान खान की सरकार इसी राजकोषीय कुप्रबंधन के चतले गिर गई थी, लेकिन देश की तर्वमान सरकार पर स्थिति को संभालने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है। 18 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने बयान दिया है कि पाकिस्तान की सरकार अपनी देनदारी से पहले ही कोताही कर चुकी है। इस बारे में आर्थिक विशेषज्ञ एक तम हैं कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट के लिए कोई और नहीं, पाकिस्तान के हुक्मरान ही जिम्मेदार हैं।

**पाकिस्तान** अभी तक के अपने सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। पिछले 25 वर्षों में पाकिस्तान पर कर्ज 3 लाख करोड़ रुपए पाकिस्तानी रुपए से बढक़र 2022 तक 62.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच चुका है। पिछले 25 वर्षों में एक तरफ सरकारी कर्ज 14 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ा, जबकि पाकिस्तान की जीडीपी मात्र 3 प्रतिशत की दर से ही बढ़ पाई। इसके चलते सरकारी कर्ज देश की क्षमता से कहीं ज्यादा पहुंच गया है क्योंकि कर्ज पर ब्याज और वापसी की देनदारी 5.2 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपए तक पहुंच गई है, जो कि सरकार की कुल आमदनी से भी कहीं ज्यादा है। हालांकि इमरान खान की सरकार इसी राजकोषीय कुप्रबंधन के चलते गिर गई थी, लेकिन देश की वर्तमान सरकार भी स्थिति को संभालने में पूरी तरह से नाकामयाब रही है। 18 फरवरी 2023 को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने बयान दिया है कि पाकिस्तान की सरकार अपनी देनदारी से पहले ही कोताही कर चुकी है। इस बारे में आर्थिक विशेषज्ञ एक मत हैं कि पाकिस्तान के आर्थिक संकट के लिए कोई और नहीं, पाकिस्तान के हुक्मरान ही जिम्मेदार हैं। पाकिस्तान सुजुकी मोटर्स, मिलात ट्रैक्टजर्, इंडस मोटर कंपनी, कंधार टायर एंड रबर कंपनी, निशात चुनियान और फौजी फर्टिलाइजर बिन कासिम समेत पाकिस्तान की अधिकांश बड़ी कंपनियां बंदी की घोषणा कर चुकी हैं। 1600 कपड़ा मिलें 2022 तक बंद हो चुकी थी, जिसके कारण 50 लाख लोग अपनी नौकरी से हाथ धो चुके हैं। बाकी बची कंपनियां भी 50 प्रतिशत क्षमता का ही उपयोग कर पा रही हैं। मजबूरी में पाकिस्तान मदद के लिए कई बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का दरवाजा खटखटा चुका है। आईएमएफ का कहना है कि वो पाकिस्तान को मदद दे सकता है, जब वो उसकी शर्तों को माने। आईएमएफ की शर्त है कि पाकिस्तान 17 हजार करोड़ रुपए के अतिरिक्त कराधान का प्रावधान करे, डीजल पर अतिरिक्त लेवी लगाने की भी आईएमएफ की शर्त है। विशेषज्ञों का मानना है कि चाहे आईएमएफ की मदद से पाकिस्तान फिलहाल कुछ समय के लिए कर्ज की अदायगी की कोताही से बच जाएगा, लेकिन पाकिस्तान की समस्याओं का स्थायी समाधान इससे होने वाला नहीं है। अर्थशास्त्री पाकिस्तान की दीर्घकालिक और अल्पकालिक दोनों तरह की कई नीतियों के आलोचक रहे हैं, और उन्हें भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान की वर्तमान दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। सेना में आवश्यकता से अधिक निवेश करने से लेकर 'मुफ्त उपहार' देने और अस्थिर राजनीतिक वातावरण होने तक कई मुद्दों का जिक्र आता है। पाकिस्तान हुक्मरानों के निर्णयों की बात करें तो ध्यान में आता है कि उनके द्वारा कई नीतिगत फैसले लिए गए जो उसके राजनीतिक हित में थे न कि पाकिस्तान के आर्थिक हित में। सरकारों ने सिर्फ लोगों को खुश करने के लिए मुफ्तखोरी का रास्ता लिया। वस्तुओं की कीमतों को कम रखने के लिए लोक लुभावन उपायों का उपयोग किया जिससे खजाने पर बोझ बढ़ा, सरकारी सबसिडी का अंधाधुंध इस्तेमाल हुआ। देखा गया कि जहां तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को कम घटाया गया, लेकिन पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमत कम रखने का प्रयास किया। हालांकि इस बात के लिए भारत सरकार की आलोचना भी हुई, लेकिन भारत सरकार और राज्य सरकारों ने राजस्व में इसका फायदा उठाया। अंततोगत्वा हम देखते हैं कि भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और पाकिस्तान कंगाल हो गया। भारत सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के माध्यम से जो राजस्व जुटाया, उसका उपयोग उसने अपने स्वयं के धन से अधिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए किया। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने विदेशी ऋणों पर सवार बुनियादी ढांचे का निर्माण किया। पाकिस्तान धनाभाव के चलते अपनी जरूरतों के अनुसार नहीं बल्कि किसी विदेशी शक्ति (चीन) के इशारे पर बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रहा है, जिससे उसको फायदा तो कम हो रहा लेकिन कर्ज का बोझ इतना बढ़ गया है कि उसको चुकाना पाकिस्तान के बूते से बाहर हो गया। 'चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा' (सीपीईसी) इसका जीता जागता उदाहरण है। यह चीन के 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' का हिस्सा है। कुछ बिजली संयंत्र भी इस परियोजना के हिस्से हैं। पाकिस्तान की समस्या उन ऋणों के कारण है जो उनके उस बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए हैं जो पाकिस्तानियों के लिए किसी काम के नहीं थे। वास्तविकता यह है कि पाकिस्तान के पास पर्याप्त ग्रिड कनेक्टिविटी ही नहीं है, इसलिए सीपीईसी की बिजली परियोजना पाकिस्तान के किसी काम की नहीं। उसी तरह से अन्य प्रकार का इंफ्रास्ट्रक्चर भी पाकिस्तान के लिए पर्याप्त धन जुटाने में अपर्याप्त है। इस ऋण ने केवल पाकिस्तान के लिए भुगतान संतुलन की समस्याएं पैदा कीं और पाकिस्तानी मुद्रा का अभूतपूर्व मूल्यह्रास हुआ। आज, पाकिस्तान की विनिमय दर 261.7 पाकिस्तानी रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर है। पाकिस्तान चीन का इतना ऋणी है कि 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय ऋण में से लगभग 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर चीनी ऋण ही है। पाकिस्तान का कुल विदेशी कर्ज 126.3 अरब डॉलर है। पाकिस्तान का कुल सार्वजनिक ऋण और देनदारियां लगभग 222 बिलियन अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है जो कि पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद का 393.7 प्रतिशत है। यही नहीं, भारत के साथ प्रतिस्पर्धा में पाकिस्तान सरकार रक्षा क्षेत्र पर जरूरत से ज्यादा खर्च कर रही है। प्रतिरक्षा पर ज्यादा व्यय के बजाय उस धन का उपयोग बेहतर उद्देश्यों के लिए किया जा सकता था। पाकिस्तानी सरकार पर सेना का दबाव शायद उसे प्रतिरक्षा पर खर्च कम करने से रोकता है, लेकिन यह सत्य है कि आज यही फिजूलखर्ची पाकिस्तान के संकटों का कारण बन रही है। पाकिस्तान का मित्र माना जाने वाला चीन भी पाकिस्तान की मदद के लिए आगे नहीं आ रहा। उधर पाकिस्तान के अन्य मित्र देश भी पाकिस्तान को संकट से उबारने के लिए कोई उत्साह नहीं दिखा रहे। समझना होगा कि पाकिस्तान को अपने संकट से खुद ही उबरना होगा। उसके लिए जरूरी है कि पाकिस्तान आतंकवादियों की मदद करने वाली अपनी रणनीति से बाहर आए। पिछले समय में पाकिस्तान की इस प्रवृति के चलते फाइनैन्स ऐक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने लम्बे समय तक पाकिस्तान को ग्रे सूची में रखा और उसकी इन हरकतों के चलते विभिन्न प्रकार के निवेशक भी पाकिस्तान से कन्नी काटने लगे हैं। एक तरफ पाकिस्तान को कोई नया निवेश प्राप्त नहीं हो रहा, कई विदेशी कंपनियां भी पाकिस्तान को छोडने का मन बना रही हैं। पाकिस्तान को अनिवासी पाकिस्तानियों से भी भारी मात्रा में प्राप्तियां होती रही हैं, लेकिन अनिवासी पाकिस्तानी पाकिस्तान की बर्बाद होती अर्थव्यवस्था के चलते अपने धन की सुरक्षा के प्रति चिंतित हो रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान को नई प्राप्तियों में और अधिक कठिनाई आ सकती है।

## नागरिक बोध

# मिलावटखोरों को सजा ऐसी हो

**हमारी** दो दवा-निर्माता कंपनियों के कारनामों से सारी दुनिया में भारत की बदनामी हो रही है। इस बदनामी से भी ज्यादा दर्दनाक बात यह है कि इन दोनों कंपनियों- मेडेन फार्मा और मेरियन बायोटेक- की दवाइयों से गांबिया में 60 बच्चों और उजबेकिस्तान में 16 बच्चों की मौत हो गई। जब पहले-पहल ये खबरें मैंने अखबारों में देखी तो मैं दंग रह गया। मुझे लगा कि भारत से अरबों रु. की दवाइयों का जो निर्यात हर साल होता है, उस पर इन घटनाओं का काफी बुरा असर पड़ेगा। भारत की प्रामाणिक दवाइयों पर भी विदेशियों के मन में संदेह पैदा हो जाएगा। हमारी दवाएं अमेरिका और यूरोप की तुलना में बहुत सस्ती होती हैं। मुझे यह भी लगा कि इस मामले ने यदि तूल पकड़ लिया तो एशिया और अफ्रीका के जिन गरीब मरीजों की सेवा इन दवाइयों से होती हैं, अब वे वंचित हो जाएंगे। हो सकता है कि गांबिया और उजबेकिस्तान के उन बच्चों की मौत का कारण कुछ और रहा हो। लगभग दो माह पहले जब ये खबरें आईं तो यह भी अपुष्ट सूत्रों ने कहा कि इन दवाइयों के नमूनों की जांच यहीं की गई है और वे ठीक पाई गई हैं लेकिन इन देशों के जाँच कर्ताओं ने अब जांच पूरी होने पर कहा है कि इन दवाइयों में कुछ नकली और हानिकर तरलों को मिला देने के कारण ही ये जानलेवा बन गई थीं। इस निष्कर्ष की पुष्टि अब एक अमेरिका की एक जांच कंपनी ने भी कर दी है। भारत सरकार ने इन कंपनियों के खिलाफ पुलिस में रपट लिखवा दी है और उनके कुछ कर्मचारियों को गिरफ्तार भी कर लिया है लेकिन दोनों कंपनियों के मालिक और वरिष्ठ प्रबंधक फरार हैं। यदि उनको विश्वास है कि उनकी दवाइयों में कोई मिलावट नहीं की गई है तो उन्हें डरने की जरूरत क्या है? यह भी हो सकता है कि मालिकों और मेनेजरों की जानकारी के बिना भी मिलावट की गई होगी। यदि ऐसा है तो उन कर्मचारियों को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए और यदि मालिक और प्रबंधक भी इस जानलेवा मिलावटखोरी के लिए जिम्मेदार हैं तो उनकी सजा तो और भी सख्त होनी चाहिए। इन लोगों पर दस-बीस लाख या करोड़ रु. का जुर्माना बेमतलब होगा। इन सबको 76 बच्चों की सामूहिक हत्या का जिम्मेदार मानकर इनकी सजा भी इतनी भयंकर होनी चाहिए कि भावी मिलावटखोरों की नींद हराम हो जाए। यह सजा जल्दी से जल्दी दी जानी चाहिए ताकि आम लोगों को पता चले कि किस कुकर्म के लिए उन्हें दंडित किया गया है। उन्हें जेल के बंद दरवाजों के पीछे नहीं, चौराहों पर लटकाया जाना चाहिए और हर टीवी चैनल पर उसका जीवंत प्रसारण किया जाना चाहिए। उसके बाद आप देखेंगे कि देश में किसी भी तरह के मिलावटखोर आपको ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे।

## देश दुनीया से

# सशक्त महिला यानी सशक्त समाज

**हर** वर्ष 8 मार्च को दुनियाभर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इसे सबसे पहली बार अमेरिका के न्यूयार्क शहर में मनाया गया था। इसका आयोजन अमेरिका की सोशलिस्ट पार्टी ने किया था। रूस में 1917 में महिलाओं ने हक और सम्मान के लिए हड़ताल आयोजित की थी। इसके बाद से दुनियाभर में महिला दिवस मनाया जाने लगा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को औपचारिक मान्यता वर्ष 1975 में उस वक्त मिली जब संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे मनाना शुरू किया। इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम 'वूमेन इन लीडरशिप अचिविंग एन इक्वल फ्यूचर इन ए कोविड-19 वल्र्ड' यानी 'महिला नेतृत्व : कोरोना काल में बराबर भविष्य प्राप्त करना' है। देश तभी सशक्त बन सकता है जब उसका हर नागरिक सशक्त हो। इसमें भी महिलाओं की भूमिका ही सबसे आगे है। परिवार में एक मां के रूप में वह अपनी यह भूमिका अपनी मेहनत से अदा करती है। राष्ट्र निर्माण में उसके इस योगदान का लंबा इतिहास रहा है। विद्वानों का मानना है कि प्राचीन भारत में महिलाओं को जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ बराबरी का दर्जा हासिल था। अथर्ववेद में कहा गया है कि 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं। ऋग्वेद और उपनिषद जैसे ग्रंथ कई महिला साध्वियों और संतों के बारे में बताते हैं जिनमें गार्गी और मैत्रेयी के नाम उल्लेखनीय हैं। भारतीय जनजीवन की मूल धुरी नारी है। यदि यह कहा जाए कि संस्कृति, परम्परा या धरोहर नारी के कारण ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित हो रही है, तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। जब-जब समाज में जड़ता आई है, नारी शक्ति ने ही उसे जगाने के लिए, उससे जूझने के लिए अपनी संतति को तैयार करके, आगे बढने का संकल्प दिया है। हमारे देश के विकास में महिलाओं को सहभागी बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। भारतीय संविधान द्वारा कानूनों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सामान्य जीवन में उनकी समान भागीदारी के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। महिला साक्षरता दर भी 2011 के आंकड़ों के अनुसार लगभग 65 प्रतिशत बढ़ी है और वे देश में शीर्ष पदों पर कार्य कर रही हैं। देश के चहुंमुखी विकास तथा समाज में अपनी भागीदारी को महिलाओं ने सशक्त ढंग से पूरा किया है। 73वें संवैधानिक संशोधन के बाद देश की पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया है जिससे आज कई महिलाएं ऊर्जावान नेतृत्व से अपने स्थानीय परिवेश में परिवर्तन ला रही हैं। शक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया था। रानी लक्ष्मीबाई, सरोजनी नायडू, मादाम भिखाजी कामा, अरुणा आसफ अली, एनी.बेसेन्ट, भगिनी निवेदिता, सुचेता कृपलानी, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, दुर्गा भाभी एवं क्रांतिकारियों को सहयोग देने वाली अनेक महिलाएं भारत में अवतरित हुईं जिन्होंने राष्ट्र निर्माण के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। राजनीतिक और सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में महिलाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। उदाहरण के तौर पर विजयलक्ष्मी पंडित ने संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत का प्रतिनिधित्व किया और संयुक्त राष्ट्र महासभा की सदस्य भी रहीं। मैत्रेयी, गार्गी आदि विदुषी स्त्रियां शिक्षा के क्षेत्र में अपने बहुमूल्य योगदान के लिए आज भी पूजनीय हैं। आधुनिक काल में महादेवी वर्मा, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमृता प्रीतम आदि स्त्रियों ने साहित्य तथा राष्ट्र की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। कला के क्षेत्र में लता मंगेश्कर, देविका रानी, वैजयन्ती माला आदि का योगदान प्रशंसनीय है। वर्तमान में महिलाएं समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र उत्थान के अनेक कार्यों में लगी हैं। भारतीय महिलाएं विधि, अकादमिक, साहित्य, संगीत, नृत्य, खेल, मीडिया, उद्योग, आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के बाद महिला वैज्ञानिक टेसी थॉमस की मुख्य भूमिका उभरकर सामने आई है। मिसाइलमैन डा. अब्दुल कलाम की प्रमुख शिष्या रहीं डा. थॉमस को भी इस परीक्षण के बाद 'मिसाइल वुमन' अथवा 'अग्नि-पुत्री' नामों से संबोधित किया जाने लगा है।

> मिसाइलमैन डा. अब्दुल कलाम की प्रमुख शिष्या रहीं डा. थॉमस को भी इस परीक्षण के बाद 'मिसाइल वुमन' अथवा 'अग्नि-पुत्री' नामों से संबोधित किया जाने लगा है। मिसाइल कार्यक्रम का संपूर्ण नेतृत्व संभालने वाली वे देश की पहली महिला वैज्ञानिक बन गई हैं। वर्तमान में भी महिलाएं कई उच्च पदों पर आसीन हो देश की प्रगति के लिए कार्यशील हैं। देश के विभिन्न राज्यों के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों में भी महिलाएं विभिन्न पदों पर आसीन हैं। आज महिलाओं के मुद्दों और सरोकारों पर कहीं अधिक संवेदनशील होने और परिपक्वता दिखाने की आवश्यकता है। बालिका के जन्म से लेकर उसके युवा होने और युवा से बुजुर्ग होने तक उन्हें हर वाजिब हक की पैरवी हमें करनी होगी।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति के कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति के अंतर्गत संचालित कौशल विकास योजनाओं एवं प्रशिक्षण केंद्रों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना समेत अन्य योजनाओं के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्रों की जानकारी लेते हुए वित्तिय वर्ष 2022-23 में दिए गए प्रशिक्षण का डेटा बेस की समीक्षा कर जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्र एवं उनके द्वारा किये गए प्लेसमेंट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। प्रशिक्षित बच्चों की संख्या और प्लेसमेंट प्राप्त बच्चों की संख्या में भारी अंतर की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्लेसमेंट बढ़ाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सारथी योजना में बिरसा (ब्लॉक लेवल इंस्टीट्यूट फॉर रूरल स्किल एक्वीजीशन) प्रोग्राम की जानकारी लेते हुए उन्होंने प्रत्येक पंचायत में एक स्किल सेन्टर बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने हॉस्पिटैलिटी, कैटरिंग, माइनिंग, टूरिज्म, मोबाइल रिपेयरिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रोत्साहित करने की बात कहते हुए उन्होंने कौशल मेला आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, कौशल विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धनंजय तिवारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## मनरेगा योजना में लूट की छूट, एक ही जगह कुकुरमुत्ता की तरह संचालित है डोभा निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** मनरेगा योजना में लूट की छूट...तर्ज पर डोभा निर्माण संचालित है। जी हां एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है, जहां एक ही जगह कुकुरमुत्ता की तरह डोभा निर्माण कराया जा रहा है। यह मामला सबानो पंचायत अंतर्गत रानी पोखर टोले की है। यहां वर्तमान में पांच डोभा है, जिसमें तीन पूर्व में निर्माण कराया गया है और दो का निर्माण कार्य जारी है। जारी एक डोभा निर्माण में पुराना डोभा को ही बना दिया गया है। इसे साफ प्रतीत होता है की डोभा निर्माण में मिलीभगत का संदेहास्पद पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। यह पांचो डोभा का ग्रामीणों के लिए अनुपयोगी है। अगर इसकी जांच जिले के वरीय अधिकारियों के द्वारा की गई तो एक बड़े घोटाले का उजागर होगा और कई संबंधित लोग जेल की हवा खाएंगे। इस बाबत डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता से पूछे जाने पर बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नहीं है, मामला अब मेरे संज्ञान में आए हैं। इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में अनियमितता पाए जाने पर राशि की रिकवरी की जाएगी और संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## करोड़ों की लागत से बन रहे पूल 5 वर्षों में भी नहीं हो सका पूर्ण




**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गारु प्रखंड अंतर्गत कार्रवाई ग्राम स्थित कोयल नदी पर पुल निर्माण कार्य 5 वर्षो से है। लंबित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गारू प्रखंड के कार्रवाई ग्राम स्थित कोयल नदी पर पुल निर्माण कार्य की आधारशिला 2018 में रखी गई थी और निर्माण कार्य वर्ष 2019 तक पूरा कर देना था एवं आगामी 5 वर्षो तक समान अनुरक्षण की लागत राशि के तहत पुल निर्माण कार्य का देख रेख करना था। मगर 5 वर्ष में भी कार्य पूरा नहीं हो सका। और मजदूरों का मजदूरी भुगतान भी नहीं किया जाता इसलिए मजदूरों में रोश व्याप्त है। वहीं निर्माण कार्य में घटिया मेटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। इसलिए स्थानीय लोगों का कहना है। कि जांच होनी चाहिए एवं उच्च अधिकारियों की देखरेख में कार्य पूर्ण कराया जाए।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया



**महुआडाड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईआरबी के समीप लातेहार एमबीआई सुनिल कुमार के द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों का ओन लाईन चलान एम बी आई अधिकारी सुनिल कुमार के द्वारा किया गया है साथ ही सभी वाहनों चालकों को मोटर साइकिल चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सिफ्ट बैल्ट लगाने कि सलाह दिया गया साथ ही सभी वाहनों के चालकों से कहा गया कि आये दिन काफी दुर्घटना घटित हो रही है कोई भी वाहन चालक शराब का सेवन ना करें आपकी जिंदगी परिवार के लोगों के लिए अहम है नजर हटी, दुर्घटना घटी वाहन चलाते समय सावधानी रखें, चैकिंग अभियान में वाहनों कि कागजात की जाँच भी किया गया वही वाहन चैकिंग अभियान में मुख्य रूप से पु 0आनि मो कमर आलम, आई आर बी व जिला पुलिस बल शामिल थे।

## बीडीओ ने किया मासिक समीक्षा बैठक सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी हुए उपस्थित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार 10 मार्च को मासिक समीक्षा बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह के अध्यक्षता में किया गया। एवं संचालन बीपीओ अजय कुमार सिंह ने कीए। जहां मनरेगा से संबंधित संचालित योजना पीएम आवास 15 वित्त आयोग से संबंधित योजनाओं का कार्य में तेजी लाने का सभी अधिकारियों को बिडियो के द्वारा निर्देश दिया गया। एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में मेंट से जुड़ी महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। तथा दो रोजगार सेवक स्वर्ण लता कुमारी एवं उर्शीला टुटी एक सफल उद्यमी दीदी बगिया रजनी देवी को फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि पौधा आम, केला, अमरुद, नींबू, कपूर का शामिल है। वही अनु सेविका पुतुल देवी एवं शांति टुटी को भी फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड के महिला 4 पंचायत के मुखिया को भी फलदार पौधा देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मंजगांवां पंचायत मुखिया व मुखिया समिति के अध्यक्ष सरिता देवी गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी बारिसाखी पंचायत मुखिया सुमिरा कुमारी पहरा पंचायत मुखिया बेबी देवी शामिल हैं। बैठक में उपस्थित पंचायत सेवक मिथिलेश सिंह उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा कनीय अभियंता सचिन कुमार रोजगार सेवक गोविंद कुमार रोहित कुमार सुनील कुमार मुखिया जगदीश यादव डेगन गंझु जेएसएलपीएस से एफटीसी अनिल प्रजापति बीआरपी विजय रजक महिला मेंट रजन्ती देवी उषा देवी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश साव दिनेश भारती व अन्य लोग शामिल थे।

# बारियातू पहाड़ा भवन में सरहुल पुजा को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत पहाड़ा भवन, नचना में प्रखण्ड स्तरिय सरहुल पर्व 2023 की तैयारी बैठक की गई। बैठक का संचालन रामकिशुन उरांव ने की। बैठक में बारियातू प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखिया, बुद्धिजिवी, गणमान्य महिला, पुरुष उपस्थित रहे। इस बैठक में सरहुल पर्व के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के बाद सरहुल पर्व को हर्षोल्लास से मनाने हेतु सर्वसम्मति से अगला बैठक दिनांक 13 मार्च 2023 दिन सोमवार, समय 12 बजे, पहाड़ा भवन, नचना में रखा गया है। उक्त बैठक में प्रखण्ड स्तरिय प्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, व



समाज के अगुआ गण सम्मिलित होंगे जिसमें सरहुल पर्व हेतु समिति का गठन किया जाएगा, साथ ही साथ सरहुल पर्व कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुखिया राजीव भगत, पुर्व मुखिया प्रमोद उरांव, धनेश्वर उरांव, धर्म अगुआ तेतर उरांव, प्रधान उरांव, जयपाल उरांव, रामप्रीत लोहरा, जगदिश उरांव, विना उरांव, जितेंद्र उरांव, तेतरी देवी, सीता मनी देवी, मालती देवी, रुपनी भगत,सरिता देवी सहित अनेकों महिला पुरुष उपस्थित रहे। बैठक समाप्ति की घोषणा दिगंबर भगत ने की।

## सांसद ने अजीम को ईलाज के लिए दिलाया पचास हजार का मदद



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सांसद सुनील कुमार सिंह के अनुशंसा पर टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कबरा निवासी एमडी अजीम अंसारी को शल्य चिकित्सा उपचार हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रधान मंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 50000/= (पचास हजार) की राशि स्वीकृत किया गया है। अजीम अंसारी बीते कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं जिनका ईलाज क्रिश्चन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में चल रहा है। अजीम अपनी मदद के लिए टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय से सम्पर्क किया जिसके बाद हमेशा संवेदनशील रहने वाले सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने सांसद सुनील कुमार सिंह को संज्ञान में देते हुए इनके ईलाज से संबंधित पुरा पेपर दिल्ली में उपलब्ध कराया। संज्ञान में आते ही सांसद सुनील कुमार सिंह के द्वारा त्वरित रूप में इनके ईलाज के लिए प्रधानमंत्री के पास अनुशंसा किया गया जहां से अजीम को यह पचास हज़ार का तत्काल आर्थिक मदद मिला। अजीम राज मिस्त्री का काम कर अपना गुजारा करता है। यह आर्थिक मदद मिलने पर एमडी अजीम अंसारी, पिता एमडी ताहीर हुसैन, उसके परिवार वाले, बिनोद सिंह व कबरा ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सांसद सुनील कुमार सिंह और सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संदेहास्पद स्थिति में लाया गया सदर अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर स्थित चंदनडीह निवासी तुल्लु पांडेय को गुरुवार की रात तापा लाइफ हॉस्पीटल के समीप एक खेत से संदेहास्पद स्थिती मे पाए गए।जिन्हे स्थानीय लोगो द्वारा सदर अस्पताल इलाज हेतु लाया गया। छ्रह्न अखिलेश्वर व स्नह्न सुनील भगत ने मृत घोषित कर दिया। हालाकि मौत किस कारण से हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद ही बताया जा सकता है। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा,सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर विशाल भास्कर अमरजीत सिंह , प्रदीप राम समेत स्थानीय लोग मौजूद थे।इस घटना से चंदनडीह मुहल्ले के लोग स्तब्ध है। घटना की सूचना सदर थाना पुलिस को दे दी गई है।इधर नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन सिन्हा ने कहा है की यह बहुत ही दुखद घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाने का काम किया।

## खेतीबारी ही है जीवन निर्भरता के साधन पक्की नहर के जगह है कच्चा नहर किसानों के बीच है मायूसी : राजकुमार मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड मुख्यालय से करीब 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोकी पंचायत वासियों के जीवन निर्भरता का मुख्य साधन खेतीबारी है। इस पंचायत के 90 फ़ीसदी आबादी खेती किसानी का काम करके ही जीवन यापन करते हैं।चिलचिलाती धूप हो या फिर हाड़ कंपा देने वाली ठंड या फिर बिजली कड़कने के साथ-साथ मूसलाधार बारिश हो। इन तीनों मौसम में यहां के महिला और पुरुष और इनके बच्चे खेतों में काम करते नजर आएंगे। जीविकोपार्जन इनका पूरी तरह से खेती-बारी पर ही निर्भर करता है। लेकिन इस पंचायत के लोगों के लिए सरकार की तरफ से कुछ खास सुविधाएं और व्यवस्था दूर-दूर तक कुछ भी दिखाई नहीं देता है हां कहने को तो यहां पर एक नहर है जो इस गांव के पश्चिमी छोर से होकर गुजरता है लेकिन इस नहर की स्थिति बिल्कुल बदतर है। सोकी



पंचायत के किसानों ने प्रभात मंत्र संवाददाता से अपनी पीड़ा सुनाई और कहा सरकार के द्वारा अगर हमारे नहर को पक्का कर दिया जाता और सिंचाई के माकूल व्यवस्था किया जाता तो यहां के किसान राज्य स्तर पर अपनी पहचान दिलाकर एक नया इतिहास की गवाही बनते। बावजूद इसके यहां के किसान इतने विपरीत परिस्थितियों के बाद भी खेती-बारी करके अपना गुजर-बसर कर रहे हैं। पंचायत के पूर्व मुखिया राजकुमार मेहता ने प्रभात मंत्र से कहा चुनाव के समय सभी राजनीतिक दल के प्रत्याशी सोकी की भोली भाली जनता को लुभावनी वादों के जरिए अपने पक्ष में तो करा लेते हैं लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद हारे हुए और जीते हुए उम्मीदवारों यहां की समस्याओं को अपनी आंखों से ओझल कर देते हैं। पूर्व मुखिया ने कहा विधानसभा चुनाव हो या फिर लोकसभा इन दोनों चुनाव में मयूरहंड प्रखंड का सोकी पंचायत किसी भी प्रत्याशी की जीत का मुख्य हिस्सा होता है। यहां के मतदाता एकतरफा मतदान करते हैं बदले में इन्हें मुंगेरीलाल के हसीन सपने के सिवा कुछ नहीं मिलता है। कच्ची नहर से पक्की नहर नहीं बनाए जाने के सवाल करने पर पूर्व मुखिया ने बताया कि मैं अपने स्तर से कई बार प्रखंड मुख्यालय जिला मुख्यालय, विधायक और सांसद से पंचायत के किसानों की समस्या को लेकर मिला और पत्र भी लिखा लेकिन गुजरते समय के साथ हमारे सभी प्रयास सार्थकता की दिशा में कदम बढ़ाया है लेकिन हमें बेसब्री से इंतजार है की सोकी पंचायत के किसानों को पानी की माकूल व्यवस्था किया जाए ताकि यहां के किसान अपने आप को अच्छे किसानों में गिनती करा सकें।

## निरंतर विकास की ओर आगे बढ़ रहा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बड़गांव पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आर ई ओ विभाग द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। यह योजना निमियाछापर से पंचायत भवन डहू तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास ने विधिवत पुजा अर्चना कर किया।

## एनडीपीएस में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 32/21 के एनडीपीएस में फरार चल रहे अभियुक्त अर्जुन राणा के पुत्र राहुल कुमार 23 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया यह राजपुर थाना के पेलतोल गांव का निवासी है गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल एवं टीकवानंद भगत के द्वारा अभियुक्त को घर से गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत भेज दिया।

# आदर्श जन वितरण प्रणाली दुकान की हुई जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत सरकार द्वारा किए जा रहे स्पेशल ड्राइव फॉर ओवर साइट ऑफ प्राइस शॉप पीडीएस के तहत आदर्श जन वितरण प्रणाली दुकान के जांच को लेकर एसडीएम सह वरीय अधिकारी नित निखिल सुरीन के द्वारा शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत आदर्श जन वितरण प्रणाली दुकान चमेली स्वयं सहायता समूह मोरवाईकला, नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह मुर्गीडीह, लैम्पस कल्याणपुर और पीटीजी दुकान की जांच की गई। इस दौरान चमेली स्वयं सहायता समूह दुकान जो मिट्टी के घर से संचालित होता है पर उक्त दुकान वर्तमान में निलंबित है। वहीं लैम्पस जन वितरण प्रणाली दुकान बरवाडीह बाजार स्थित है पर इस दुकान का कार्डधारी सात किलोमीटर दूर कल्याणपुर के हैं फिलहाल खाद्यान्न कल्याणपुर से ही वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा उपरोक्त दुकानों का निरीक्षण किया गया। वहीं इस संबंध में प्रभारी खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनुज शरण ने बताया कि आदर्श दुकान के लिए बरवाडीह से सात दुकानों को नामित किया गया था जिसमें उक्त चार आदर्श दुकान के नाम नामित किए गए। उन्होंने बताया कि आदर्श दुकान पर सीएसपी बैंकिंग लेनदेन की पूर्ण व्यवस्था, पक्का मकान, बिजली पानी की सम्पूर्ण व्यवस्था करने का आदेश प्राप्त है। उन्होंने बताया कि हमने कुछ दुकानों में सीएसपी की व्यवस्था दिया है।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत मंगरा के ग्राम कल्याणपुर के करीब रेलवे लाईन के पास कंचनपुर निवासी युवक पंकज सिंह उम्र लगभग 22 वर्ष पिता बनवारी सिंह का ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जहां बरवाडीह आरपीएफ की टीम रात्रि को ही मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि मृतक रात्रि को अपनी बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 4673 के साथ रेलवे ट्रैक को क्रोस कर रहा था इस बीच बरवाडीह स्टेशन की ओर से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही विधायक पुत्र विजय बहादुर घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं घर में मातम पसर गया बता दें कि बनवारी सिंह का वह एकलौता पुत्र था। वहीं इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया। घटना की जानकारी विधायक रामचंद्र सिंह को मिली और उन्होंने उनके घर जाकर परिवार वालों को ढांढस बंधाया और मृतक के दाहसंस्कार में शामिल हुए।

## बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु गठित जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु गठित जिला टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में बाल श्रम के उन्मूलन हेतु गठित टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने उनके पुनर्वास के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि नशा मुक्ति अभियान और बाल श्रम उन्मूलन अभियान नियमित रूप से कराया जाए तथा टास्क फोर्स की बैठक महीने में एक बार नियमित रूप से हो। बाल श्रम धावा दल गठन करने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि नियमित अभियान चलाकर बाल श्रम कराने के मामले में संलिप्त नियोक्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा अविनाश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरुणा प्रसाद, श्रम अधीक्षक अरविंद कुमार, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष धनंजय तिवारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## गिद्धौर थाना प्रभारी ने बिहार जाकर चिपकाया इश्तहार नामा

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 52/18 के प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू खान उर्फ पप्पू अंसारी उर्फ अखलाक अंसारी बुमेर गांव थाना बाराचट्टी जिला गया बिहार में जाकर गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल अभियुक्त के घर में इश्तहार चिपकाया है। बता दें कि इस अभियुक्त के प्रति 29 अगस्त 18 में गिद्धौर थाना के अंतर्गत दतुआ आहर गांगपुर जंगल के समीप डकैती केस में अभियुक्त पर मामला दर्ज किया गया था।

## सात दिवसीय महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुई अंबा प्रसाद और रौशन लाल चौधरी



**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत होरम गांव में सात दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा रुद्रयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कलश शोभायात्रा के साथ यज्ञ की शुरुवात की गई। सुबह 8:00 बजे बाजे- गाजे के साथ होरम शिव हनुमान मंदिर से कलश लेकर श्रद्धालु गुरु चट्टी थाना रोड, छवानिया होते हुए बुढ़वा महादेव के डुमारो नदी से जल उठा कर पुनः सोनपुरा ,मिर्जापुर, कांडतरी, शिवाडीह होते हुए जल लेकर होरम पहुंचे। कलश यात्रा में अधिक संख्या में महिला और बच्चियों श्रद्धालु की भीड़ उमड़ी। 10 मई से लेकर 16 मार्च तक महायज्ञ में कथा प्रवचन एवं जागरण का आयोजन होगा। कलशयात्रा में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी, बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए । इस दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि यज्ञ से लोगों में धार्मिक चेतना में जागृत होती है । महायज्ञ सेवा समिति के कोषाध्यक्ष होरिल महतो ने बताया कि प्रतिदिन शाम 7:00 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक प्रवचन चलेगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से उप प्रमुख बचनदेव कुमार, मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रमुख सह जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, कांग्रेसी प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, पूर्व पंसस बासमती कुमारी, महायज्ञ पूजा समिति अध्यक्ष खिरोधर महतो ,सचिव गणेश महतो, कोषाध्यक्ष होरिल महतो, तपेश्वर कुमार तापस, कामेश्वर महतो, प्रो. लालदेव महतो, दिनेश कुमार, अजय कुमार के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

## विधायक निधि से निर्मित सड़क का हुआ उद्घाटन



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिवपुरी वार्ड नंबर 22 में विधायक निधि से बनी सड़क का उद्घाटन विधायक मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को किया। वार्ड पार्षद रसिका लाल ने विधायक जायसवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने कई विशेष मायने होते हैं हमे अपने विधायक से सेवा भाव सीखने की आवश्यकता है। मौके पर वार्ड पार्षद रसिका लाल, मुखिया चंदन कसेरा, अनिल मिश्रा, संजय उपाध्याय, शुभम सिन्हा, नितेश कुमार, अंकुश कसेरा, मनजीत वर्मा, छोटू, पतंजलि मिश्रा,पुतुल सिन्हा, शुभम सिन्हा, बिट्टू कुमार, जय नारायण मिश्रा, रोहित कसेरा, शिवम कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थें।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर भाजपा कार्यकारिणी की हुई बैठक

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा द्वारा झारखण्ड के हर विधानसभा में कार्यक्रम का आयोजन कर बूथ शशक्तिकरण अभियान कार्यशाला की शूरुवात की गई है। प्रदेश महामंत्री सह बूथ सशक्तिकरण प्रदेश संयोजक डॉ प्रदीप वर्मा ने अटल भवन में कहा कि इस कार्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर चार सदस्यीय टोली बनाई गई है ।ठीक उसी प्रकार मंडलो में भी चार सदस्यों की भी टोली बनाई गई है।उन चार सदस्यों के द्वारा बूथ शशक्तिकरण अभियान तक कार्य पूर्ण करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है वहीं उन्होंने कहा कि हर बूथों से दो दो विस्तारकों का मनोनयन करना शक्तिकेन्द्र पर जरूरी है।यही विस्तारक बूथ कमेटी का निर्माण करेंगे।महामंत्री डॉ वर्मा ने कहा कि कम से कम इकतीस कार्यकर्ताओं को कमेटी बनानी आवश्यक है।उन्होने कहा कि खुले मन से चयनित कार्यकर्ता या पदाधिकारी रेगुलर मोनिटरिंग करे तथा दस दिनों के भीतर कार्य को पूरा करे।उन्होंने कहा कि हर बूथों पर व्हाट्सएप ग्रुप,सरल एप तथा नमो एप गूगल प्ले स्टोर से डाऊनलोड करना अति आवश्यक है। मौके पर प्रदेश से आए अमित चरण, प्रदेश कार्यसमिति सदय सह कार्यशाला प्रभारी डॉ सुरेंद्र सिन्हा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह नगर पश्चमी मंडल प्रभारी अनिल मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार सहित मंडल प्रभारी,मंडल अध्यक्ष,शक्तिकेन्द्र संयोजक सह संयोजक,शक्तिकेन्द्र प्रभारी,बूथ विस्तार कार्यशाला में उपस्थित थें।

## भाजपा का बूथ सशक्तिकरण पर विशेष कार्यशाला का आयोजन

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव विधानसभा स्तरीय तीनो मंडलों के संयुक्त बैठक बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के अध्यक्षता एवं खेमलाल महतो के संचालन में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि अमित नाथ चरण, विशिष्ट अतिथि पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला प्रभारी दामोदर सिंह, पूर्व प्रमुख सह केरेडारी प्रभारी टुकेश्वर प्रसाद, विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, जिला मीडिया प्रभारी जयनारायण प्रसाद समेत कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण को सुना गया साथ ही साथ बुथ सशक्तिकरण पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ भाजपाइयों ने अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष कर्मचारी साव, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, रामपति राम, बेचन साव, आदित्य साहू सोनी, विनोद महतो, किशोर राणा, चंद्रदेव ठाकुर, जिला मंत्री बैजनाथ साव, रामचंद्र महतो, ज्ञानेश्वर शर्मा, रीता देवी, अनीता देवी, अशोक साव, स्वरूप नारायण, कालीचरण गुप्ता, मोहन साव, आदि थे।

### उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

# 16 से 31 मार्च तक स्वच्छता पखवाड़ा का होगा आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने कहां की आगामी 16 मार्च से 31 मार्च तक नमामि गंगे योजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन रामगढ़ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया जाना है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विभिन्न कार्यक्रमो यथा नुक्कड़ नाटक, गंगा आरती, श्रमदान, रंगोली, विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन योजनाबद्ध तरीके से करने के संबंध में चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिए वही उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार को गंगा स्वच्छता पखवाड़ा का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता कार्यक्रमों में सुनिश्चित करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल रामगढ़ समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनवितरण प्रणाली दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** आपूर्ति विभाग के द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली के दुकानों का औचक निरीक्षण ज़िला के प्रशासनिक अधिकारियों ने किया।उपायुक्त नैंसी सहाय ने सदर प्रखंड अन्तर्गत मंडई कला, हजारीबाग में प्रो अरशद रजा के जनवितरण प्रणाली के दुकान पर पहुंच कर पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पीडीएस दुकान के ऑनलाइन स्टॉक एवं वास्तविक स्टॉक का जॉच किया। साथ ही राशनकार्ड धारियों को मिलने वाले राशन की मात्रा, गुणवत्ता की जांच कर सही मात्रा एवं समय पर राशन देने का निर्देश दिया। राशन डीलर को पीडीएस सिस्टम की पारदर्शिता एवं निगरानी के लिए डीलर स्तर पर बनी सतर्कता समिति के सदस्यों का नाम दुकान के बाहर बड़े बोर्ड में मोबाइल नंबर सहित डिस्प्ले करने के लिए निर्देश दिया। इस क्रम में पीडीएस दुकान में कार्डधारियों की संख्या, जनवरी, फरवरी तक प्राप्त गेंहू, चावल, चीनी, नमक एवं वितरित राशन का स्टॉक के साथ मिलान किया गया। मौके पर उपायुक्त के साथ सहायक समाहर्ता शताब्दी मजूमदार प्रमुख रूप से मौजूद थी।

## सरकारी शराब दुकान में शराब की चोरी, जांच में लगा आबकारी विभाग

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा रोलर चौक स्थित सरकारी शराब दुकान से हजारों की चोरी का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते रात्रि सरकारी शराब दुकान के ऊपरी सीट को दो जगह से करीब 6 फीट तोड़कर अज्ञात बदमाशों के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। बताया जाता है कि शराब दुकान में रखे तकरीबन 30 पेटी कीमती शराब और हजारों की नकदी की चोरी हुई हैं। चोरी गए शराब की कीमत एक लाख से अधिक की आंकी जा रही हैं। इधर आबकारी विभाग के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद गुफरान ने बताया कि चोरी की जांच पड़ताल एंव सामानों का मिलान किया जा रहा हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। सूचना मिलने पर रामगढ़ पुलिस के एएसआई उदय प्रसाद घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल किया। समाचार लिखे जाने तक सरकारी शराब दुकान में रखे पेटियों और नगदी की गणना जारी थी। रामगढ़ पुलिस को आवेदन देने की तैयारी की जा रही थी।

## पीवीयूएनएल में सीआईएसएफ का 54 वां स्थापना दिवस मना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पतरातू :** पीवीयूएनएल सीआईएसएफ यूनिट द्वारा रविंद्र कुमार की उपस्थिति में सीआईएसएफ का 54 वां स्थापना दिवस सफलता पूर्वक मनाया गया। केऔसुब इकाई पीवीयूएनएल पतरातू के वरिष्ठ कमांडर महेश पावरेल एवं उप कमांडेंट वीरेंद्र कुमार पीयूवीएनएल प्रबंधन के विशिष्ट अधिकारियों, राजस्थानी पुलिस एवं केऔसुब परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के उपलक्ष में केऔसुब के 03 प्लाटून के द्वारा परेड कमांडर निरीक्षक वी के चौधरी कि अगुवाई में भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। वहीं केऔसुब के जांबाज कमांडोज के द्वारा हथियार के विधि अभ्यास डेमो का नमूना पेश किया गया। जिसे देखकर आयोजन में उपस्थित सभी दर्शकों के द्वारा उत्साह पूर्वक जोरदार तालियों से स्वागत किया गया।उक्त कार्यक्रम में रसोई घर में गैस की आग को बुझाने एवं किसी भी संयंत्र या प्रतिष्ठान में गंभीरता से गंभीर आगजनी रोकने का भव्य डेमो प्रस्तुत किया गया। पूरे ग्राउंड में भारतीय तिरंगा के भव्य झलक दिखाने का उत्कृष्ट नमूना पेश किया गया जिसे देखकर सभी दर्शक अत्यंत उत्साहित हुए।उपरोक्त समारोह में रिम्स अस्पताल रांची की अगुवाई में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से अनुकूल सदस्यों के द्वारा मानव सेवा भाव से रक्तदान किया गया।

## अरगड्डा झोपड़ी से आदिवासी युवा कल सरना धर्म कोड महारैली में होंगे शामिल, हुआ निर्णय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के अंबेडकर नगर झोपड़ी में जय सरना ट्रस्ट के द्वारा शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के केंद्रीय सचिव धर्म अगुवा सह अधिवक्ता किरण मुंडा ने किया। संचालन दीपक उरांव ने की। अवसर पर वक्ताओं ने कहां कि आगामी 12 मार्च को रांची मोराबादी मैदान में सरना धर्म कोड महारैली आयोजित हैं। जिसमें सभी समाज के लोग भाग लेकर इसे सफल बनाएं। सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि महारैली में शामिल होंगे।

## कलश यात्रा के साथ श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठान रुद्र यज्ञ शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड के होरम गांव में श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठान रुद्र यज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बासमती देवी, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए। यह यज्ञ 16 मार्च 2023 तक आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। 11 मार्च दिन शनिवार को पञ्चाङ्ग पुजन यज्ञ मण्डप प्रवेश, यज्ञ मण्डप पुजन आर्णिमंथन हवन क्रमकुटिं, 12 मार्च दिन रविवार को मण्डप पुजन हवन, जल धिवास अन्नाधिवास, महास्नान, नगर भ्रमण इयाधिवास, 13 मार्च दिन सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा प्रथम आरती दर्शन, 14 मार्च दिन मंगलवार को मण्डप पुजन हवन एवं शिव हनुमान उत्कृष्ट, 15 मार्च दिन बुधवार को हवन, 16 मार्च दिन गुरूवार मण्डप पुजन, हवन आरती, यज्ञ पुर्णहुति, मण्डप विदाई, भण्डारा एवं भव्य भक्तिजागरण के साथ यज्ञ संपन्न होगा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ सप्त दिवसीय हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत शाहपुर में श्री श्री 108 श्री सप्त दिवसीय हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को हुआ। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शाहपुर पहुंचे और भक्तिभाव से कलश यात्रा में शामिल हुए। ढोल- ताशा और डीजे पर भक्ति गीतों की धुनो पर झूमते कलश यात्रियों का जत्था कलश लेकर जल भरने पहुंचा। यहां पहुंचने पर विधायक मनीष जायसवाल का यज्ञ समिति शाहपुर की ओर से भगवा गमछा ओढ़ाकर और तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया। ज्ञात हो की 10 मार्च से शुरू हुआ यह यज्ञ आगामी 16 मार्च को संपन्न होगा । मौके पर विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि यज्ञ से जहां क्षेत्र और समाज में सुख, शांति और समृद्धि आती है वहीं आध्यात्मिक संपदा की भी प्राप्ति होती है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्व मुखिया शाहपुर प्रेमचंद प्रसाद, वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, ढोठवा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सोहर राणा ,पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक यादव, मिथलेश राणा, यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष अनुज राणा, उपाध्यक्ष बालेश्वर राणा, आदि थे।

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल उपाध्यक्ष संतोष कुमार शाह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन महामंत्री ऋषिकेश सिंह ने किया और बताया गया की बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुख बनाने हेतु एक आवश्यक बैठक लॉ मैरिटल में किया गया बैठक में सभी बूथ अध्यक्ष को पन्ना प्रमुख और बूथ कमेटी बनाने के लिए निर्देश दिया गया आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए केंद्र के नेतृत्व में प्रदेश और जिला के निर्देशानुसार रामगढ़ कैंट मंडल के सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक सहसंयोजक को यह निर्देश दिया गया रामगढ़ कैंट के 8 वार्ड में 62 बूथ में पन्ना प्रमुख बूथ कमेटी बनाकर 20 तारीख तक अपने मंडल अध्यक्ष महामंत्री को जमा करें 10 तारीख से 20 तारीख तक अपने वार्ड के सामने वार्ड में प्रवास कर बूथ अध्यक्ष को सहयोग करें । मौके पर उपस्थित उपाध्यक्ष शीतल सिंह मंत्री अभिषेक चौधरी मंत्री मिथिलेश मंडल, मंत्री अजीत गुप्ता ,अरविंद सिंह आदि थे।

## जेएसपी पतरातू में 52 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** जेएसपी पतरातू में शुक्रवार को 52 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसपी पतरातू के प्लांट प्रमुख रमेश कुमार अजमेरिया ने सुरक्षा संदेश गुब्बारा उड़ा कर व दीप प्रज्वलित कर किया । प्लांट के क्रमचारियों द्वारा सभी के बीच सुरक्षा संस्कृति को बढ़ाने के लिए कई सुरक्षा गीत और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। प्लांट प्रमुख रमेश कुमार अजमेरिया द्वारा अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सुरक्षा संदेश दिया गया । उन्होंने कहा सुरक्षा केवल सुरक्षा सप्ताह के लिए नहीं है, यह हर दिन, घंटे, मिनट और सेकंड के लिए इसका पालन करना है। और हमें शून्य नुकसान हासिल करना है। हम जेएसपी को एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाना चाहते हैं और भविष्य में जीरो इंजूरी लक्ष्य को कायम रखा जा सके। वे कर्मचारी जो सेफ्टी क्विज, सेफ्टी स्लोगन / निबंध /कविता लेखन और सेफ्टी पोस्टर मेकिंग में भाग लिया उन सफल विजेताओं को प्लॉट प्रमुख ने उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित रहे। अंत में सभी कर्मचारियों ने हर समय कार्य को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए सुरक्षा शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन सुरक्षा विभाग जेएसपीएल ने किया।

## रामचरितमानस ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकाली गयी भव्य कलशयात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत गोरहर(कटहल टोला)में श्री-श्री 1008 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह श्री रामचरित मानस ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकाली गयी भव्य कलश यात्रा इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में आध्यात्मिक दृष्टि के साथ साथ शारीरिक और मानसिक लाभ भी होता है।यज्ञ से बल और बुद्धि प्राप्त होती है। कलश यात्रा के मौके पर स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, आदि थे।

### भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन, राष्ट्रपति के अभिभाषण को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

# राष्ट्रवाद को समर्पित हैं भाजपा कार्यकर्ता : प्रदीप

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण का अनुसरण को लेकर बरही विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा स्तरीय भाजपा के बूथ सशक्तिकरण अभियान का एक दिवसीय कार्यशाला बरही प्रखण्ड के नगर भवन में आयोजित हुई। भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय व रमेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय व विशिष्ट अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव आदि शामिल हुए। राष्ट्रपति द्वारा संसद में दिए गए अभिभाषण को चौपारण मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, मंडल महामंत्री बालेश्वर साहू, चंदवारा मंडल अध्यक्ष द्वारिका राणा, पदमा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, बरही ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साव, मुन्ना यादव, एसी मोर्चा अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने कार्यशाला में पढ़कर सुनाया। भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार भारत की सांस्कृतिक एकात्मता को भी मजबूत कर रही है, राष्ट्रवाद भी मजबूत हो रहा है। कार्यशाला में मुख्य रूप से जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुकुन्द साव, चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, जीप सदस्य प्रीति कुमारी, राकेश रंजन, आरती कौशल, चौपारण मुखिया संघ बिरेन्द्र रजक, बरही अध्यक्ष विजय यादव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, आदि थे।

## छोटकी बरही में सात दिवसीय महायज्ञ की निकली भव्य कलश यात्रा

### वैदिक श्री श्री 1008 श्री श्री शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठान महायज्ञ प्रारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखण्ड के रसोईयाधमना पंचायत अंतर्गत छोटकी बरही में वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव हनुमत प्राण प्रतिष्ठान का 7 दिवसीय महायज्ञ को लेकर नवनिर्मित मंदिर से शुक्रवार प्रातः 8 बजे गाजे बाजे एवं भगवा झंडे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय माता दी, जय श्रीराम आदि गगनचुंभी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बतौर मुख्य अतिथि तैलीय साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए। मौके पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा 203 के सब इंस्पेक्टर पंकज यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, अनुमंडलीय साहू समाज के अध्यक्ष अमित साहू, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा नेता अर्जुन साहू, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, मुखिया गोविंद साहू, पंसस मो तैयब आदि शामिल होकर श्रद्धालु महिलाओं कलश देकर कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया। 501 कन्याएं एवं महिलाओं ने कलश लेकर यात्रा में शामिल होकर बराकर उत्तरवाहिनी नदी पहुंचे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# पदमा मामला : 7 गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

गुलाम अहमद रजा @प्रभात मंत्र

**हजारीबाग :** पदमा के लाटी मे हुए दो गुटों के बीच भारी झड़प के बाद पुलिस ने हरकत में आते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 55 नामजद के साथ करीब 205 लोगों पर एफआईआर करते हुए कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया है। बाकी कुछ लोग फरार चल रहे हैं। पुलिस ने भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामानों को जब्त किया है जिसमें तीन देसी बम, विस्फोटक सामग्री, दो देसी कट्टा सहित फरसा लाठी आदि शामिल है।



**कैसे घटी घटना?**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक होली की पूर्व संध्या पर दोनों गुटों ने शराब पी रखी थी और दोनों के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया। जल्द ही स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई क्योंकि दोनों पक्षों ने पथराव शुरू कर दिया जिससे कारों के शीशे क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना की जानकारी मिलते ही सिंह वहां पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की लेकिन जल्द ही पुलिस पर पथराव शुरू हो गया, जिससे कुछ खाकी के जवानों को चोटें आई। श्री सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जिसके बाद बरही के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी नजीर अंसारी अतिरिक्त बल के साथ वहां पहुंचे। भारी संख्या में पुलिस को देख उपद्रवी भाग निकले। बाद में इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो देसी पिस्तौल और जिलेटिन की छड़ों की बरामदगी के साथ समाप्त हुआ। पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर तलाशी जारी थी। पुलिसकर्मियों के अलावा कोबरा बटालियन के जवानों ने भी इलाके की तलाशी ली।

# रामनवमी महापर्व को दी जाए सरकारी मान्यता : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग की रामनवमी को सरकारी मान्यता प्रदान करने एवं प्रत्येक वर्ष रामनवमी महोत्सव आयोजित कराने की वकालत करते हुए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने विधानसभा बजट सत्र के दौरान प्रश्नकाल के माध्यम से पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग को प्रश्न भेजा है, इसका सरकारी वक्तव्य एवं चर्चा 21 मार्च को होने की संभावना है।विधायक अंबा प्रसाद ने इस संदर्भ में कहा कि हजारीबाग की श्रीरामनवमी महापर्व को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। हजारीबाग रामनवमी का 100 से अधिक वर्ष का गौरवशाली इतिहास रहा है। हजारीबाग में मनायी जाने वाली श्रीरामनवमी की पहचान देशभर में है एवं दूर-दूर से श्रद्धालु रामनवमी जुलूस को देखने हजारीबाग पधारते हैं।अंबा प्रसाद ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में होने वाले रजरप्पा महोत्सव, इटखोरी महोत्सव, संथाल महोत्सव इत्यादि के तर्ज पर हजारीबाग के विश्व विख्यात रामनवमी को सरकारी मान्यता प्रदान कर प्रत्येक वर्ष रामनवमी महोत्सव आयोजित कराने व पर्यटन संबंधित वेबसाइटों में महापर्व का प्रचार प्रसार इत्यादि कराने की मांग सरकार से किया है।

## कोहोर्ट-1 के सफल चयन के बाद, यूसैड ने कोहोर्ट-2 के लिए आवेदन मांगा

**रांची :** यूनाईटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूसैड) मूमेंटम कंट्री एंड ग्लोबल लीडरशिपः इंडिया-यश प्रोजेक्ट, जिसका नेतृत्व जॉन हॉपकिंस एफिलिएट, झपीगो अग्रणी सोशल एंटरप्राईज़ इनक्यूबेटर, विलग्रो के साथ करते हैं, ने यश एंट्रेप्रेन्योर्स प्रोग्राम के कोहोर्ट-2 के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह प्रोग्राम भारत में युवाओं के लिए परिवार नियोजन और प्रजनन स्वास्थ्य (एफपी/आरएच) के परिणामों में सुधार लाने की क्षमता वाले इनोवेटिव बिज़नेस मॉडल्स को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा।

## पीडीएस दुकानदारों का किया गया औचक निरीक्षण



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड में शुक्रवार को जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार के द्वारा विभिन्न पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कई दुकानें बंद पाई गई जिसे फोन कर बुलाया गया और दुकानों का अनाज भंडार के साथ - साथ भंडार पंजी उठाओ पंजी की जांच की गई. किसी भी पीडीएस दुकानदरों के द्वारा भंडार पंजी नहीं दिखाया गया और ना ही उनके द्वारा लगाए गए सूचना पट में किसी चीज को दर्शाया गया है. लाभुकों की संख्या पूछने पर भी आनाकानी करते हुए जवाब दिया . बंद पड़ी दुकानों में सेमरा के एनुल होदा, कुल्ली के इम्तियाज अहमद व मनजीत तिर्की शामिल है. वरीय अधिकारी के द्वारा लाभुकों से पूछे जाने पर बताया गया की राशन का वितरण प्रति माह किया जाता है पर डीलरों के द्वारा 1 से 2 किलो काटकर अनाज दिया जाता है. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम प्रसाद साहू, प्रभारी बीएसओ हेमंत एक्का मौजूद थे।

# खलारी प्रखंड में पीडीएस दुकानों का जांच किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** राँची उपायुक्त महोदय के निदेशानुसार जिला सहकारिता पदाधिकारी एजी कुजूर व प्रखंड विकास पदाधिकारी लेख राज नाग के द्वारा खलारी प्रखंड अंतर्गत के राशन डीलर (पीडीएस) दुकानों की जाँच किया गया. बताया जाता है कि राशन विक्रेताओं के द्वारा ग्राहकों की मनमानी कि शिकायत की खबर मिलते रहता था. ग्राहकों व जनप्रतिनिधियों की शिकायत का संज्ञान में लेते हुए जिला पदाधिकारी व प्रखंड पदाधिकारी ने खलारी प्रखंड के विश्रामपुर,तुमांग एवं बुकबुका पंचायत राशन विक्रेता दुकानों का भ्रमण किया गया. शिकायत का जांच में ज्योति महिला समूह, विश्रामपुर, चंद्रिका प्रसाद पासवान विश्रामपुर, तुमांग महिला समूह, बिरसा मुंडा महिला समूह, बुकबुका, शिवानी महिला समूह बुकबुका का जांच किया गया।

## मायापुर में आरबीआई रांची के द्वारा वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** पंचायत सचिवालय मायापुर में आरबीआई रांची के द्वारा वित्तीय साक्षरता सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. आरबीआई के बिनोद विहारी मिश्रा वित्तीय फ्राड से सजग रहने पर चर्चा किया गया. साथ ही लोगों को पीएम सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे बताया. वहीं लोगों बैंकिंग लेन देन अधिकृत बैंक से ही करने खाता को एक्टीव मोड में रखने व लोन बैंक से ही लेने के ससमय प्रीमियम भुगतान करने व बैंक खाते से संबंधित डाक्यूमेंट खो जाने पर तत्काल इसकी सूचना संबंधित बैंक को देने की बात कही. इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत जन प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ देकर किया।

# तालाब में गंदगी के चलते मछलियां मरीं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर के ओकनी तालाब में फैली गंदगी और बदबू से वहा के वार्डवासी परेशान हैं। तालाब में गंदगी के चलते काफी संख्या में मछलियां मर गई हैं। जिसके चलते तालाब से उठ रही दुर्गंध ने लोगो का जीना मुहाल किया हुआ है। सड़न की वजह से महामारी होने की आशंका है। बच्चो में उलटी की भी शिकायत आ रही है। हैरानी की बात यह है की नगर निगम में इसकी शिकायत के बाद भी तालाब की सफाई नहीं हो रही है। तालाब जलकुंभी से पटा हुआ है। वार्डवासी रणजीत वर्मा ने बताया कि तालाब की कभी साफ-सफाई नहीं की जाती है। इसके कारण तालाब में बहुत अधिक गंदगी हो गई है। तालाब के अधिक गंदगी के कारण बदबू आने लगी है। तालाब की गंदगी को साफ करने की मांग कई बार नगर निगम से की गई है, लेकिन इस ओर नगर निगम के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डीडीसी आज तालाब की स्थिति से अवगत हुई। उन्होंने तालाब को साफ़ कराने का आश्वासन भी दिया लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। यदि सफाई नहीं होती है तो वार्ड में बीमारी फैलने का खतरा है। विशाल ने कहा कि वार्ड के तालाब में इतनी अधिक मात्रा में जलकुंभी उग आई है कि लोगों को नहाने व कपड़े धोने में परेशानियां हो रही है। तालाब से उठ रही दुर्गंध के चलते नाक पर रुमाल का सहारा लेना पड़ रहा है। श्यामवीर ने बताया कि बीते कई दिनों से की हवा में दुर्गंध आ रही थी। इसके चलते बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है।

## सरहुल पूजा मानने को लेकर सरना समिति का बैठक किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तरीकर्णपुरा क्षेत्र डकरा में सरना समिति का बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता रँथु उराँव व संचालन लालचंद विश्वकर्मा ने किया. बैठक में आगामी सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा किया गया. सरहुल पूजा महोत्सव को मनाने को लेकर सर्वसम्मति से 2 अप्रैल को लेकर निर्णय लिया गया. वही सरहुल पूजा को सफल बनाने के लिए 11 मार्च को पुनः बैठक सरना क्लब के भगत कॉलोनी अशोक लकड़ा के आवास में 5 बजे शाम को निर्धारित किया गया. मौके पर कन्हाई पासी,देवलाल मुण्डा,सुखराम भगत,दीपक भगत,सुखदेव भगत,चँकु उराँव,शिवनाथ टाना भगत,गोबरा भगत,पुराण उराँव,अमित लकड़ा,बबलू उराँव,अशोक उराँव,रामु उराँव,रमेश तुरी,मिथुन गंझू,रमेश गंझू,नन्दू गंझू,प्रकाश गंझू,अमर भोगता,राजेश तुरी,चिंटू गंझू,रूपलाल गंझू,मानेश्वर गंझू,आनंद गंझू सहित अन्य शामिल थे।

# सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अंबेडकर पार्क डकरा मे एसटी, एससी ,ओबीसी,एकता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष देवपाल मुंडा की अध्यक्षता में राष्ट्रमाता एवं भारत की प्रथम शिक्षिका माता क्रांति वीर सावित्रीबाई फुले जी की पुण्यतिथि श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. इस दौरान सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पर्पित कर नमन किया गया. साथ ही साथ उनके विचारों को रखा गया. इस दौरान सभी सदस्यों ने बारी बारी से उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला.



इस अवसर पर एकता मंच के लालमुनि दास, रंजीत रजक, सुरेंद्र चौहान माइनिंग सरदार , रामू सतनामी, डोमरी देवी, मुनिया देवी, अनीता एक्का, कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, सुखराम सेठ एवं अमरलाल सतनामी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# राज्य में गवाहों और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए झारखंड राज्य गवाह संरक्षण योजना 2019 को लागू किया गया है

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** गवाह संरक्षण योजना 2019 के प्रभावी होने से कई तरह के लाभ होंगे। गवाहों की पहचान गुप्त रहेगी, वाद के अन्वेषण के क्रम में गवाहों के परीक्षण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीफोन व अन्य तकनीकी साधनों की मदद ली जाएगी।गवाहों के पुनर्वास या नया पेशा अथवा बिजनेस शुरू करने को भी सरकार के स्तर से वित्तीय सहायता या अनुदान दिया जा सकता है। राज्य में गवाहों और उनके परिजनों की सुरक्षा के लिए झारखंड राज्य गवाह संरक्षण योजना 2019 को लागू किया गया है। झारखंड गवाह संरक्षण योजना, 2019 को पहले ही अधिसूचित और मुद्रित किया जा चुका है। इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना है। जिले स्तर पर इसके बारे में प्रचार-प्रसार किया जाना है। इसके जरिये बताया जा रहा है कि गवाहों और उसके परिजनों की सुरक्षा सबसे आवश्यक है। उसकी पहचान गुप्त रखने, उसकी सुरक्षा के अलावा अन्य पहलुओं पर भी स्थानीय पुलिस से मदद मिलेगी। यहाँ तक कि गवाहों के पुनर्वास या नया पेशा अथवा बिजनेस शुरू करने को भी सरकार के स्तर से वित्तीय सहायता या अनुदान दिया जा सकता है। इसके अलावा, गवाह संरक्षण कोष को राज्य सरकार द्वारा लागू किया जाना है। इसके अलावा गवाह संरक्षण योजना 2019 के प्रभावी होने से कई तरह के लाभ होंगे। गवाहों की पहचान गुप्त रहेगी, वाद के अन्वेषण के क्रम में गवाहों के परीक्षण में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, टेलीफोन व अन्य तकनीकी साधनों की मदद ली जाएगी। गवाहों की पहचान छिपाकर बदले नाम या पहचान चिह्न के आधार पर संबोधित किया जायेगा।

## कपका में खुशी टेंट हाउस का विधायक ने किया उद्घाटन

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कपका में खुशी टेंट हाउस का स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया एवं संचालक दिलीप कुमार को नए व्यवसाय के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर खुशी टेंट हाउस के प्रोपराइटर दिलीप कुमार ने आये हुए अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत सम्मान किए।इस मौके पर खुशी टेंट हाउस के प्रोपराइटर दिलीप कुमार ने कहा कि टेंट हाउस से संबंधित सभी प्रकार के सामान हमारे यहां उचित मूल्य पर किराए पर मिलेगा। क्षेत्रवासियों को शादी,विवाह,धार्मिक आयोजन मांगलिक आयोजन में टेंट हाउस की सुविधाएं यहां प्राप्त होगी। इस दौरान विधायक अमित कुमार यादव ने दिलीप कुमार को इस कार्य के लिए बधाई दिया और कहा कि इस क्षेत्र में अत्याधुनिक टेंट हाउस की आवश्यकता थी। जिसकी पूर्ति दिलीप कुमार ने की है। उन्होंने इसके लिए उन्हें बधाई दी।मौके पर जिप सदस्य कुमकुम देवी, स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार,सांसद प्रतिनिधि रघुवीर प्रसाद के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वर्तमान सरकार में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति दयनीय, पुलिस और सरकार इसे गंभीरता से लें : मनीष जयसवाल

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्तमान झारखंड सरकार के कार्यकाल में अपराधियों और बदमाशों का मनोबल कितना बढ़ गया है इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि गुरुवार की देर शाम को शहर के रांची- पटना रोड के किनारे मुकुंदगंज चौक पर रामगढ़ से आए अज्ञात अपराधियों ने किराना दुकान पर गोलाबारी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें एक किराना दुकान संचालक की गोली लगने से मौत हो गई वहीं इसी फायरिंग की घटना में समीप कैरम खेल रहें एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए।इधर इस घटना की जानकारी पाते ही सदर विधायक मनीष जायसवाल तत्काल घायल का हाल जानने अस्पताल पहुंचे और यहां घायल और मृतक के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली ।

# 12 सूत्री मांग पर चूरी प्रबंधन से सकारात्मक वार्ता सफल, मंच ने आंदोलन स्थगित करने का लिया निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** प्रभावित प्रतिरोध मंच के द्वारा पूर्व में दिए गए 12 सूत्री मांग पत्र पर चूरी परियोजना प्रबंधन के साथ शुक्रवार सकारात्मक वार्ता हुआ. वार्ता के दौरान नौकरी, रोजगार, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था, स्कूल बस और एंबुलेंस की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, रोड मोड में कोयला का आवंटन बढ़ाने, जॉय माइनिंग कंपनी में स्थानीय लोगों को नौकरी देने सहित सभी 12 बिंदुओं पर चर्चा किया गया. जिसमें प्रबंधन के द्वारा सभी बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया. प्रबंधन की ओर से सकारात्मक पहल होने पर प्रभावीत प्रतिरोध मंच के द्वारा 13 मार्च को आहूत धरना प्रदर्शन आंदोलन को स्थगित किया. वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी कमल मांझी, एरिया सेल्स मैनेजर ए मीना, प्रोजेक्ट इंजीनियर जॉर्ज लौंगा, कार्मिक अधिकारी उमेश चंद्रा, सिविल अधिकारी अनिल प्रजापति और जेएमएस के प्रतिनिधि वार्ता में उपस्थित थे. वहीं मंच की ओर से संरक्षक सुनील सिंह,अध्यक्ष नागेश्वर महतो, अशोक महतो, राजा खान, अर्जुन महतो, नरेश महतो, राजेश महतो, निकेत कुमार चौहान, गुलाम सरवर, बैगी महतो, मनोज महतो सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महिला मनरेगा मेठ को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन खलारी प्रखंड के राजीव गांधी सेवा केंद्र में किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार ने किया. इस कार्यक्रम में प्रखंड के 14 पंचायतों से मनरेगा महिला मेट उपस्थित हुये. उपस्थित महिला मनरेगा मेठ को पदाधिकारी ने मनरेगा के विषय मे विस्तृत जानकारी दिया गया. इस दौरान महिला मेट जो मनरेगा में उत्कृष्ट कार्य किये है. उन महिलाओं को प्रस्सति पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया. महिला मेट को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया. बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड कार्यक्रम सभी पंचायतों के रोजगार सेवक और पंचायत सेवक उपस्थित थे।

## रामनवमी डी जे साउण्ड को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हिंदू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी के नेतृत्व में हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे को हजारीबाग रामनवमी जुलूस को डीजे साउंड के साथ निकालने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन सौंपने के दौरान शशि भुषण केशरी ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त है । सनातन धर्म को मानने वाले लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ राम जी का जन्म उत्सव रामनवमी जुलूस में शामिल होते हैं ।लेकिन इधर कुछ वर्षो से हजारीबाग की रामनवमी का स्वरूप धूमिल किया जा रहा है । शशि भुषण केशरी ने कहा कि इस वर्ष किसी भी कीमत पर पुरानी परंपरा के अनुसार ही जुलूस निकलेगा ।यदि जिला प्रशासन या राज्य सरकार अपने अनुसार जुलूस निकालने का दबाव बनाती है तो संवैधानिक तरीके से उच्च न्यायालय की शरण में जाकर जनहित याचिका दायर की जाएगी ।

पूर्व मध्य रेल
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. ई. निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–83–22–23, कार्य का नाम :** ईसीआर में धनबाद मंडल के तहत रमना–सिंगरौली और करैला रोड–शक्तिनगर बीजी रेल लाइन परियोजना के दोहरीकरण के संबंध में उप मुख्य अभियंता/निर्माण/ रेणुकूट के अंतर्गत सिंगरौली में (60) बेड रनिंग रूम और शक्तिनगर में (30) बेड रनिंग रूम का निर्माण, सड़कों और चारदीवारी सहित तथा मियावाकी विधि द्वारा वृक्षारोपण का कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु.)** : 7,97,06,567.44, **निविदा प्रपत्र का लागत (रु.)** : 0.00, **अग्रधन राशि (रु.)** : 5,48,500.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 08 (आठ) माह, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : 28.03.2023 at 15.30 बजे अपराह्न। ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा । उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर / 02288 / कॉनएस / ईजी. / टी / 22–23 / 48

# रसेथॉन के विजेताओं को सम्मानित किया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इम्पावर हिम प्रोजेक्ट के अंतर्गत आईआईएम रांची में यूएनजीसी पीआरएमई के बैनर तले आयोजित दौड़ रसेथॉन को प्रायोजित कर विजेताओं को सम्मानित किया गया. ऑटिस्टिक बच्चों के लिए समाज में जागरूकता पैदा करने एवं विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आईआईएम रांची में यूएनजीसी पीआरएमई के बैनर तले दिनांक 06 मार्च 2023 को एक दौड़ (रश - ए -थॉन / RUSH – A - THON) को आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इम्पावर हिम प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रायोजित किया गया ।

## डकरा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल 54वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया

# देश के औद्योगिक विकास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बहुत बड़ी भागीदारी है : सीबी सहाय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** सीआइएसएफ का 54वां स्थापना दिवस के अवसर पर डकरा मुख्यालय में समारोह स्थापना दिवस मनाया गया. जिसमें पिपरवार एरिया के महाप्रबंधक सी बी सहाय ने कहा कि देश के औद्योगिक विकास में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बहुत बड़ी भागीदारी है. वर्तमान समय में बल के जवान उद्योग को बचाने के साथ-साथ समाज के हित में बड़ा योगदान दे रहे हैं. इसके लिए बल के जवान और उनका परिवार के प्रति हमसब कृतज्ञ हैं. कमांडेंट मांगा ने बताया कि 1969 में 3152 जवानों के साथ



शुरू हुआ यह सफर अनेक उपलब्धियों के साथ अब बहुत व्यापक पैमाने पर काम कर रहा है. बल की संख्या अब लगभग दो लाख से अधिक हो गयी है जो स्पेस सेक्टर एटमिक एनर्जी सेक्टर, दिल्ली मेट्रो, एयरपोर्ट, सी पोर्ट, हिस्टोरिक मोन्यूमेंट, पेट्रोलियम, थर्मल पावर कोल सेक्टर, सेल, भेल, आदि भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़े सभी प्रतिष्ठानों को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके अतिरिक्त सीआइएसएफ कि उपस्थिति, सामरिक उपक्रमों, प्राइवेट सेक्टर के कुछ इकाइयों व दिल्ली के सरकारी भवनों की सुरक्षा में भी तैनात हैं। समारोह में उप कमांडेंट उपेंद्र कुमार, उप कमाडेंट श्री मृत्युंजय स्वामी डी, निरीक्षक के के घोष, निरीक्षक एम के चौहान, उप निरीक्षक अनूप सिंह, परेड कमांडर निरीक्षक शंभु प्रसाद व जवान मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

धनबाद/गिरिडीह

रांची, शनिवार, 11 मार्च 2023 | पेज 10

# पैंगोलिन के अंगों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन की अवैध तस्करी करते पुलिस ने तीन तस्करों ने गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके पास से पैंगोलिन के चमड़े और कुछ अंगों के साथ दो बाइक भी बरामद किया है. गिरफ्तार तस्करों में डुमरी निवासी साजन कुमार, निमियाघाट के पोरदाग निवासी श्मसुल और पालगंज निवासी भीम मल्लाह शामिल है.

गिरफ्तार तीनों तस्करों के पास से करीब डेढ़ लाख से अधिक मूल्य के पैंगोलिन यानी व्रजकीट के अंग बरामद किए गए है. जानकारी के अनुसार वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की देर रात सदर रेंजर एस. के रवि ने अपने टीम के साथ वन्य प्राणियों के सेफजोन पारसनाथ पहाड़ इलाके में छापेमारी किया. छापेमारी भी ऐन वक्त पर की गयी, जब तीनों तस्कर पारसनाथ पहाड़ पर पैंगोलिन को मारकर उसके अंगों को अलग-अलग कर रहे थे.

इसी दौरान रेंजर रवि के नेत्तृव में टीम ने छापेमारी कर तीनों को दबोचा लिया और उन लोगों के पास से पैगोंलिन के अंगों को भी बरामद कर लिया।

# उपायुक्त ने परीक्षा के सफल संचालन व कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर पदाधिकारियों को दिए निर्देश

## मैट्रिक व इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासनिक कवायद तेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड बोर्ड की मैट्रिक और इंटर बोर्ड परीक्षा को लेकर जिले में प्रशासनिक कवायद तेज कर दी गई है। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पत्र प्रेषित कर परीक्षा के सफल संचालन को लेकर पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं।

माध्यमिक परीक्षा 2023 दिनांक 14.03.2023 से 03.04.2023 तक प्रथम पाली (9:45 बजे पूर्वाहन से 01:05 बजे अपराह्न तक) एवं दिनांक 14.03.2023 से दिनांक 05.04.2023 तक द्वितीय पाली (02:00 बजे अप0 से 05:20 बजे अप0 तक) में इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 कार्यक्रम निर्धारित है। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर स्टैटिक दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। माध्यमिक परीक्षा के लिए 29 दंडाधिकारी तथा इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 21 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

सभी परीक्षा केन्द्रों में विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण को लेकर दण्डाधिकारी के साथ साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

उल्लेखनीय है कि उक्त दोनों परीक्षा हेतु झारखण्ड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा प्रश्न पत्र-सह-उत्तर पुस्तिका का गोपनीय पैकेट्स उपलब्ध कराया गया है।

दिनांक 13.03.2023 को 09.00 बजे पूर्वाहन से उक्त गोपनीय पैकेट्स को जिले के बजगृह जिला कोषागार एवं जिला जनसंपर्क कार्यालय परिसर स्थित कौशल विकास सह-प्रशिक्षण केन्द्र, गिरिडीह से प्रखण्ड स्तरीय चिन्हित स्ट्रॉग रूम तक ले जाकर सुरक्षित भंडारण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन कराने हेतु विभिन्न पदाधिकारियों को गश्ती दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया जायेगा। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कोषागार पदाधिकारी-सह-बज्रगृह प्रभारी पदाधिकारी, गिरिडीह से समन्वय स्थापित कर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा- 2023 एवं वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा- 2023 का प्रश्न पत्र -सह- उत्तर पुस्तिका का गोपनीय पैकेट्स जिला स्थित बज्रगृह से दिनांक 13.03.2023 को 09.00 बजे पूर्वाह्न से प्राप्त कर प्रखण्ड स्तरीय चिन्हित स्ट्रॉग रूम (संबंधित प्रखंड में निर्धारित राष्ट्रीयकृत बैंक में रखना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इण्डिया, गिरिडीह को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से सभी संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधकों को इस पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए इसका तामिला प्रतिवेदन जिला गोपनीय शाखा, गिरिडीह को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने जैक द्वारा जारी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# 18 व 19 मार्च को होगा खेल महोत्सव का आयोजन

## सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने दी जानकारी

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** जोहार झारखंड की खुबसूरत भाटी ने जहां विश्वविख्यात कोयला, लौह अयस्क, अग्रक, बॉकसाइट, यूरेनियम आदि के असीम भंडार पैदा किये है। वहीं खेल जगत से महेन्द्र सिंह धोनी, दीपिका कुमारी, जयपाल सिंह मुंडा, निक्की प्रधान, कोगोलिका बारी ने अपनी प्रतिभा के बूते इन खिलाड़ियों के साथ-साथ अनेको खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपने आपको स्थापित किया और पूरे राज्य का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती बस उसे अवसर की जरूरत होती है। इसी अवसर की महत्ता को देखते हुए पहली बार देश की कोयला राजधानी धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह द्वारा लोकसभा स्तर पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोकसभा क्षेत्र के युवाओं के अंदर खेल के प्रति रूझान बढ़े और खेल रहे हमारे खिलाड़ी राज्य, राष्ट्रीय और खेलों का चयन और अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश के साथ-साथ धनबाद लोकसभा का नाम रोशन करें। उक्त सारी बातें पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कही। बताया की आयोजित खेल एथलेटिक्स, बुशू, कबड्डी, योगासन, साइकिलिंग, कुश्ती, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट खेल का चयन किया गया है।



# स्कोडा ऑटो इंडिया ने की स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट सीजन 2 की घोषणा

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्कोडा सिंगल विकेट टूर्नामेंट (स्स्ङ्ख) टूर्नामेंट के दूसरे सीज़न की घोषणा की है। पूरे देश में 59 शहरों और 32,000 से अधिक युवा क्रिकेट खिलाड़ियों को कवर करने के उद्देश्य के साथ स्कोडा सिंगल विकेट सीज़न 2 की शुरूआत 28 अप्रैल से होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा ÷स्कोडा ऑटो इंडिया मे हम जो कुछ भी करते हैं उसके केंद्र में हमेशा हमारे ग्राहकों को प्राथमिकता दी जाती है और लोगों से जुड़ाव बनाया जाता है। प्रतियोगिता और कौशल के अलावा खेल का मतलब मानवीय भावनाओं का उत्सव मनाना भी है। स्कोडा सिंगल विकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विश्वसनीय और अनोखा प्लैटफॉर्म उपलब्ध कराता है। इतना ही नहीं, यह प्रतिभागियों के लिए भविष्य में और भी बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करने की आकांक्षा करने और उनके परिवारों और समुदायों के साथ कुछ अनमोल क्षणों का आनंद लेने का एक मौका भी प्रदान करता है। भारत में भारी संख्या में मौजूद प्रतिभाओं को प्रेरित और तैयार करना और पूरे देश में नए परिवारों तक स्कोडा ब्रांड लेकर जाना हमारे लिए गर्व की बात है।

# महादेव मरांडी की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई पहुंचे टुंडी विधायक

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी झामुमो नेता स्व महादेव मरांडी की 10 वीं पुण्यतिथि मनाई गई बतौर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम लोगों ने एक सच्चे सपूत खोया है जिसकी पूर्ति कभी नहीं की जा सकती। मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उनके निजी सचिव बसंत महतो, टुंडी झामुमो के पूर्व अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, पूर्व प्रखंड सचिव कामेश्वर प्रसाद सिंह चौधरी, बबलू सिंह, संतूलाल किस्कू, धनेश्वर मुर्मू, मनीष मरांडी, समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्री श्री चैती दुर्गा सह रामनवमी हनुमान पुजा समिति मंझिलाडीह बगोदर के निर्विरोध अध्यक्ष बने जिप सदस्य दुर्गेश कुमार

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड अंतर्गत श्री श्री दुर्गा मंदिर मंझिलाडीह,बगोदर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूजा को भव्य व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर शुक्रवार को श्री श्री चैती वसंती दुर्गा रामनवमी सह हनुमान पूजा समिति की एक सार्वजनिक बैठक लक्ष्मण मिस्त्री की अध्यक्षता में आहूत की गई एवं संचालन दुर्गेश कुमार के द्वारा किया गया। पूजा के सफल संचालन हेतु सर्वसम्मति से श्री श्री चैती दुर्गा पुजा सह रामनवमी हनुमान पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से सैकड़ों ग्रामीणों की संख्या ने एक ध्वनि मत के साथ पुनः दुर्गेश कुमार को पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया,क्योंकि पिछले वर्ष बहुत ही बेहतरीन योगदान रहा है,साथ ही उपाध्यक्ष कृष्ण देव प्रसाद साहू, सचिव राजू साव, कोषाध्यक्ष शंकर साव, उपसचिव संतोष कुमार साव, मीडिया प्रभारी अजीत कुमार शर्मा चुने गए। इस वर्ष मां दुर्गा की प्रतिमा के लिए डाक चढ़ावा फॉरेस्टर साव जी के द्वारा किया जाएगा। पूजा में विशेष सहयोग करने के लिए एक सक्रिय कार्यकारिणी समिति और एक सलाहकार समिति का भी गठन किया गया।

# पीडीएस दुकानों का धनबाद उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित पीडीएस दुकानों का आज औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह ने झरिया के भागा स्थित एक पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीडीएस दुकान के संचालक से स्टॉक के बारे में जानकारी ली। साथ ही उचित दिशा निर्देश भी दिया।

इस दौरान धनबाद उपायुक्त ने सम्बंधित पीडीएस दुकान के लाभुकों से भी इस बात की जानकारी ली कि उन्हें सही समय मे और सही मात्रा में अनाज मिलता है कि नही। आज के इस औचक निरीक्षण में धनबाद उपायुक्त के अलावा आपूर्ति विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

वही मिडिया से बात करते हुए धनबाद उपायुक्त संदीप सिंह ने बताया कि जिले में आज पीडीएस दुकानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है जिसमे आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अलावा सम्बंधित क्षेत्र के बीडीओ और सीओ अपने क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे है।

वही उन्होंने आगे कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाई जाएगी उस पर आवश्यक कार्यवाई की जाएगी।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

## समस्याओं के निष्पादन का अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।

जनता दरबार में आए एक शिकायतकर्ता ने बलियापुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जगदीश में 15वें वित्त आयोग मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना, यात्री शेड तथा बकरी शेड समेत अन्य योजनाओं में अनियमितता बरतने और सरकारी राशि की बंदरबांट की शिकायत उपायुक्त से की। उपायुक्त ने आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।



जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

# गिरिडीह के गावां में सड़क दुर्घटना में महिला की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के गांवा थाना इलाके के गावां-सतगावां मेन रोड स्थित सांढा मोड़ पर बकरी आ जाने से एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे बाइक में पीछे बैठी महिला गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई. बाद में इलाज के लिए ले जाते वक्त रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि 20 वर्षीया मृतका पंपी देवी अपने पति विक्की चौधरी व अपने भाई पप्पू चौधरी के साथ बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल से मंझने आ रही थी. इसी बीच सांढा मोड़ पर बाइक के आगे एक बकरी आ गई और बाइक अनियंत्रित हो गई.

इस दुर्घटना में महिला के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लग गई जिससे वह बेहोश हो गई. 108 एंबुलेंस से महिला को गावां सीएचसी लाया गया लेकिन उसे बचाया नही जा सका. स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. गावां सीएचसी से सदर अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई. इस घटना से परिजनों में मातम का माहौल है.

# देसी कट्टा के एक गिरफ्तार, जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** बेंगाबाद पुलिस ने बुधवार की रात थाना क्षेत्र के जमबाद से देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक कैलाश ठाकुर महुआर पंचायत के लक्ष्मीपुर गांव निवासी नारायण ठाकुर का पुत्र बताया जाता है। जानकारी के अनुसार युवक कट्टा लेकर बुधवार की रात जमबाद गांव पहुंचा था। वहां वह देशी कट्टा निकालकर गोली लोड कर रहा था। तभी कुछ ग्रामीणों की नज़र उस पर पड़ी। ग्रामीणों ने घेर कर युवक को पकड़ लिया और



मामले की सूचना बेंगाबाद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को कट्टा सहित गिरफ्तार कर थाना ले आई। गिरिडीह एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह बेंगाबाद थाना इंस्पेक्टर कमलेश पासवान प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पाथरडीह कोल वासरी में निकली कलश शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री श्री नौ दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर शुक्रवार को पाथरडीह कोल वासरी स्थित शिव दुर्गा मंदिर प्रांगण से बनारस से पधारे मुख्य अतिथि एवं यज्ञ कर्ता आचार्य ओमकार उपाध्याय के नेतृत्व में गाजे बाजे ढ़ोल नागाड़े के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें 201 की संख्या में महिलाए व युवतियां माथे पर कलश लें कर चल रही थी। जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र में भक्तिमय माहौल था। श्री उपाध्ययाय के सहयोगी पंडित जी के द्वारा जलभरनी कार्यक्रम बिधि बिधान मन्त्रोंचरण के साथ कराया गया। तत्पक्षात कलश शोभा यात्रा पुनः मंदिर प्रांगण पंहुचा।

# वाराणसी मंडल के औड़िहार-भटनी रेल के इंदारा-किड़िहरापुर स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य हेतु एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में रुपये 1177 करोड़ की लागत से 117 किमी. लंबे भटनी-औड़िहार दोहरीकरण कार्य प्रगति पर है । इसी क्रम में औड़िहार-भटनी रेल खंड पर स्थित इंदारा-किड़िहरापुर स्टेषनों के मध्य दोहरीकरण कार्य एवं इंदारा स्टेषन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य हेतु 11 से 25 मार्च, 2023 तक प्री-नॉन इंटरलॉक एवं 26 से 30 मार्च, 2023 तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 30 मार्च, 2023 को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण किया जाना है। यार्ड रिमाडलिंग एवं विद्युतीकृत लाइन के साथ दोहरीकरण के पश्चात मऊ-इंदारा खंड की लाइन क्षमता बढ़ जायेगी तथा इंदारा-भटनी खंड की लाइन क्षमता भी बढ़ जायेगी। जिससे शेष खंड के दोहरीकरण के लिये पर्याप्त ब्लॉक उपलब्ध होगा तथा गाड़ियों का संचालन निर्बाध रूप से कराया जा सकेगा। इसके साथ ही दोहरीघाट से कनेक्षन का भी प्रावधान रखा जाएगा। इसके साथ ही विद्युतीकृत ट्रैक्षन पर गाड़ियों को तीव्र गति मिलने एवं दोहरीकरण के पश्चात क्रासिंग समय में बचत होगी जिससे परिचालन समय में बचत होगी। उपरोक्त एनआई कार्य के कारण इस रूट से गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - **रद्द की गयी ट्रेन -** 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग एक्सप्रेस 29 मार्च, 2023 को रद्द रहेगी।

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें - 1. अमृतसर से 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26 एवं 29 मार्च, 2023 को चलने वाली 04652 अमृतसर-जयनगर विषेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग लखनऊ-बाराबंकी-शाहगंज-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग लखनऊ-बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा के रास्ते चलायी जायेगी।

2.जयनगर से 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 एवं 28 मार्च, 2023 को चलने वाली 04651 जयनगर-अमृतसर विषेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग छपरा-शाहगंज-बाराबंकी-लखनऊ के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ के रास्ते चलायी जायेगी।

3.दरभंगा से 13, 20 एवं 27 मार्च, 2023 को चलने वाली 09466 दरभंगा-अहमदाबाद विषेष गाड़ी अपने निर्धारित मार्ग छपरा-बलिया-इंदारा-मऊ-शाहगंज-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग छपरा-गोरखपुर-मनकापुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी के रास्ते चलायी जायेगी।

# वार्षिक माध्यमिक व इंटरमिडिएट परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में रहेगी निषेधाज्ञा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**धनबाद :** वार्षिक माध्यमिक व इंटरमिडिएट परीक्षा के दौरान 13 मार्च 2023 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि से परीक्षा समाप्ति तक के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रेम कुमार तिवारी ने बताया कि 14 मार्च 2023 से 3 अप्रैल 2023 तक 103 परीक्षा केंद्रों में सुबह 9ः45 बजे से दोपहर 1ः05 तक वार्षिक माध्यमिक एवं 14 मार्च 2023 से 5 अप्रैल 2023 तक 88 परीक्षा केंद्रों में दोपहर 2ः00 बजे से संध्या 5ः20 तक इंटरमीडिएट की परीक्षा संचालित की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। वहीं परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगाना, अनावश्यक घुमना, लाउडस्पीकर का उपयोग तथा अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलना, मटरगश्ती करना, परीक्षा से संबंधित कोई भी कागज या पत्र अथवा अन्य सामग्री वितरित करना या उसकी गोपनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने का प्रयास करना इत्यादि को प्रतिबंधित किया गया है। इसलिए 13 मार्च 2023 की रात्रि 12 बजे से परीक्षा के प्रत्येक तिथि से परीक्षा समाप्ति तक के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा 144 दं.प्र.सं. के तहत निषेधाज्ञा रहेगी।

# पंड्रा रेफरल अस्पताल के नए भवन में कार्य करने को लेकर विधायक ने की बैठक



**एमपीएल/निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिछले 5 सालों से पंडरा रेफरल अस्पताल का भवन बनकर तैयार हो चुका है परंतु रेफरल अस्पताल अभी तक चालू नहीं करने को लेकर निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता के नेतृत्व में अस्पताल के परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ पुष्पा कारकेट्टा, सिविल सर्जन इंचार्ज डॉ सुनील कुमार, एमपीएल के अधिकारी संदीप खंडेलवाल व अजय कुमार, डॉक्टर मुकेश, डॉक्टर सार्थक, लिपिक राजाराम, बीपीएम धनेश्वर राम, ओमकार कुमार, आशुतोष मुखर्जी, मन भूल बाऊरी,आंगनवाड़ी के सुपरवाइजर सहित और भी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य केंद्र को किस तरह जल्द से जल्द चालू किया जाए इसको लेकर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कड़े शब्दों में कहा कि आप लोग अपना केंद्र का सारा सामान धीरे-धीरे शिफ्ट कीजिए बाकी धीरे-धीरे काम होते रहेगा ।

# प्रधानाध्यापक के खिलाफ दर्जनों आवेदन, अभिभावक चिंतित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरारी स्कूल में अपने बच्चे की पढाई को लेकर अभिभावक काफी चिंतित है। विद्यालय की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बच्चे के प्रति प्रधानाध्यापक का कोई ध्यान नहीं है। अभिभावक का कहना है कि नवोदय विद्यालय एवं नेतरहाट विद्यालय के लिए नामांकन को लेकर बच्चे साल भर तैयारी करते है। सूचना के अभाव एवं शिक्षक की लापरवाही के कारण 2020- 21और 2021 -22 के बच्चे फॉर्म भी नहीं भर पाए।

ड्रेस वितरण हो या मध्यान भोजन सब में गड़बड़ी का अम्बार लगा हुआ है। ना सही से बच्चे को भोजन मिलता है, ना ही बच्चों के पास ड्रेस है। भोजन से पहले मुख्य दरवाज़ा खोल दिया जाता है ताकि बच्चे की संख्या कम हो। लोग कहते है की अंडा वाले दिन बच्चे को एक केला या एक संतरा दे दी जाती है।

वहीं 2021-22 की अवधि में ड्रेस वितरण का




मामला के कारण आज भी बच्चे बिना ड्रेस के एवं छोटे-बड़े कपड़े पहन कर आते है। सप्लायर द्वारा ड्रेस की समय पर आपूर्ति नहीं किये जाने के कारण विभाग द्वारा कड़ी करवाई किये जाने का आश्वाशन पर जल्दबाजी मे कपड़े की आपूर्ति करने पर बच्चे को सही से कपड़े नहीं मिले। जिसके कारण बच्चे ड्रेस में नहीं आते है। जूते भी साइज़ के नहीं होने के कारण स्कूल में ही जूते पड़े रह जाते हैं।

बीइओ से लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी उपायुक्त महोदय को आवेदन दिया जा चुका है लेकिन कोई करवाई नहीं हुई। जब की विदाई समारोह पर शिक्षक द्वारा अश्लील गानों पर नाचने पर सोशल मीडिया पर खूब थू - थू हुआ। उपायुक्त से शिकायत भी की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लोगों का कहना है अगर इस तरह रहा तो बच्चे की संख्या दिनों दिन कम होती जाएगी। लोग अपने बच्चे को कोई और स्कूल मे नामांकन कराने पर बाध्य होंगे या फिर शिक्षा से वंचित रहे जायेगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी झरिया को जांच करने का लिखित आदेश दिया गया था। कहा गया की एमडीएम के कोकिंग कास्ट की राशि का चेक प्राप्त करना, पति के सहयोग से सदस्य को गुमराह कर विद्यालय का माहोल ख़राब करना, विद्यालय में संचालित कार्यक्रम में दखल अंदाजी करना जैसे आरोप की जांच कर एक सप्ताह के अन्दर रिपोर्ट भेजने का आश्वाशन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसको लेकर लोगो में काफी आक्रोश है।

# उपायुक्त ने सेवा महिला मंडल के संचालित जनवितरण दुकान का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड के क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में उपायुक्त ने किया जनवितरण दुकान का निरीक्षण। अरु ग्राम में सेवा महिला मंडल द्वारा संचालित जन वितरण दुकान का औचक निरीक्षण जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्णा द्वारा किया गया। मौके पर डीसी ने आवंटन एवं वितरण सम्बन्धित जानकारी पीडीएस दुकानदार से लिया। साथ ही उन्होंने दुकान में रखे चावल और गेहूं बोरे का गिनती करने का निर्देश दिया। दुकान में 139 चावल की बोरी पाया गया। उन्होंने तत्काल जिले के अधिकारी डीटीओ मनीष कुमार को निर्देश दिया कि हर बिंदु पर सेवा महिला मंडल दुकान की जांच कर रिपोर्ट अग्रसारित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने जन वितरण दुकान के कार्डधारी के लाभुकों से बात कर चावल आपूर्ति की जानकारी लिया। वही मौके पर ही नुसरत खातुन, परिण खातुन, बिपता उराँव, रफीक अन्सारी, नुरेशा खातुन, बेबी खातुन, बिरसी उराइन, कालो उराइन, सफरुद्दीन अन्सारी सहित लगभग 14 कार्डधारीयों से माप तौल के बारे में पूछताछ कर जानकारी लिया गया। कार्डधारीयों ने बताया कि 35 किलो चावल के जगह में 32 किलो राशन मिलता है। या 20 किलो राशन में 19 किलो राशन प्राप्त होता है। साथ ही तो कुछ लोगों ने कहा कि जब से नया ई पौष मशीन आया है। तब से दो-तीन माह से राशन सही मिल रहा है उससे पहले 6 व्यक्ति में 30 किलो राशन में 2 किलो राशन की कटाई की जाती थी। पर्ची मिलने की बात पूछने पर लोगों ने बतलाया की पर्ची नहीं दिया जाता है। साथ ही उपायुक्त द्वारा कार्डधारीयों का राशन कार्ड का भी सत्यापन किया गया। और राशन कार्ड के अनुसार प्रति व्यक्ति 5 किलो राशन की जानकारी लिया गया। तो लोगों द्वारा राशन कटौती या माप तौल के बारे स्पष्ट रूप से उपायुक्त को नहीं बताया गया। वही पर किसी ने कहा कि राशन कुछ कम मिलता है। तो किसी ने कहा ई पोश मशीन से राशन सही तौल कर देता है। उपायुक्त द्वारा राशन दुकान में बोर्ड अच्छी तरह लगाने और प्रतिदिन आवंटन एवं बचत को दर्शाने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने मीडियाकर्मियों को जानकारी देते कहा कि पूरे जिले भर में पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में अगर कही भी किसी दुकान पर गड़बड़ी पाई जाती है। तो निश्चित तौर से उस दुकान पर कार्रवाई किया जाएगा। मौके पर सत्यकाम श्रीवास्तव, पंचायत सचिव रिजवान अख्तर,रोजगार सेवक योगेन्द्र ठाकुर के अलावे कार्डधारी ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

## बढ़ते अपराध व सड़क दुर्घटना को लेकर चलाया गया वाहन जांच अभियान, पांच बाइक जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित जोगना मोड़ के समीप वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार थाना प्रभारी के निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन और आयता खेस द्वारा शास्त्र बल के सहयोग से शुक्रवार को भी लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग में सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित जोगना मोड़ के समीप पुलिस बल के सहयोग से सघन वाहन जाँच अभियान चलाया गया। वाहन जाँच के दौरान बाइक चालकों का हेलमेट, वाहन सम्बन्धित कागज, डिक्की, बैग थैला सहित अन्य चीजो का निरीक्षण किया गया। तथा बाइक चालकों को हेलमेट पहन कर वाहन चलाने का सख्त निर्देश दिया गया। बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने और वाहन का कागज नही रहने पर 5 बाइक को जप्त कर थाना में सुरक्षित रख गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र में लगातार वाहन जाँच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते हुए पकड़े जाने पर या वाहन सम्बन्धित कागज नही रहने पर नियम संगत सख्त कारवाई किया जायेगा। मौके पर स0अ0नि0 पवन सोरेन, आयता खेस दल बल के

## राजभवन घेराव को लेकर राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अडानी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवादी नीति के खिलाफ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आगामी 13 मार्च 2023 को रांची मोराबादी स्थित बापू वाटिका से मार्च करते हुए राजभवन घेराव का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला के कांग्रेसियों को भी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी निमित्त आज दिनांक 11 मार्च 2023 को 10:30 साढ़े दस बजे पूर्वाहन लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आहूत की गई है। इस बैठक मे लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री आशिक अंसारी एवं लोहरदगा विधानसभा के प्रभारी श्री बेलस तिर्की विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे। बैठक के उपरांत इसी मुद्दे को लेकर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रेस वार्ता का भी आयोजन किया गया है। अतः आप सभी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण सभी प्रदेश प्रतिनिधिगण सभी प्रखंड अध्यक्षगण सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्षगण युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं सम्मानित कांग्रेसी जनों से आग्रह है कि उक्त तिथि को निर्धारित समय पर पधार कर बैठक को सफल बनाएं। यह जानकारी कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने दी।

## 13 मार्च को होगा जिला नियोजनालय कार्यालय में भर्ती कैंप का आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय कार्यालय लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में नियोजक कम्पनी शिवम कॉरपोरेट सर्विसेज, चेन्नई, तमिलनाडु भाग लेगी। इसमें प्रोडक्शन ऑपरेटर के 500, क्वालिटी करने हेतु 500, वेल्डर के 100, फिटर के 100, मशीन ऑपरेटर (सीएनसी) के 200, असेम्बली मशीन ऑपरेटर के 200, फैब्रिकेशन मशीन ऑपरेटर के 200 ,प्राइमरी स्कूल टीचर के 100, नर्सिंग के 100 और इलेक्ट्रीकल/ इलेक्ट्रॉनिक के 200 पदों पर भर्ती के लिए यह कैम्प लगाया जा रहा है।अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम योग्यता 10 वीं पास/12वीं पास/ स्नातक/ डिप्लोमा/ आईटीआई/ बीई रखा गया है। अभ्यर्थियों की उम्र 17 से 35 वर्ष होनी चाहिए। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharkhandrojgar.nic.in/ www.ncs.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02 (दो) कॉपी, 04 फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। साक्षात्कार सुबह 10.30 बजे से होगी। कोविड-19 को देखते हुए समाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार,रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है। यह जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने दी।

## डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा सदर अंचल कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को सुबह 11:30 बजे विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना-सह-वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार द्वारा लोहरदगा विधानसभा के लोहरदगा सदर प्रखंड मुख्यालय (अंचल कार्यालय) में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें आमजनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। अतः इस कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस के सभी सम्मानित पदाधिकारी युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, ओबीसी कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवा दल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष, पंचायती राज के निर्वाचित प्रतिनिधि, सभी पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओ, समस्त कांग्रेस जनो सहित सभी सरकार के गठबंधन पार्टी जे एम एम, राजद के सम्मानित पदाधिकारी आप सभी सादर आमंत्रित है। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

## आज कलश यात्रा से मनोकामना मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का होगा शुभारंभ

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केंद्र लोहरदगा के सामने नवनिर्मित भगवान शिव, माँ दुर्गा,और हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस संबंध में मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक साहू ने बताया कि 11 मार्च को सुबह 5:00 बजे भक्तगण मंदिर के पास जमा होंगे और ऑटो रिक्शा से सीठीओ नदी जाएंगे। वहां से जल उठा कर कलश यात्रा करते हुए पुनः मंदिर वापस आएंगे। 12 मार्च को नगर-भ्रमण होगा और 13 मार्च को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत भंडारा का आयोजन किया जाएगा। अशोक कुमार साहू ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से आग्रह किया है कि कलश-यात्रा, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा, भंडारा सहित सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होने की कृपा करें।

## भंडरा प्रखंड में होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड क्षेत्रों में होली का पर्व हर्षोउल्लास के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। भंडरा, चट्टी, आकाशी, भौंरो सहित प्रखंड के सभी गांव में होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दो दिनों हुए त्योहार के दौरान लोगों ने खूब गुलाल उड़ाए। होली गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। होली के मौके पर जगह-जगह लोग रंग गुलाल अबीर लगा एक दूसरे को लगा होली का पर्व मनाया। होली को लेकर प्रखंड क्षेत्रो में लोगो में जबरदस्त उत्साह देखा गया। जबकि बच्चों एवं महिलाओं का उत्साह चरम पर था। होली को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा गस्ती तेज कर दिया गया था।

# सामाजिक कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला पंचायत भवन में लीड्स संस्था के तत्वाधान में सामाजिक कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष रूप से मजदूर निबंधन को लेकर जोर दिया गया। संस्था के कार्यकर्ता कलिंद्र प्रधान ने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं को मनरेगा, राशन कार्ड, पीएम आवास, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, संगठित मजदूर, असंगठित मजदूर और प्रवासी मजदूर से संबंधित जुड़े उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुवात पंचायत की मुखिया मुखिया अनिमा तोपनो द्वारा किया गया। मुखिया ने सामाजिक कार्यकर्ताओं को कहा की गांव के ग्राम सभा बैठक में लोगों को जंगल में आग नही लगाने के लिए प्रेरित करे, साथ ही हरेक गुरुवार को पंचायत में होने वाले रोजगार दिवस में भी उपस्थिति दर्ज कराने और योजनाओं की जानकारी हासिल करने को कहा। मौके पर पंचायत सचिव अमित अशिष डुंगडुंग, उपमुखिया मगदली तोपनो, रोजगार सेवक राम कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# ओड़गा में संदेश एक्का और ओड़गा ओ.पी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने मनाया होली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलड़ेगा :** रंगों का महापर्व होली का त्यौहार, होलिका दहन करने के बाद जुलूस यात्रा में शामिल हुए ओड़गा क्षेत्र के लोगों के साथ पूर्व विधायक एनोस एक्का के सुपुत्र संदेशे एक्का एवं ओड़गा ओ.पी थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं ओड़गा के तमाम सामाजिक कार्यकर्ता साथ में बड़ी धूमधाम के साथ खुशियों की होली के पर्व का मजा लेते हुए गानों भजनों के साथ धूमधाम से होली का पर्व मनाएं। जिसमें तमाम ओड़गा गांव के वासियों ने मुख्य रूप से उपस्थित होकर इस महापर्व का आनंद लिया। झापा ज़िला अध्यक्ष संदेशे एक्का, थाना प्रभारी मनीष कुमार एवं गांव के सामाजिक कार्यकर्ता में रामकृष्ण साहू, नरेश बड़ाईक, शंकर बिंद मनोहर अग्रवाल, शंकर बींद, नीलू महतो, दीपक महतो, जितेंद्र महतो, कमल साहू, सहदेव साहू आदि लोगों ने भरपूर भारी संख्या में होली पर्व को सफल बनाने में सहयोग किए।

## त्योहार होली के दुसरे दिन जनजातीय समुदाय के लोगो ने किया जरजरी सेन्दरा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र कैरो मे त्योहार होली के दुसरे दिन गुरुवार 09 मार्च को जनजातिय समुदाय के द्वारा किया गया जरजरी सेन्दरा का आयोजन। ग्राम कैरो के नव-चयनित पहान सह पुर्व मुखिया वीरेंद्र उराँव ने बताया कि आदिवासी समाज की पुर्व परंपरा के अनुरुप बड़ी संख्या मे समाज के युवक हाथो मे डन्टा लेकर कैरो क्षेत्र के विराजपुर, नगड़ा, चाल्हो आदि जंगल में आदिवासी समुदाय के लोग शिकार की तलाश करते हैं। जो भी वन का शिकार हाथ लगता है जैसे वन मुर्गी, तितिर, खेरहा इत्यादि जो भी शिकार हाथ लगता है, लौटकर आपस मे मिल बैठकर सामुहिक रूप से एक ही जगह भोजन करने की परंपरा पुर्व से चली आ रही है। पहान ने बताया की इस तरह के आयोजनो से समाज के लोगों के बीच आपसी संबंध एक दुसरे के बीच प्रेम सामंजस्य बनी रहती है। मौके पर पाहन वीरेंद्र उरांव, सीताराम उरांव, विजय उरांव, धर्मवीर उरांव, कृष्णा उरांव, जयराम उरांव, शनीचरवा उरांव, जुगल उरांव, मूनु उरांव, पझरा उरांव, विश्वनाथ उरांव इत्यादि लोग जरजरी सेन्दरा मे उपस्थित थे।

## लाठी डंडा से पीटकर की गई दामाद की हत्या, क्षेत्र में दहशत, जांच में जुटी पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में एक युवक की हत्या लाठी डंडे से किए जाने पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों की बीच फैला दहशत का माहौल वही घटना देर रात की बताई जा रही है। घटना का नही हुआ खुलासा। सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र रंकुली में एक युवक की हत्या लाठी डंडे से पीटपीट कर करने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है। कि घटना गुरुवार देर रात की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि मृतक का पहचान रंकुली निवासी सोहन असुर के रूप में किया गया है। वही बताया जाता है। कि सोहन असुर गांव के बिता असुर का दामाद था। जो मुंगो की ओर से रंकुली जा रहा था। उसी दौरान रंकुली नदी के आसपास घटना को अंजाम दिया गया है। सोहन असुर की हत्या के 15 दिन पूर्व उसकी पत्नी का भी देहांत हुआ था। जो बीमारी से होने की बात बताई जा रही है। वही इस घटना को अंजाम देने की पीछे किसका हाथ है। जिसका खुलासा नही हो पाया है। वहीं लोगो के बीच तरह तरह की बातें चल रही। सोहन असुर के हत्या के पीछे आपराधिक या फिर आपसी रंजिश के कारण होने का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना को लेकर सेरेंगदाग थाना पुलिस से संपर्क किए जाने पर बताया गया कि घटना की सूचना प्राप्त हुआ है। परंतु घटना का कारण की खुलासा नही हुआ है। वहीं पुलिस इस घटना को लेकर सूत्रों के मदद से घटना का उतभेदन के लिये साक्ष्य जुटाने की दिशा कार्य कर रही है। साथ ही अतिनक्सल प्रभवित क्षेत्र होने के कारण पुलिस घटना स्थल पर नही पहुंची है।

## सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन आज झारनेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रखण्डों में पेंशन से संबंधित डाटा इंट्री, आधार सीडिंग, पेमेंट सिस्टम आदि का कार्य देख रहे कर्मियों को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, लोहरदगा के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अरूण कुमार सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, लोहरदगा द्वारा सर्वजन पेंशन योजना की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। प्रखण्डों से आये कर्मियों को नये पेंशन लाभुकों से संबंधित डेटा इंट्री, पीएफएमएस सिस्टम, एनएसएपी संबंधी समस्याओं के निराकरण का तरीका बताया गया। आज जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरेंद्र टोप्पो, अनुप कुमार मिंज, प्रकाश कुमार महली, निलय देव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए हर सत्र में उठाते हैं आवाज : विधायक भूषण बाड़ा

➲ खेलो इंडिया 10 कदम के तहत एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** खेलो इंडिया 10 कदम के तहत एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि जबसे हमारी सरकार आई है। तब से हम लोग खेल को बढ़ावा देने के लिए कई कार्य कर रहे हैं। पूर्ववर्ती खिलाड़ियों के लिए पेंशन योजना, प्रशिक्षकों के प्रोत्साहन के लिए प्रोत्साहन राशि, खिलाड़ियों के ट्रेनिंग के लिए प्रत्येक पंचायतों में मैदान निर्माण सहित कई कार्य कर रहे हैं, हर सत्र में मैं खिलाड़ियों के लिए कुछ ना कुछ मांग सरकार के सामने रखता हूं और उसे सरकार पूरा करती है। आप खिलाड़ी अपना मेहनत करते जाएं। किसी भी तरह की समस्या हो आर्थिक या प्रशासनिक स्तर से या किसी भी तरह का मुझे तुरंत फोन करें 24 घंटे आपका विधायक आपकी सेवा के लिए तैयार है। मैं भी पूर्व खिलाड़ी रह चुका हूं इसलिए खिलाड़ियों की समस्याओं को जानता हूं और मेरा प्रयास है कि पूरी भारतीय टीम हमारे सिमडेगा जैसे ग्रामीण इलाके से निकले। प्रतियोगिता में सब जूनियर स्तर की 4 टीम और जूनियर स्तर की चार महिला टीम ने भाग लिया। जूनियर और सब जूनियर दोनों वर्गों में 2-2 मैच खेले गए। जूनियर वर्ग में आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र बरियातू रांची ने एसएस बालिका उच्च विद्यालय सिमडेगा को पराजित किया। वहीं आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा ने आवासीय हॉकी प्रशिक्षण केंद्र लचरागढ़ को पराजित की। तथा सब जूनियर वर्ग में हॉकी क्लब कोरोमियां ने गोंडवाना हॉकी क्लब को तथा आरसी मध्य विद्यालय करनागुड़ी ने संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय टैंसर की टीम को पराजित की। प्रतियोगिता में भारतीय खेल प्राधिकरण के सुरेंद्र सिंह, जगन टोपनो एवं मणिकांत उपस्थित थे। सफल बनाने में हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीश कुमार उपाध्यक्ष सह हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोणबेगी के साथ हॉकी सिमडेगा के सुनील तिर्की पंखरॉसियूस टोप्पो, वेद प्रकाश प्रतिमा बारवा, कमलेश मांझी प्रतिमा तिर्की, करिश्मा परवार, बसंत बा, एल्सन किड़ो, अनु राहुल मिंज, कुनूल भेंगरा करुणा पुट्ट तारिणी कुमारी सुभिला मिंज,, विमला सोरेन, टिंटू स बड़ा, अनुज बेसरा, सुमित बरवा आदि का योगदान रहा।मौके पर विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

# हक और अधिकार के लिए एकजुट हों महिलाएं : जोसिमा खाखा

## पकड़टांड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का हुआ अयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जेएसएलपीएस के तत्वावधान में पकड़टांड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का अयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान जोसिमा खाखा ने प्रखंड में उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने महिलाओं को एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा और राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करना प्रारंभ कर दिया है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर काफी गंभीर है। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष जोर दे रही है। इसी कड़ी में आजीविका संवर्धन हुनर अभियान, फूलो- झानो आशीर्वाद अभियान, सुकन्या समृद्धि योजना, पलाश ब्रांड जैसी कई योजनाएं धरातल में उतारी गई है। महिलाएं जागरूक हो और योजना का लाभ उठाएं। सरकार ने पलाश मार्ट शुरू किया है। जिसका संचालन का जिम्मा जेएसएलपीएस से जुड़ी महिलाओं को दिया है। यह झारखंड सरकार का ब्रांड है जो भी उत्पाद इस ब्रांड के अंतर्गत रखी जायेगी अथवा बेची जायेगी वह पलाश के नाम से बिकेगा। झारखंड में अब कोई भी महिला सड़क पर हड़िया- दारु बेचती नहीं दिखेगी। सड़क किनारे हड़िया दारू बिक्री करने वाली महिलाएं भी अब काफी कम दिखाई देती है। इसके लिए हमारी सरकार ने भी पहल किया है। मौके पर प्रमुख रजत लकड़ा, मुखिया बिनिता खाखा, मुखिया रेखा तिग्गा, ज्योति प्रकाश कुल्लू, पंसस प्रतिमा कूजुर, जेएसएलपीएस बीपीएम अरुण महतो, रुक्मणि देवी, मगरेट कुल्लू, बिमला देवी, शशिकला कीड़ो, कलावती देवी, पुष्पा केरकेट्टा, बिन्दुमती कीड़ो, ललिता देवी, अल्बिना केरकेट्टा, सुषमा केरकेट्टा, सामुएल निरोध मड़की, विवेकानंद भगत आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### रामनवमी महोत्सवः मंगलवारी शोभायात्रा 14, 21 और 28 मार्च को

**रांची** : रांची में रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर सूरज संगम रांची की बैठक शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मंगलवारी शोभायात्रा 14, 21 और 28 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मंगलवारी शोभायात्रा श्री हनुमान मंदिर महावीर चौक जाएगा। साथ ही श्री रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

### महिला कर्मचारियों ने सीखा आत्मरक्षा के गुर

**रांची।** हटिया रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (योजना) श्रेया सिंह की मुख्य उपस्थिति में महिला कर्मचारियों के लिए आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल के सभी विभागों की महिला कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।कार्यशाला के दौरान जे.के.डी ग्रुप के सदस्यों द्वारा मार्शल आर्ट्स के माध्यम से उपस्थित महिला कर्मचारियों को विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा हेतु आत्मरक्षा के गुर बताए गये। कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं में आत्मरक्षा के उपाए बताकर उनके आत्मविश्वास बढ़ाना था। वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (योजना) श्रेया सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की महिलाओं के लिए आत्मरक्षा के गुर जानना बहुत ही आवश्यक है। इसे स्वयं भी सीखना चाहिए तथा अपने परिवार एवं आस पास की महिलाओं को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

### द क्यू टीवी पर शुरू हुए बालवीर को मिल रहा दर्शकों का भरपूर प्यार

**रांची।** फेंटेसी टेलीविजन शो बालवीर इन दिनों फिर सुर्खियों में है। डीडी फ्री डिश पर मौजूद द क्यू टीवी पर अपनी वापसी के साथ, बालवीर एक बार फिर दर्शकों को टीवी सेट्स से चिपके रहने पर मजबूर कर रहा है। द क्यू टीवी पर 26 फरवरी से शुरू हुए, सात परियों की अद्भुत शक्तियों से भरपूर, देश के एकलौते चाइल्ड सुपरहीरो बालवीर की कहानी, अपने दिलचस्प किरदारों, बेहतरीन स्टोरी लाइन व सुपरहिट एक्शन से बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी मनोरंजित कर रही है। इस बारे में बात करते हुए क्यू टीवी के प्रोग्रामिंग हेड आशुतोष बर्वे ने कहा, ॠक्यू टीवी पर अपने दर्शकों के लिए बालवीर को लाने पर हम बेहद उत्साहित हैं। बालवीर देश के सबसे प्यारे चाइल्ड सुपरहीरो हैं। प्रत्येक एपिसोड में सुपर रोमांच, दमदार एक्शन, कॉमेडी, स्पेशल इफेक्ट्स और इमोशन मौजूद है। कुल मिलाकर इस शो में वह सब कुछ है जो दर्शकों को पसंद आता है।

### पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी रणधीर सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**रांची।** कीनन स्टेडियम जमशेदपुर में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी रणधीर सिंह के अकास्मिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।इस श्रद्धांजलि सभा में जेएससीए के कोषाध्यक्ष राजीव बधान, कार्यकारणी सदस्य उमा महेश्वर राव, पूर्व सचिव राजेश वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष पी एस सेन , आजीवन सदस्य मनोज यादव,तरित कांति घोष, अभिषेक कुमार सिंह,एस जयराम, सोमनाथ झा, दीपक कुमार,बी रामाराव एवं जेएससीए कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भौतिक सत्यापन नहीं होने के कारण स्थगित हुआ रिम्स का बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में आज गवर्निंग बॉडी की 55वीं बैठक शुक्रवार को होना था। बैठक की अध्यक्षता करने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पहुंचे थे।इस बैठक में स्वास्थ्य सचिव अरूण कुमार सिंह, रिम्स के निदेशक कामेश्वर प्रसाद, अधीक्षक हीरेन बिरुवा, रांची सांसद संजय सेठ, कांके के विधायक समरी लाल व रिम्स के अधिकारी आदि मौजूद थे। बैठक शुरू होते ही सांसद और विधायक ने रिम्स का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होने की मांग रख दी । सांसद और विधायक की भौतिक सत्यापन की मांगों का समर्थन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बैठक को अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल ने रिम्स के अधिकारियों के साथ ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि हॉस्पिटल में मरीज की बेड पर चादर नहीं है। मरीजों ने पूछताछ में मंत्री को बताया कि सभी तरह की जांच बाहर से कराने को कहा जाता है। यह शिकायत सुन कर नाराजगी जाहिर करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल ट्रामा सेंटर के सीएमओ को सस्पेंड करने का आदेश दिया।

# 13 मार्च को राजभवन का घेराव करेगा कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में आगामी 13 मार्च को अडानी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद (क्रोनी कैपिटलिज्म) की नीति के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन के तहत राजभवन घेराव की तैयारी को लेकर कार्यकारी अध्यक्षों एवं जिलाध्यक्षों की वर्चुअल बैठक सम्पन्न हुई द्यबैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भ्रष्ट यार-बचाए सरकार आज पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से त्रस्त है । उन्होंने कहा की गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयें की करोड़ो की बचत जोखिम में है। बैठक का संचालन झारखंड प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी गजेंद्र सिंह ने किया।

# आईपीयू के अधिवेशन में भाग लेने के लिए बहरीन रवाना हुए सांसद वीडी राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सांसद विष्णु दयाल राम अंतर-संसदीय संघ के मनामा,बहरीन में 11 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित 146वीं अधिवेशन में भाग लेने के लिए 10 मार्च को बहरीन के लिए रवाना हुए। बहरीन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडल अधिवेशन में भाग ले रहे है। इसके पूर्व में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सांसद को 142वीं, 143वीं, 144वीं एवं 145वीं अधिवेशन के लिए नामित किया गया था। वर्ष 2021 अप्रैल माह में 142वीं अधिवेशन कोविड-19 के कारण वर्चुली मीटिंग हुयी थी जिसमें भाग लिया था, नवंबर 2021 स्पेन में 143वीं, मार्च 2022 बाली इंडोनेशिया में 144वीं एवं अक्टूबर 2022 रवांडा अफ्रीका में 145वीं अधिवेशन में भाग ले चुके हैं। मनामा बहरीन में आयोजित 146वीं अधिवेशन में सतत् विकास पर अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) स्थायी समिति जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) संप्रभु देशों की सांसदों का अंतरराष्ट्रीय संगठन है। आईपीयू की स्थापना वर्ष 1889 में की गयी थी जिसका उद्देश्य विश्वव्यापी संसदीय परिचर्चा के लिए तथा लोगों के बीच शांति सहयोग और प्रतिनिधिक लोकतंत्र की ठोस स्थापना के लिए कार्य करना। आईपीयू के लगभग 160 देशों के संसद सदस्य हैं जो भिन्न-भिन्न विचारधाराओं, आर्थिक और सामाजिक पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करते है। आईपीयू उन क्षेत्रीय अंतर संसदीय संगठनों तथा अंतरराष्ट्रीय अंतर सरकारी और गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से भी कार्य करता है, जो सामान विचारधाराओं द्वारा अभीप्रेरित है। आईपीयू का अधिवेशन वर्ष में दो बार मार्च-अप्रैल एवं अक्टूबर-नवंबर माह में आयोजित किया जाता है जिनमें वर्तमान अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

# पांकी के हुरलोंग मे हुई चंद्रवंशी समाज की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी के ग्राम हुरलोंग मे चंद्रवंशी समाज की बैठक कुलदीप चंद्रवंशी के यहाँ हुई। जिसमे समाज को आर्थिक, समाजिक,राजनैतिक एवं सैक्षणिक रूप से समाज आगे कैसे बड़े इस पर विशेष चर्चा हुआ। समाज के सभी लोगों ने आपसी एकता और शिक्षा पर जोर दिया। सभी ने सामूहिक रूप से अपने समाज के प्रति निष्ठा के साथ आपसी सहयोग करने की शपथ लिया। समाज कोष मे जमा राशी का लेखा जोखा सब के सामने जारी किया गया एवं एक प्रस्ताव यह भी पास हुआ कि समाज के किन्ही लोगों को अगर दुर्घटना के तहत कुछ नुकशान होता है तो समाजिक राशी से तत्काल उसे मदद किया जायेगा। पहले से भी समाज शादी विवाह या दुःखद घटना पे समाज के पैसे से सहयोग राशी देते आ रहा है। मौके पर बीरेंद्र कुमार वर्मा, श्रवण चन्द्रवंशी, संतोष चन्द्रवंशी, पिंटू वर्मा, योगेंद्र चंदवंशी, राजेश चन्द्रवंशी, मनोज चन्द्रवंशी, मखन चंद्रवंशी, अनूप कुमार, इंद्रदेव चन्द्रवसी, ललन चन्द्रवसी, पवन कुमार, रामु वर्मा, अर्जुन चन्द्रवशी, जीतेन्द्र चन्द्रवाशी, मोनू, अंशु, सुजीत, भोला, बॉबी, बिनोद चन्द्रवंशी मौजूद थे।

# आयुष्मान भारत योजना दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य तंत्र : उपराष्ट्रपति

**उपराष्ट्रपति शुक्रवार को स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन 2023 पर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** उपराष्टपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि आयुष्मान भारत दुनिया का सबसे बड़ा, सबसे पारदर्शी और प्रभावशाली स्वास्थ्य तंत्र है जो देश के 1.4 बिलियन लोगों को लाभ पहुंचा रहा है और इसकी किफायती दरों ने एक सर्वसुलभ प्रणाली विकसित की है। आयुष्मान भारत के कारण हमारे देश में कई पैरामेडिकल सेंटर, डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग कॉलेज, क्लीनिकों आदि का विकास हुआ है और यह तंत्र आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। उपराष्टपति शुक्रवार को स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी आकलन 2023 पर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित द्वितीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत ने कोरोना से निपटने में दुनिया के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।तमाम चुनौतियों के बाद भी भारत ने कोविड का टीका बनाया, और 220 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया और इसकी डिजिटल मैपिंग भी की। वैक्सीन मैत्री के माध्यम से भारत दूसरे देशों की भी सहायता कर रहा था जोकि हमारे युगों पुराने आदर्शो को दर्शाता है। उपराष्टपति ने कहा कि देश में 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र स्थापित किए गए हैं। जो उद्यमियों और कुशल मानव संसाधन के लिए बड़े अवसर पैदा कर रहे है। साथ ही अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिए भी गेम चेंजर साबित हो रहे हैं। आम आदमी तक सस्ती दरों पर जेनेरिक दवाएं पहुंचाने के लिए देश भर में 9000 से अधिक जन औषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारा उद्देश्य प्रतिस्पर्धा के माध्यम से नहीं बल्कि समन्वय, सहयोग या सहयोग के माध्यम से विकसित देश बनना है। स्वास्थ्य क्षेत्र में हितधारकों के बीच इसी तरह के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि हम न केवल देश को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें।

### सर्वजन पेंशन योजना के शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति के लिए किया जायेगा सर्वेक्षणःउपायुक्त

**रांची** : रांची जिले में योग्य व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना का शत प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति करने के लिए सभी प्रखंड-अंचल क्षेत्र में सर्वेक्षण किया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को जिला के सुयोग्य लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना का लाभ देने के लिए सभी बीएलओ पयर्वेक्षक एवं सभी बूथ लेवल पदाधिकारियों को अपने बूथ( मतदान केन्द्र )के तहत सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया है। बीएलओ पयर्वेक्षक एवं सभी बूथ लेवल पदाधिकारियों को सर्वजन पेंशन योजना का आवेदन प्रपत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया है। सर्वेक्षण के माध्यम से छूटे हुए आवेदकों एवं सुयोग्य व्यक्तियों को सर्वजन पेंशन योजना से आच्छादित किया जाना है। उपायुक्त ने जिला के संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी (शहरी क्षेत्र), बीएलओ को पर्याप्त मात्रा में प्रपत्र उपलब्ध कराने को कहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के सामने उठाया हिन्दू मंदिरों पर हमले का मुद्दा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री से आज द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हिन्दू मंदिरों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान कहा कि भारत के लोगों की भावनाओं और चिंताओं से उन्हें अवगत कराया है। यह आश्वासन दिया गया है कि भारतीयों की सुरक्षा को ऑस्ट्रेलिया विशेष प्राथमिकता देता है।ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। शुक्रवार को उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय व प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री ने हिन्दू मंदिरों पर हमले के मुद्दे पर हुई चर्चा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह खेद का विषय है कि पिछले कुछ हफ्तों से ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमलों की खबरें नियमित रूप से आ रही हैं। आगे मोदी ने कहा कि स्वाभाविक है कि ऐसे समाचार भारत में सभी लोगों को चिंतित करते हैं, हमारे मन को व्यथित करते हैं। हमारी इन भावनाओं और चिंताओं को मैंने प्रधानमंत्री एल्बनीसि के समक्ष रखा और उन्होंने मुझे आश्वस्त किया है कि भारतीय समुदाय की सुरक्षा उनके लिए विशेष प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया की साझेदारी विश्व चुनौतियों और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। सुरक्षा सहयोग हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। आज हमारे बीच इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मैरीटाइम सिक्योरिटी और आपसी रक्षा व सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। सुरक्षा एजेंसियों के बीच भी नियमित और उपयोगी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता है। हमने इसे अधिक सुदृढ़ करने पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि पिछले साल लागू हुए व्यापार समझौते- ईसीटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के बेहतर अवसर खुले हैं। हमारी टीमें व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर भी काम कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि मई में क्वाड देशों की बैठक में शामिल होने प्रधानमंत्री ऑस्ट्रेलिया जायेंगे।

# रांची में 26 मार्च को कोल इंडिया करायेगा मैराथन दौड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) की ओर से 26 मार्च को कोल इंडिया लिमिटेड के बैनर तले रांची में कोल मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में पुरुषों और महिलाओं के लिए दौड़ की चार श्रेणियां तय की गई हैं। इसमें पूर्ण मैराथन, हाफ मैराथन, 10 किमी और पांच किमी की दौड़ शामिल हैं। पूर्ण मैराथन 42.195 कि.मी. का होगा जबकि हाफ मैराथन 21.098 किमी का। कार्यक्रम के लिए कैंडिडेट को पंजीकरण कराना होगा। इसके लिए शुल्क भी देने होंगे। फुल मैराथन के लिए 1000 रु, हाफ मैराथन के लिए 750 रु, 10 किमी के लिए 300 रुपये और 05 किमी के लिए 100 रुपये देने होंगे।

**ऐसे करना होगा रजिस्ट्रेशन**

https://www.centralcoalfields.in/ccl_marathon पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यहां नाम, पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी देकर रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन के दौरान महिला और पुरुष को अलग-अलग कैटेगरी चुनना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए फीस भी देनी होगी। 42 किमी के फुल मैराथन के लिए एक हजार रुपये और हाफ मैराथन के लिए 750 रुपये देने होंगे। इसके अतिरिक्त 10 किमी के लिए 300 रुपये और 05 किमी के लिए 100 रुपये देने होंगे। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 24 मार्च है।

**कैटेगरी के अनुसार मिलेगा पुरस्कारः** फुल मैराथन के लिए पहला पुरस्कार तीन लाख रुपये, दूसरा पुरस्कार दो लाख, तीसरा एक लाख रुपये, चौथा पुरस्कार 60 हजार रुपये, पांचवां पुरस्कार 40 हजार रुपये, छठा 30 हजार रुपये और सातवां पुरस्कार 20 हजार रुपये का होगा। -हाफ मैराथन के लिए पहला पुरस्कार दो लाख रुपये, दूसरा पुरस्कार एक लाख रुपये, तीसरा पुरस्कार 50 हजार रुपये, चौथा 40 हजार रुपये, पांचवां 30 हजार रुपये, छठा 20 हजार रुपये और सातवां 10 हजार रुपये का होगा। 10 किमी की दौड़ के लिए पहला पुरस्कार 1 लाख, दूसरा पुरस्कार 70 हजार रुपये, तीसरा पुरस्कार 50 हजार रुपये, चौथा पुरस्कार 25 हजार रुपये, पांचवां पुरस्कार 20 हजार रुपये, छठा पुरस्कार 10 हजार रुपये और सातवां 10 हजार रुपये का होगा। सभी श्रेणी का पुरस्कार कुल लगभग 30 लाख रुपये का होगा। सीसीएल की ओर से पूरा शेड्यूल जारी किया गया है। इसमें हर दौड़ का समय तय किया गया है। फुल मैराथन के लिए चार घंटे 30 मिनट, हाफ मैराथन के लिए तीन घंटे 30 मिनट, 10 किमी दौड़ के लिए दो घंटे और पांच किमी दौड़ के लिए एक घंटा समय तय किया गया है।

### मैट्रिक-इंटर के सभी बोर्ड के टॉपर्स को राज्य सरकार देगी प्रोत्साहन राशि

# 68 विद्यार्थियों को दिया जाएगा प्रोत्साहन राशि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : राज्य सरकार मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित और सम्मानित करेगी। ये बच्चे किसी भी बोर्ड के हो सकते हैं। उन्हें इसी महीने से प्रोत्साहन राशि, लैपटॉप और मोबाइल दि या जाएगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इसकी तैयारियों में जुट गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से सहमति मिलते ही सम्मान समारोह के तारीखों की घोषणा कर दी जाएगी। लेकिन टॉपर्स को इसी महीने से सम्मानित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसइ बोर्ड से मैट्रिक और इंटर के टॉपर को सम्मानित किया जाएगा। इसकी एक सूची तैयार की गयी है। इस सूची के मुताबिक 68 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि, लैपटॉप और मोबाइल दिया जाएगा। विभिन्न बोर्ड के टॉप थ्री होंगे सम्मानित झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसई के तीन टॉपर्स को सरकार सम्मानित करेगी। इन्हें नगद राशि के साथ-साथ 60 हजार का लैपटॉप और 20 हजार का स्मार्ट फोन भी दिया जाएगा। स्टेट टॉपर को तीन लाख रुपए, सेकेंड टॉपर को दो लाख रुपए और थर्ड टॉपर को एक लाख रुपए मिलेंगे। टॉपर्स को नगद राशि देने की योजना राज्य सरकार ने 2020 से शुरू की थी राज्य सरकार ने टॉपर्स को नगद राशि देने की योजना 2020 से शुरू की थी। 2020 में हुई 10वीं-12वीं की परीक्षा के टॉपर्स को नगद राशि दी गई थी, लेकिन 2021 के टॉपर्स को यह सम्मान नहीं मिल सका। अब सरकार 2022 के टॉपर्स को सम्मानित करने जा रही है।

#### इन्हें सरकार करेगी सम्मानित

**जैक 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर्स** : अभिजीत शर्मा, तनू कुमारी, तानिया शाह, रिया कुमारी, निशा वर्मा, निशू कुमारी ।

**सेकेंट टॉपर** : राहुल रंजन तिवारी, श्वेता कुमारी गुप्ता ।

**थर्ड टॉपर** : शिवम कुमार, रिना कुमारी, खुशी कुमारी, विशाल कुमार शर्मा, अभिजीत कुमार, मनीषा कुमारी।

**जैक 12वीं के टॉपर्स आर्ट्स** : मानसी शाह (पहला), रोहित कच्छप (दूसरा), अंचल (तीसरा) ।

**साइंस** : प्रिया कुमारी (पहला), प्रिया कुमारी (दूसरा), जूही परवीन (तीसरा) ।

**कॉमर्स** : निक्की कुमारी (पहला), श्रेया पांडेय (दूसरा), नूसरत जहां, संजना प्रमाणिक, प्रगति सुसांग (तीसरा स्थान) ।

**आईसीएसई 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर** : वेद राज, सुलगना बास्के ।

**सेकेंड टॉपर** : मानव दालमिया, सुरभी **थर्ड टॉपर** : ॠष्टि सिंह, इसिका गुप्ता, श्रेयोसी नंदी।

**आईसीएसई 12वीं के टॉपर्स आर्ट्स** : आस्था सिंह (पहला), अपाला (दूसरा), तुलिका सिंह।

**(तीसरा) साइंस** : स्वास्तिक भद्र और हिमानी दास (पहला), स्तुति दास (दूसरा), हर्ष ननरा, सुदिति मंडल, अर्नब शाह, अक्षत राज दुबे (तीसरा) ।

**कॉमर्स** : दिव्यांशु मिश्रा, वंशिका (पहला), खुशी मुंद्रा और अरको मुखोपाध्याय (दूसरा), पूजा केजरीवाल और वैष्णवी अग्रवाल (तीसरा) ।

**सीबीएसई 10वीं के टॉपर्स स्टेट टॉपर** : अथर्व सिंह ।

**सेकेंड टॉपर** : शाहीन परवीन, श्रेया सुमन, दिव्यांशु गौरव, देवनाश व्रत, आदित्य कुमार शर्मा ।

**थर्ड टॉपर** : प्रभात नायक, ॠष्टि आनंद, दीक्षा शर्मा ।

**सीबीएसई 12वीं के टॉपर्स आर्ट्स** : शकीब अर्सलान (पहला), हर्ष प्रियम (दूसरा), आध्या गुप्ता (तीसरा) ।**साइंस** : कशिश अग्रवाल (पहला), आयूष राज, तनिशा अग्रवाल, अक्षय दत्ता (दूसरा), रितिशा रंजन (तीसरा)। **कॉमर्स** : स्मृति गोयल (पहला), रीत कशेरा (दूसरा), नेहा भगत (तीसरा)।